

■ रूसी तेल पर अमेरिकी छूट खत्म जेब पर बढ़ेगा दबाव - 10



■ द्विपक्षीय बातचीत से समुद्री मार्ग से कच्चे तेल की आपूर्ति में सुधार संभव : मूडीज - 10



■ ब्रिटेन : आखिर केअर स्टॉर्मर पद छोड़ने को तैयार - 11



■ विराट कोहली की धमाकेदार पारी से जीत के साथ बेंगलुरु ने किया प्लेऑफ में क्वालीफाई - 12

आज का मौसम
41.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.21
सूर्यास्त 06.57


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया 05:53 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

सोमवार, 18 मई 2026, वर्ष 7, अंक 173, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## 20,000 टन एलपीजी भारत पहुंची



**कांडला (गुजरात)।** पश्चिम एशिया संकट के बीच कतर से 20,000 टन एलपीजी लेकर चला एक जहाज होर्मुज पार कर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण पहुंच गया है। मार्शल आइलैंड के ध्वज वाला पोत 'एमवी सिमी' कतर से रवाना हुआ था जिसने 13 मई को होर्मुज पार किया था। मार्च की शुरुआत से अबतक 13 भारतीय ध्वज वाले पोत होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। इनमें 12 एलपीजी टैंकर और एक कच्चा तेल ले जाने वाला पोत शामिल है।

# बच्चों से श्रमदान कराने पर शिक्षकों को दंड नहीं, सम्मान दें : योगी

- मुख्यमंत्री ने 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों को बढ़ा मानदेय देते वक्त कही नई बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि स्कूलों में यदि बच्चे श्रमदान करते दिखाई दें तो उसे नकारात्मक रूप में प्रस्तुत न किया जाए। मीडिया में ऐसे मामले वायरल होने पर कार्रवाई से मना करते हुए कहा कि बच्चों को छुई-मुई न बनाएं, उन्हें मजबूत, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा परिषद को निर्देश दिए कि ऐसे शिक्षकों को दंडित करने के बजाय सम्मानित करें।

मुख्यमंत्री रविवार को लोकभवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह एवं बढ़े हुए मानदेय के चेक वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और अनुदेशकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की छिपी प्रतिभा को पहचानें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को दबाने की नहीं, बल्कि प्रेरित करने और सही दिशा दिखाने की जरूरत है। आत्म अनुशासन, समय पालन, स्वच्छता और संस्कार शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2011-12 से लेकर 2022 तक अनुदेशकों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई थी। वर्ष 2019 में अनुदेशक महासंघ के साथ बैठक में उन्होंने स्वयं प्रस्ताव मांगा था, लेकिन चुनाव अधिसूचना के कारण निर्णय नहीं हो सका। वर्ष 2022 में सरकार ने 2 हजार रुपये की वृद्धि की, लेकिन सरकार स्वयं भी इससे संतुष्ट नहीं थी।

लंबे समय से चली आ रही मांगों को स्वीकार करते हुए सरकार ने अब अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। साथ ही उन्हें और उनके परिवारों को 5 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अनुदेशक बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा तैयार पोर्टल पर तत्काल पंजीकरण कराएं ताकि अगले सप्ताह समारोहपूर्वक स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा सकें।



लखनऊ : कार्यक्रम में चयनित महिला को प्रतीकात्मक चेक देते मुख्यमंत्री योगी।

### 20 हजार नए शिक्षक व अनुदेशक होंगे भर्ती

योगी ने बेसिक शिक्षा परिषद की कायाकल्प यात्रा को और मजबूत बनाने के लिए 20 हजार नए शिक्षक और अनुदेशकों की नियुक्ति का एलान किया। उन्होंने बताया कि 10 हजार नए शिक्षकों का अधियाचन शिक्षा सेवा चयन आयोग को भेजा जा चुका है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नए अनुदेशकों की नियुक्ति भी की जाएगी, जिससे छात्र-शिक्षक अनुपात बेहतर होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### केरल: सतीशन आज लेंगे सीएम पद की शपथ

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के नामित मुख्यमंत्री सतीशन ने उनके मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सदस्यों के नामों की घोषणा रविवार को की। सतीशन और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य सोमवार को शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन के नेताओं के साथ चर्चा के बाद मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप दिया गया है और इस दौरान गठबंधन के भीतर सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखा गया है। सतीशन ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं रमेश चेन्निथला, के मुरलीधरन और सनी जोसेफ को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा।



(संबंधित राष्ट्रीय पेज पर)

### सीएनजी अब एक रुपए और महंगी

**नई दिल्ली।** वाहन ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली सीएनजी की कीमतों में रविवार को एक रुपये प्रति किलोग्राम की और बढ़ोतरी की गई। एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) के दाम बढ़ाए गए हैं। देश की प्रमुख शहर गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल) ने सीएनजी की कीमतों में एक रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई दरें लागू होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीएनजी की कीमत बढ़कर 80 .09 रुपये प्रति किलो हो गई है।

# भारत-नीदरलैंड के बीच रणनीतिक साझेदारी, 17 समझौतों पर हस्ताक्षर

## रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

- प्रधानमंत्री मोदी व उनके समकक्ष जेटेन ने होर्मुज पर की चर्चा

हेग, एजेंसी

वैश्विक भू-राजनीति में बदलावों के बीच भारत और नीदरलैंड ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नीदरलैंड के उनके समकक्ष रॉब जेटेन के बीच हुई वार्ता के दौरान रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

शनिवार शाम हुई बैठक के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति, विशेष रूप से क्षेत्र और व्यापक विश्व पर इसके गंभीर प्रभावों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की क्योंकि इसके कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार नेटवर्क में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। संयुक्त बयान के अनुसार, मोदी और जेटेन ने होर्मुज से स्वतंत्र नौवहन और वैश्विक वाणिज्यिक जहाजों के आवागमन का आह्वान किया। साथ ही यूक्रेन स्थिति पर भी चर्चा की। दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने से लेकर जल संसाधन, सेमीकंडक्टर, नवाचार, रक्षा, स्थिरता और गतिशीलता में सहयोग का विस्तार करने तक, हमने भविष्य के लिए एक महत्वाकांक्षी खाका तैयार किया है। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री जेटेन ने शिफोल हवाई अड्डे पर पहुंचकर प्रधानमंत्री को विदा किया। मोदी स्वीडन के लिए रवाना हो गए।



नीदरलैंड में अपने समकक्ष रॉब जेटेन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### हरित हाइड्रोजन को लेकर तैयार की रूपरेखा

दोनों नेताओं ने हरित हाइड्रोजन के विकास पर भारत-नीदरलैंड ने रूपरेखा तैयार की। मोदी और जेटेन ने रक्षा उपकरणों, रक्षा प्रणालियों, कलपुर्जों और अन्य प्रमुख क्षमताओं का संयुक्त निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संयुक्त उद्यमों की स्थापना के माध्यम से एक रक्षा औद्योगिक रूपरेखा स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगाने पर भी सहमति व्यक्त की।

### स्वीडन में प्रधानमंत्री को मिला सर्वोच्च सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार' से सम्मानित

**गोथेनबर्ग।** प्रधानमंत्री मोदी को रविवार को स्वीडन के प्रतिष्ठित सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार' से सम्मानित किया गया। यह स्वीडन द्वारा किसी राष्ट्राध्यक्ष को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार प्रधानमंत्री मोदी को मिला 31वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यहां मिला सम्मान यह न केवल मेरा, बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों का भी सम्मान है। गोथेनबर्ग में आयोजित एक विशेष समारोह में स्वीडन की क्राउन प्रिंसेज विक्टोरिया ने मोदी को यह सम्मान दिया, जो स्वीडन के सबसे पुराने व सबसे प्रतिष्ठित सम्मान में से एक है, जिसकी शुरुआत 18वीं शताब्दी में की गई थी।



### अपने स्वीडिश समकक्ष क्रिस्टर्सन से बातचीत की

**गोथेनबर्ग (स्वीडन)।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने स्वीडिश समकक्ष उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित व्यापक वार्ता की। स्वीडिश प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन ने दो-दिवसीय दौरे पर स्वीडन पहुंचे मोदी की गोथेनबर्ग हवाई अड्डे पर विशेष आगवानी की। मोदी इससे पूर्व 2018 में पहले भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए स्वीडन आए थे। दोनों पक्षों ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और पारस्परिक व्यापार को बढ़ाने के लिए सहयोग के नये रास्ते तलाशे।

# नए मंत्रियों को मिले विभाग, भूपेन्द्र चौधरी को एमएसएमई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राकेश सचान के पास अब खादी ग्राम उद्योग और रेशम विभाग

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों के विभागों का आवंटन कर दिया है। जारी सूची के अनुसार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले यह विभाग राकेश सचान के पास था। अब वह सिर्फ खादी ग्राम उद्योग और रेशम विभाग देखेंगे।

इसके अलावा मनोज पाण्डेय को खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग दिया गया है। अजीत सिंह पाल को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सौंपा गया है। वहीं सोमेन्द्र तोमर को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में राजनैतिक पेंशन, सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की जिम्मेदारी मिली है। कृष्णा पासवान को पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग दिया गया है, जबकि कैलाश सिंह राजपूत को ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग सौंपा गया है। सुरेन्द्र दिलेर को राजस्व विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। हंस राज विश्वकर्मा को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग में राज्य मंत्री बनाया गया है।

मंत्रियों को विभाग आवंटित होने के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि सरकार ने संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए विभागों का बंटवारा किया है। जिन विभागों का आवंटन हुआ है उनके कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री के पास अन्य भागों की भी जिम्मेदारी थी इसलिए कोई बड़ा फेरबदल नहीं करना पड़ा जैसी संभावना ही जताई जा रही थी कि कई कैबिनेट मंत्रियों की विभाग बदल जाएंगे कुछ लोगों को बड़े भाग मिल सकते हैं लेकिन यह बातें सिर्फ अटकलों तक ही सीमित रही।

# रतलाम में राजधानी एक्सप्रेस में भीषण आग, सभी सुरक्षित





मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के एसी कोच में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

रतलाम/कोटा, एजेंसी

- दुर्घटना स्थल पर मदद को जा रही रेलवे की वैन पलटी, पांच लोग घायल
- 15 मिनट में सभी यात्रियों को बाहर निकाला, सात घंटे तक ट्रैक बाधित

मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में तिरुवनंतपुरम से नई दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार सुबह आग लग गई, जिससे दो डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए और कई घंटों तक मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन मरम्मत और अन्य उपकरण लेकर घटनास्थल पर जा रही एक वैन बाद में पलट गई, जिससे रेलवे के पांच कर्मचारी घायल हो गए।

इस घटना में ओवरहेड उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने के कारण मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग पर 10 से अधिक ट्रेनों का समय प्रभावित हुआ है। बाद में सात घंटे से अधिक समय के बाद रेल यातायात बहाल कर दिया गया, जबकि आग लगने के कारणों की जांच चल रही है। ट्रेन के जिस एसी डिब्बे में आग लगी थी, उसमें 68 यात्री सवार थे और आग लगने के 15 मिनट के भीतर डिब्बे को खाली करा लिया गया। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के बी-1 डिब्बे में सुबह पांच बजकर 15 मिनट पर आग लगी थी।

### रेलवे ने जांच के आदेश दिए

रेलवे प्रशासन ने दोनों घटनाओं की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों और वैन के पलटने की वजहों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है। तकनीकी टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया है ताकि स्थिति को जल्द सामान्य किया जा सके। इस दोहरी घटना के कारण रेलवे नेटवर्क पर दबाव बढ़ गया और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

## अमेरिका ने ईरान के समक्ष नया 5 सूत्रीय प्रस्ताव रखा

**तेहरान।** अमेरिका ने ईरान के साथ जारी तनाव को कम करने और बातचीत को फिर से शुरू करने के लिए तेहरान के सामने एक नया पांच-सूत्री प्रस्ताव पेश किया है।

अमेरिका की इन शर्तों में ईरान द्वारा युद्ध के हर्जाने की मांग छोड़ना, 400 किलोग्राम समृद्ध यूरेनियम अमेरिका को सौंपना और अपनी परमाणु अवसंरचनाओं पर कड़े प्रतिबंध स्वीकार करना शामिल है। ईरान को केवल एक परमाणु केंद्र के संचालन की ही अनुमति होगी। अमेरिका ने ईरान की उस मांग को भी खारिज कर दिया है जिसमें उसने अपनी जब्त विदेशी संपत्तियों में से 25 प्रतिशत को तत्काल 'अनफ्रीज' (प्रतिबंध हटाना) करने का अनुरोध किया था।

# डीएलएड छात्रा का कातिल बॉयफ्रेंड गिरफ्तार

संवाददाता, बरेली/ सीबीगंज

**अमृत विचारः** डीएलएड स्टूडेंट नीतू गंगवार की हत्या कर फरार हुए उसके बॉयफ्रेंड अशोक गंगवार को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। घेराबंदी के दौरान उसने पुलिस पर गोली चलाकर भागने की कोशिश की। एनकाउंटर में उसके पैर में गोली लगी है। सोशल मीडिया पर छात्रा की दूसरों से दोस्ती से कुपित होकर उसने गला दबाकर हत्या कर दी थी और शव सीबीगंज क्षेत्र में हाईवे के पास फेंक दिया था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी अशोक गंगवार रामपुर में थाना कैमरी क्षेत्र के गांव लखीमपुर भिका का निवासी है। शीशगढ़ के गांव मानपुर निवासी नीतू के पिता सोमपाल गंगवार कॉलेज संचालक हैं। वहां प्रवेश के लिए आने-जाने के दौरान कुछ साल पहले अशोक की छात्रा से करीबियां हो गई थीं। वह नीतू के साथ फरीदपुर परीक्षा दिलाने भी जाता था। छात्रा के मोबाइल में कुछ फोटो-वीडियो देखकर वह ईर्ष्या मान बैठा और बहाने से उसको सीबीगंज क्षेत्र में ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी।

शनिवार रात पुलिस घेराबंदी के दौरान अशोक ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में घायल होने के बाद वह पकड़ा गया। एसएसपी अनुराग आर्या ने बताया कि ईर्ष्या से ग्रसित होकर आरोपी ने छात्रा की हत्या की थी। पूछताछ में हत्याकांड का राज सामने आ गया है।

### हाफ एनकाउंटर में लगी गोली



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

- रामपुर के रहने वाले अशोक गंगवार ने की थी छात्रा की हत्या
- कई साल से आकाश के संपर्क में थी नीतू, शक में ले ली जान

**बदलाव** | प्रतिष्ठित लीड्स 2025 रिपोर्ट में यूपी को एग्जम्पलर श्रेणी में मिली जगह, पूर्वांचल से पश्चिमी यूपी तक तैयार हो रहा नया सप्लाई चेन कॉरिडोर

# मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क से बदल रही आर्थिक तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश तेजी से देश के बड़े मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन हब के रूप में उभर रहा है। पूर्वांचल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक एक्सप्रेस-वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स पार्क और वेयरहाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार प्रदेश की आर्थिक तस्वीर बदल रहा है। यही वजह है कि प्रतिष्ठित 'लीड्स 2025' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को 'एग्जम्पलर' श्रेणी (प्रतिरूप श्रेणी) में स्थान मिला है।

रिपोर्ट के अनुसार लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सिस्टम, रेगुलेटरी वातावरण और कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख मानकों पर यूपी का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत और अन्य लैंडलॉक राज्यों से बेहतर रहा है।

प्रदेश में विकसित हो रहे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेस-वे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पूर्वी, मध्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और प्रमुख औद्योगिक शहरों से जोड़ रहे हैं। इससे माल परिवहन तेज हुआ है और उद्योगों की सप्लाई चेन मजबूत हुई है। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ने प्रदेश की औद्योगिक क्षमता को और मजबूती दी है। ग्रेटर नोएडा के दादरी में 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत से विकसित हो रहा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब यूपी में कार्गो, कंटेनर मूवमेंट और वेयरहाउसिंग का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। इसके अलावा बोराकी रेलवे स्टेशन पर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब तथा कानपुर, गोरखपुर और टप्पल-बजना में नए लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किए जा रहे हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के किनारे मेरठ, हापुड़, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर विकसित करने की योजना है।



### एग्री-लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग को बढ़ावा

प्रदेश में एग्री-लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर का तेजी से विस्तार हो रहा है। मल्टी-कमोडिटी कूलिंग सेंटर, कोल्ड स्टोरेज और आधुनिक वेयरहाउसिंग सुविधाओं से कृषि उत्पादों की स्टोरेज और वितरण व्यवस्था मजबूत हो रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर भारत के बड़े एविएशन और कार्गो गेटवे के रूप में विकसित हो रहा है। एयरपोर्ट की एक्सप्रेस-वे और फ्रेट कॉरिडोर से सीधी कनेक्टिविटी पश्चिमी यूपी में विश्वस्तरीय मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम तैयार कर रही है।

### डिजिटल गवर्नेंस से निवेशकों का बढ़ा भरोसा

प्रदेश सरकार ने 'निवेश मित्र' सिंगल विंडो सिस्टम और जीआईएस आधारित डिजिटल प्लानिंग टूल्स के जरिए अनुमोदन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तेज बनाया है। राज्य में लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर में हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत किए जा चुके हैं। सरकार का दावा है कि यूपी अब केवल एक लैंडलॉक राज्य नहीं, बल्कि देश की भविष्य की सप्लाई चेन, मैन्युफैक्चरिंग और औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

**न्यूज ब्रीफ**

### दबंग छात्रों की प्रताड़ना से क्षुब्ध छात्र ने की आत्महत्या

**फिरोजाबाद,एजेंसी :**शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के गांव बिलोटिया मैं रविवार को अनुसूचित जाति के एक छात्र का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। परिजनों के अनुसार युवक को कुछ अन्य छात्रों के द्वारा मारपीट कर प्रताड़ित किया गया था। इस अपमान और मानसिक तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव नगला बिलोटिया निवासी अजय कुमार जाटव का पुत्र अतिन कुमार (17) ओम डिग्री कॉलेज में बीएससी का छात्र था। वह शिकोहाबाद की एक लाइब्रेरी में कोचिंग भी करता था।

### जाली नोट का कारोबार करने वाले तीन पर गैंगेस्टर

**बस्ती,एजेंसी :** जिले में छावनी थाने की पुलिस ने रविवार को जाली मुद्रा का कारोबार करने वाले तीन अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करके जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि भारतीय नोट की जाली मुद्रा का कारोबार करने वाले तीन अभियुक्त जंग बहादुर पटेल, शिव कुमार निवासी थाना धनघटा तथा राजकुमार निवासी थाना महुली बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार करके इनके विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है। ये लोग काफी दिनों से जाली नोट का कारोबार कर रहे थे।

### प्रयागराज में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज,एजेंसी :** प्रयागराज जिले में रविवार शाम एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला है कि प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने के काम में साझेदार व्यक्तियों ने अजहरुद्दीन (38) की गोली मारकर हत्या की। उन्होंने बताया कि अजहरुद्दीन और उसके दो-तीन साझेदार प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का काम किया करते थे और रविवार को साझेदारों को अजहरुद्दीन के कार्यालय में बुलाया गया था। यादव ने बताया कि अजहरुद्दीन और आरोपियों के बीच पैसों को लेकर कुछ विवाद था जिसके कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के लिए दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है।

### मेरठ में गन्ने के खेत में मिला लापता छात्रा का शव

**मेरठ,एजेंसी :** जिले में बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा देने के लिए घर से निकली 20 वर्षीय युवती का रविवार को गन्ने के खेत में शव बरामद हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने युवती की पहचान किरोट गांव की निवासी ललिता गौतम के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिजीत कुमार ने बताया कि वह 15 मई की सुबह परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उन्होंने बताया कि गौतम अपने परिवार के साथ टीपी नगर थाना क्षेत्र के गगन एन्क्लेव इलाके में रह रही थी।

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़

**अयोध्या, अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार देर रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच गांव का ही एक व्यक्ति उनके घर में घुस आया। उस समय उनकी 18 वर्षीय पुत्री घर में मौजूद थी। आरोपी ने युवती के साथ छेड़छाड़ की। उसका मुंह दबा दिया ताकि वह शोर न मचा सके। युवती ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर शोर मचाया। घर के अन्य सदस्य मौके पर पहुंच गए। आरोपी धक्का-मुक्की करते हुए वहां से भाग निकला।

### शुगर की जगह टीबी का इलाज कर देने का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहर के एक निजी क्लीनिक के चिकित्सक पर शुगर की जगह टीबी की दवा देने का आरोप लगा है। गोंडा मनकापुर स्थित रफी नगर के पीड़ित शत्रुघ्न प्रसाद मौर्य की शिकायत पर सीएमओ ने जांच का आदेश दे दिया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला से पांच दिन के अंदर आख्या मांगी गई है।

शत्रुघ्न प्रसाद का आरोप है कि वह आठ अप्रैल को शुगर का इलाज कराने के लिए जब्ती स्थित गौरी शंकर सिंह मेमोरियल कार्डियो रेस्पिरेटरी सेंटर पहुंचा था।

---

**गोवध और गोतस्करी पर सख्त कार्रवाई से उप्र. बना देश का सबसे कठोर गोरक्षा कानून वाला राज्य**

# गोरक्षा बनी शासन की प्राथमिकता, तैयार हुआ ढांचा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में गोसंरक्षण और गोवंश सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। गोसंरक्षण को केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, पशुपालन और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था का सशक्त मॉडल बनकर उभर रहा है। वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश गोवध और गोतस्करी के विरुद्ध सबसे कठोर कानूनी प्रावधानों वाले राज्यों में गिना जाता है।

उप्र. गो-वध निवारण अधिनियम मूल रूप से वर्ष 1955 में लागू किया गया था, लेकिन वर्ष 2020 में इसमें व्यापक संशोधन किए गए। संशोधित कानून के तहत गोवध करने या उसके प्रयास पर 3 से 10 वर्ष तक की कठोर कारावास और 3 लाख से 5 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया। दोबारा अपराध करने पर दंड और अधिक कठोर हो सकता है।

सरकार ने गोवंश के प्रति क्रूरता को भी गंभीर अपराध माना है। गाय को भोजन-पानी न देना, घायल करना या असुरक्षित स्थिति में छोड़ना भी दंडनीय है। इतना ही नहीं, गोवंश के अवैध परिवहन में इस्तेमाल वाहनों की जब्ती के निर्देश हैं। यदि वाहन स्वामी यह साबित नहीं कर पाता कि अपराध उसकी जानकारी के बिना हुआ, तो उसके खिलाफ भी



कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही ऐसे मामलों को गैर-जमानती श्रेणी में रखा गया है। फरार आरोपियों की तस्वीरें सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित करने की व्यवस्था भी की गई है।

**नौ वर्षों में 36 हजार गिरफ्तार, 83.32 करोड़ की संपत्तियां जब्त**

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017 से 2025 के बीच गोवध और गोतस्करी से जुड़े मामलों में लगभग 36 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया। 13,793 आरोपियों पर गुंडा एक्ट, 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट तथा 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) लगाया गया। इसके अतिरिक्त 83.32 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां जब्त की गईं।

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन वर्ष 2016-17 के 277 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 388 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। साथ ही राज्य सरकार गोशालाओं को गोबर और गोमूत्र आधारित प्राकृतिक खेती मॉडल से जोड़ रही है। जैविक खाद, प्राकृतिक कीटनाशक और गो-आधारित उत्पादों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और खेती की लागत कम करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

**गोसंरक्षण का आर्थिक मॉडल भी बना रही सरकार**

7,500 गोसंरक्षण केंद्रों में 13 लाख गोवंश संरक्षित हैं, 20वीं पशुगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश में लगभग 1.88 करोड़ गोवंश हैं। इनमें से करीब 13 लाख गोवंश का संरक्षण 7,500 से अधिक गो-संरक्षण केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना से पशुपालकों को सहायता मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत अब तक 1.25 लाख से अधिक पशुपालकों को 1.80 लाख से ज्यादा गोवंश उपलब्ध कराए गए हैं। सरकार प्रति गोवंश 1,500 रुपये प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में भेज रही है।

---

# 25 हजार का इनामी गो-तस्कर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**मेरठ,एजेंसी:** जिले में पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी गो-तस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान जवाबी कार्रवाई में आरोपी घायल हो गया जिसकी पहचान थाना किठौर क्षेत्र के ग्राम कायस्थ बड्डा निवासी यामीन उर्फ टुचा (42) के रूप में हुई है। उसने बताया कि 14-15 अप्रैल की रात पचगांव पट्टी अमर सिंह के गन्ने के खेत में गोवंश के अवशेष मिलने के बाद भावनपुर थाने में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात मेदपुर बाईपास पर वाहनों की जांच के दौरान गुप्त सूचना मिली कि वांछित आरोपी यामीन आवारा गोवंश की रेकी करते हुए वहां आने वाला है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी घायल हो गया जिसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर गया। उसने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने भावनपुर क्षेत्र में पहले हुई गोवध की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की है। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से .315 बोर का तमंचा, एक कारतूस और एक खोखा बरामद किए गए हैं।

---

# भीषण गर्मी पर अलर्ट मोड में योगी सरकार

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश, बिजली-पानी व्यवस्था पर विशेष नजर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक मशीनरी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी होने के बाद मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और राहत एजेंसियों को पूरी सतर्कता बरतने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि संवेदनशील जिलों में विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ काम करें। सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक वार्ड तैयार रखने, पर्याप्त दवाएं उपलब्ध कराने और डॉक्टरों



की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एंबुलेंस सेवाओं को भी सक्रिय रखने को कहा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत उपलब्ध कराई जा सके।

सीएम योगी ने पेयजल संकट और बिजली आपूर्ति बाधित न होने पर भी विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बिजली विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के दौरान अनावश्यक कटौती से बचा जाए और खराब ट्रांसफॉर्मरों को तत्काल बदला जाए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन की ओर से लोगों को अधिक पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने और धूप में निकलते समय सिर ढककर रखने की सलाह दी जा रही है।

**सीएम के प्रमुख निर्देश**

- अस्पतालों में हीट स्ट्रोक वार्ड तैयार रखें
- बेड और डॉक्टरों की पर्याप्त व्यवस्था
- एंबुलेंस सेवाएं रहें पूरी तरह सक्रिय
- बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित न हो
- पानी की व्यवस्था बढ़ाई जाए
- डीएम संवेदनशील क्षेत्रों पर रखें नजर

**19 से 21 तक चलेगी अति उष्ण लहर**

मौसम विभाग के अनुसार, 19 से 21 मई के बीच प्रदेश के कई जिलों में अति उष्ण लहर चलने की संभावना है। इस दौरान तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। इसे देखते हुए सरकार ने सभी जिलों को राहत और बचाव की तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन को यह भी कहा गया है कि सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में छायादार स्थानों और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्कूलों और निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी सावधानी संबंधी दिशा-निर्देश जारी करने को कहा गया है।

**गर्मी का सितम**



प्रयागराज में तपती दोपहरी में एक महिला अपने बच्चे को गर्मी से बचाने के लिए उसे ढंककर ले जाती हुई। • एजेंसी

---

### पिकअप पलटी, आठ श्रद्धालु घायल

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप रविवार को अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में वाहन में सवार आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी द्वारिका प्रसाद अपने परिवार व भाई के परिवार के साथ पिकअप वाहन से अयोध्या दर्शन करने पहुंचे थे।

# प्रधानाचार्य समेत पांच शिक्षकों का निलंबन

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- **होमगार्ड भर्ती परीक्षा में नकल की हाई टेक साजिश का हुआ था भंडाफोड़**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा 2025 की लिखित परीक्षा में अनियमितता और पद के दायित्वों में लापरवाही दिखाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बीएनएसडी इंटर कॉलेज, चुन्नीगंज के प्रधानाचार्य व प्रवक्ता समेत पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने यह कार्रवाई बीएनएसडी इंटर कॉलेज में 25 अप्रैल को द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही की शिकायतों की जांच और प्रबंध समिति की संस्तुति के आधार पर की है। जिनका निलंबन किया गया है, उनमें केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य अमर सिंह, सह केंद्र व्यवस्थापक व प्रवक्ता (अंग्रेजी) ललित कुमार बाजपेयी, उप प्रधानाचार्य व सह केंद्र व्यवस्थापक सुशील कुमार, प्रवक्ता (अंग्रेजी) प्रशांत यादव और प्रवक्ता (रसायन विज्ञान) अखिलेश यादव शामिल हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. संतोष कुमार राय ने बताया कि परीक्षा संचालन में घोर लापरवाही, अनियमितता, तथ्यों को छिपाने और विभागीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही पाए जाने के चलते यह कार्रवाई की गई है।

# रोडवेज के प्रवर्तन दलों में कटौती, हर रीजन में रहेगा सिर्फ एक स्क्वॉयड

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **ईंधन बचाने को प्रवर्तन दलों की व्यवस्था में बदलाव, प्रबंध निदेशक ने दिए निर्देश**
- **जांच के लिए एआरएम और आरएम की निगरानी में सीमित इंटरसेप्टर के प्रयोग की सलाह**

**अमृत विचार:** उप्र. परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह ने वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ईंधन के व्यय को न्यूनतम करने का निर्देश दिया है। प्रबन्ध निदेशक स्क्वॉयड में कटौती करते हुए प्रत्येक रीजन में केवल एक प्रवर्तन दल कार्यरत रहने का फरमान जारी किया है। प्रवर्तन कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए इंटरसेप्टर का उपयोग सीमित करने और प्रभावी चेकिंग के लिए एआरएम और आरएम को जिम्मेदारी बढ़ाई गई है।

निगम के प्रवक्ता अमरनाथ सहाय ने बताया कि प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए है कि बिना बॉडी वार्न कैमरा किया गया निरीक्षण कार्य मान्य नहीं होगा। इसी प्रकार प्रत्येक क्षेत्रीय प्रबंधक के अधीन केवल एक प्रवर्तन दल संचालित होगा। मुख्यालय नियंत्रित (इंटरसेप्टर) प्रवर्तन दलों एवं क्षेत्रीय स्तर पर संचालित क्षेत्रीय प्रवर्तन दलों को दिए जाएं। यही नहीं प्रवर्तन दलों में डिपो/क्षेत्र में कार्यरत अतिरिक्त कार्मिक अपने मूल पद के अनुरूप कार्य करने को कहा है। प्रवर्तन दल से हटाये गये डिपो/क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों से उनके मूल पदों का कार्य लिया जाए। यातायात अधीक्षक, यातायात निरीक्षक व सहायक यातायात निरीक्षक को उनके दायित्वों के अनुरूप कार्यालय कार्य दिए जाएं। यातायात अधीक्षक से स्टेशन अधीक्षक के रूप में स्टेशन सम्बन्धी कार्य लिया जाए। प्रत्येक प्रवर्तन दल में केवल एक चालक तैनात किया जाए।

---

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 को केमिस्ट करेंगे हड़ताल

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- **देशभर के दवा व्यापारियों का मिला समर्थन**
- **मरीजों की सुरक्षा और दवाओं की गुणवत्ता पर उठाए सवाल**

**अमृत विचार :** ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट और लखनऊ केमिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। विरोध के दौरान केमिस्ट संगठन सरकार को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन दवा बिक्री में गुणवत्ता, निगरानी और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग करेंगे। इस हड़ताल को लखनऊ सहित देशभर के दवा व्यापारियों का समर्थन मिला है।

लखनऊ केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रवक्ता मयंक रस्तोगी ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री केवल व्यापारिक प्रतिस्पर्धा का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य और मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने बताया कि 20 मई को लखनऊ में भी बड़ी संख्या में दवा व्यापारी हड़ताल में शामिल होंगे, जिससे कई मेडिकल स्टोर बंद रह सकते हैं। हालांकि गंभीर मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए आपातकालीन और जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विचार किया जा रहा है।

**प्रमुख मांगें**

- ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियामक प्रावधान लागू किए जाएं।
- फर्जी प्रिस्क्रिप्शन रोकने के लिए मजबूत सत्यापन प्रणाली बनाई जाए।
- बिना फार्मासिस्ट निगरानी दवा वितरण पर रोक लगे।
- मरीजों की सुरक्षा और दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

# योगी कैबिनेट की बैठक आज, बड़े फैसलों के संकेत

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- **मंत्रिमंडल विस्तार के बाद नए मंत्रियों के विभागों से लेकर विकास योजनाओं तक कई अहम प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर**

**अमृत विचार:** प्रदेश में हाल ही में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सोमवार को योगी कैबिनेट की पहली अहम बैठक होने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक पर राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों हलकों की नजरें टिकी हैं। माना जा रहा है कि बैठक में विकास, कानून-व्यवस्था, ऊर्जा संरक्षण, निवेश और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

यह बैठक इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पहली बार पूरी कैबिनेट एक साथ बैठेगी। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री नए मंत्रियों को विभागीय प्राथमिकताओं और सरकार की कार्यशैली को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दे सकते हैं। सरकार आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन की रणनीति पर भी आगे बढ़ रही है। हालिया मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा ने ब्राह्मण, ओबीसी, दलित और गैर-यादव पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व को संतुलित करने की कोशिश की है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कैबिनेट बैठक में लिए जाने वाले फैसलों में भी इसी सामाजिक संदेश की झलक दिखाई दे सकती है।

बैठक में सरकार विकास परियोजनाओं की रफ्तार बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर फोकस कर सकती है। इसके अलावा ऊर्जा संरक्षण, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और डिजिटल प्रशासन से जुड़े विषय भी एजेंडे में शामिल रह सकते हैं।

हालिया विस्तार में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में आए मनोज कुमार पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वहीं अजीत सिंह पाल और सोमेंद्र तोमर को पदोन्नत कर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। इसके अलावा कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर, कैलाश सिंह राजपूत और हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री के रूप में टीम योगी में जगह दी गई है।

**बैठक में ये मुद्दे हो सकते एजेंडे में शामिल**

- विकास और निवेश परियोजनाओं को मंजूरी
- कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक प्राथमिकताएं
- ऊर्जा संरक्षण और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा
- चुनावी साल से पहले जनहित योजनाओं की रणनीति

---

**फंसा पेच** **आईपीएस में प्रमोशन को चयन सूची में शामिल है नाम, शासन ने मांगी रिपोर्ट**

# दो पीपीएस का बंद हो सकता है लिफाफा

**वीके सिंह, लखनऊ**

- **आईपीएस के 29 रिक्त पदों के सापेक्ष 87 अफसरों के भेजे गए हैं नाम**
- **संजय यादव और दिनेश द्विवेदी के नाम पर संशय**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा (यूपी संवर्ग) में पदोन्नति के लिए शासन भेजे गए 87 नामों में पांच ऐसे अधिकारियों के नाम हैं, जिनकी स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं है। शासन ने पांचों पीपीएस अफसरों का प्रस्ताव स्वीकार करने से पहले अद्यतन स्थिति की रिपोर्ट मंगाई है। इनकी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद ही इनपर विचार है। लेकिन इनमें कुछ का लिफाफा बंद होना तय है।

बतादें कि जिन पांच पीपीएस अधिकारियों के कॉलम में क्वैरी लगी है, उनमें से पीपीएस अधिकारी संजय कुमार यादव हैं, जिनके खिलाफ कुछ वर्ष पहले भ्रष्टाचार निवारण संगठन से जांच कराने का आदेश हुआ था। वह जांच आख्या मुख्यालय पहुंची तो उसपर क्या कार्रवाई की गई, शासन ने इसकी जानकारी मांगी है। इसी तरह पीपीएस अधिकारी दिनेश कुमार द्विवेदी है। द्विवेदी के खिलाफ एक प्रकरण पर एसआईटी जांच हुई थी। उस जांच पर मुख्यालय ने क्या कार्रवाई की, इसकी जानकारी शासन को उपलब्ध नहीं कराई गई। इस आपत्ति के साथ शासन ने पुनः जानकारी मांगी है। इसी तरह पीपीएस अधिकारी कमल किशोर है। कमल किशोर सेलेक्ट लिस्ट 2021, 2022, 2023, 2024 में भी सम्मिलित थे। शासन ने कमल किशोर की पात्रता सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इसी तरह पीपीएस अधिकारी अनूप कुमार को पात्रता सूची में सम्मिलित किया जा रहा है, लेकिन अनूप कुमार पूर्व की पात्रता सूची में क्यों शामिल नहीं किया गया था, इसकी जानकारी मांगी गई है। एक अन्य पीपीएस अधिकारी सीताराम हैं, जिनको 10 जून 2016 में मुख्यालय द्वारा किसी प्रकरण पर सचेत किया गया था। पूछा गया है कि क्या यह विषय कॉलम में अंकित है अथवा नहीं। गौरतलब हो कि राज्य पुलिस सेवा के 29 अफसरों को आईपीएस के पद पर प्रमोशन होना है। जिसके सापेक्ष 87 नाम विचार करने के लिए मुख्यालय से भेजे गए हैं। उनमें से इन पांच अधिकारियों के कॉलम में इस तरह की भी जानकारियां मांगी गई हैं।

# राष्ट्रवाद भाजपा कार्यकर्ता की पहचान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर**

- **प्रशिक्षण महाभियान के तहत मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रवाद और भारतीयता का आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की सबसे बड़ी पहचान है। भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करता है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा, संस्कृति, सुशासन और समृद्धि को जोड़ने का काम केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर रही है।

मुख्यमंत्री रविवार को सहजनवा क्षेत्र में आयोजित भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं से "राष्ट्र प्रथम" के भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।



गोरखपुर में सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी देखते मुख्यमंत्री योगी।

न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज में अनुदेशकों को मिला बढ़ा मानदेय

**अमृत विचार, प्रयागराज :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में 'अंशकालिक अनुदेशक सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण शुभारंभ' कार्यक्रम की शुरुआत की। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से कई अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के स्वीकृति पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुदेशक बेसिक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो बच्चों को शिक्षा और कौशल देकर नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। सरकार अनुदेशकों की समस्याओं के समाधान और बेहतर कार्य परिवेश उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मधुबन को विद्युत परियोजना की सौगात

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ की मधुबन तहसील के पदारथपुर में 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास किया। 61.11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस उपकेंद्र की क्षमता 126 एमवीए होगी। उन्होंने कहा कि इससे मऊ की मधुबन तहसील और बलिया के बेल्थरा रोड क्षेत्र के लाखों उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। नए उपकेंद्र के निर्माण से 33 केवी लाइनों की लंबाई कम होगी, जिससे ब्रेकडाउन और लो-वोल्टेज की समस्या में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास, कृषि, व्यापार और उद्योग को नई गति देगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### तीन इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर मुठभेड़ की कार्वाई करते हुए 25-25 हजार के तीन इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक 10 हजार के इनामी बदमाश को भी गिरफ्तार किया है। गाजीपुर जिले के सैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में हुए मुठभेड़ में रास विहारी और हरिंद्र सिंह पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। दोनों की लंबे समय पुलिस तलाश कर रही थी। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम था। इसके अलावा गाजीपुर जिले के ही नंदगंज थाना क्षेत्र में हुए एक अन्य मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी विशाल को गिरफ्तार किया गया है। जबकि बांदा जिले के थाना मटौंध में 10 हजार का इनामी अयूब खान गिरफ्तार किया गया है।

### राज्य संग्रहालय में कला महोत्सव कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2026 के अवसर पर राजधानी लखनऊ स्थित राज्य संग्रहालय में कला, संस्कृति और विरासत से जुड़े अनेक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 19 मई को आयोजित समारोह में पाश्चात्य शैली की नई मूर्तिकला वीथिका का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह के दौरान 'आदियोगी शिव : ए जर्नी इन कॉस्मिक इंडिगो' नामक विशेष टेक्सटाइल प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 19 मई से 19 जून 2026 तक राज्य संग्रहालय की अस्थायी वीथिका में आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी। इस मौके पर विद्यार्थियों और युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

### सार्वजनिक बयान देते समय रखें संयम

**अमृत विचार, लखनऊ :** ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए विवादित बयान से सुर्खियों में आए सपा के



प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने रविवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से पार्टी मुख्यालय लखनऊ में भेंट की। इस दौरान सपा प्रमुख ने उन्हें सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और सार्वजनिक बयान देते समय भाषा एवं व्यवहार में संतुलन और संयम बरतने की सलाह दी। मालूम हो कि हाल ही में राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा है कि आभूषण के व्यापार में बड़ी कंपनियों के आ जाने से देश के छोटे सुनार वैसे ही कम्पटीशन नहीं कर पा रहे थे, दूसरी तरफ 'सोनाबंदी' का आह्वान आ गया और फिर 'सोने पर इम्पोर्ट ड्यूटी ढाई गुना बढ़ाने का फरमान'। अब छोटे सुनार व्यापारियों को लग रहा है कि बड़ी कंपनियों से एकमुश्त कमीशन लेने के चक्कर में ही भाजपाइयों ने युद्ध के बहाने सोनाबंदी की बात की है।

# मुख्यमंत्री के हाथों चेक पाकर भावुक हुए अनुदेशक, बोले-वर्षों बाद मिला सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अंशकालिक अनुदेशकों को अब मिलेगा 17 हजार रुपये मानदेय

**अमृत विचार:** लोकभवन सभागार में रविवार को आयोजित अंशकालिक अनुदेशक सम्मान समारोह भावनात्मक क्षणों का साक्षी बना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों बढ़े हुए मानदेय का चेक पाकर प्रदेशभर से आए अनुदेशक भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि वर्षों से कम मानदेय में काम करने के बावजूद वे पूरी निष्ठा से बच्चों को शिक्षित कर रहे थे, लेकिन पहली बार किसी सरकार ने उन्हें सम्मान और सुरक्षा दोनों देने का काम किया है।

योगी सरकार ने 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया है। इसके साथ ही उन्हें और उनके परिवार को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की भी घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 14 चयनित अनुदेशकों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए।

रायबरेली की अनुदेशक शिखा सिंह ने कहा कि पहले 9 हजार रुपये में परिवार चलाना बेहद कठिन था, लेकिन अब बढ़े हुए मानदेय से आर्थिक राहत मिलेगी। लखनऊ के कौशलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि सरकार ने केवल मानदेय नहीं बढ़ाया, बल्कि अनुदेशकों के आत्मसम्मान को भी मजबूत किया है। अयोध्या के उपेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि सेवा में आने के बाद पहली बार अनुदेशकों के लिए इतना भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वहीं गोरखपुर के देवेंद्र लाल ने कहा कि पहले 7 हजार रुपये में जीवन यापन मुश्किल था। योगी सरकार ने अब सीधे 17 हजार रुपये कर बड़ी राहत दी है।

समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए 'होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड' का विमोचन भी किया। यह रिपोर्ट कार्ड बाल वाटिका से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि बच्चों के शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक और व्यक्तित्व विकास का भी मूल्यांकन किया जाएगा।



लोकभवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान अंशकालिक अनुदेशकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

### इन 14 अनुदेशकों को योगी ने दिए चेक

गोरखपुर के देवेंद्र लाल, वाराणसी के सुभाष सिंह, अयोध्या के उपेंद्र कुमार शुक्ला, लखीमपुर खीरी के प्रवीण राणा, रायबरेली की शिखा सिंह, बाराबंकी की हिना खातून और दीप्ति वर्मा, सीतापुर की प्राची मिश्रा, हमीरपुर के कामता प्रसाद राजपूत, लखनऊ के कौशलेन्द्र सिंह और सुमित पाल, अलीगढ़ की सलोनी कसेरे, उन्नाव की रश्मि यादव तथा हरदोई की रश्मि सिंह को मुख्यमंत्री ने चेक देकर सम्मानित किया।

# भू-माफिया और दबंगों के खिलाफ करें कठोर कार्रवाई : मुख्यमंत्री

## गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में योगी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था और जमीन कब्जे से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भू-माफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में एक महिला ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए बेटी के विवाह के लिए सहायता मांगी।

इस पर मुख्यमंत्री ने उसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारी दी और अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए करीब 150 लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर व्यक्ति की समस्या का त्वरित और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मदद मांगने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरतमंद मरीजों के इलाज का इस्टीमेट शीघ्र तैयार कर शासन को भेजा जाए, ताकि तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में महिला फरियादियों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### गो-सेवा में भी रमे सीएम योगी

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोशाला पहुंचकर गोसेवा भी की। उन्होंने गोवंश को गुड़ खिलाया और उन्हें दुलार किया। भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं को गोवंश की समुचित देखभाल करने के निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मनरेगा का कार्य समय बदला

## भीषण गर्मी और लू को देखते हुए लिया गया निर्णय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यस्थल पर पेयजल, छाया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था हो : केशव प्रसाद मौर्य

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भीषण गर्मी और लू को देखते हुए श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित कार्यस्थलों पर श्रमिकों के कार्य समय में आवश्यक संशोधन करने का निर्णय लिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार श्रमिकों से प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक और सायं 3 बजे से 6 बजे तक कराए जाने का सुझाव दिया गया है, ताकि दिन के अत्यधिक गर्म समय में श्रमिकों को कार्य न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे श्रमिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए विशेष प्रबंध कर रही है, ताकि कार्यस्थल पर किसी भी श्रमिक को असुविधा या स्वास्थ्य संबंधी जोखिम का सामना न करना पड़े। इसके लिए ग्राम विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि प्रदेश में कार्यरत श्रमिकों को गर्मी से बचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित की जाएं।

**कार्यस्थलों पर अनिवार्य होंगी मूलभूत सुविधाएं :** उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए सभी मनरेगा कार्यस्थलों पर स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त छाया, प्राथमिक उपचार किट अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं, साथ ही श्रमिकों की नियमित निगरानी की जाए और यदि किसी को लू या गर्मी से संबंधित समस्या हो तो उसे तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### हरिद्वार में बम ब्लास्ट की धमकी

**देहरादून, अमृत विचार:** डायल 112 पर रविवार तड़के हरिद्वार में आगामी चार दिनों में चार बम ब्लास्ट की धमकी मिलने पर हड़कंप मच गया। पुलिस टीमों ने 12 घंटे के अंदर ही कॉल करने वाले की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह ने बताया कि हरिद्वार के सिटी कंट्रोल रूम पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर हर की पौड़ी समेत चार स्थानों पर चार दिनों में बम ब्लास्ट की धमकी दी। कॉल के दौरान आरोपी ने पुलिस ऑपरेटर से हद दर्जे की अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए देश एवं राज्य के उच्च पदाधिकारियों के संबंध में भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस फोर्स एक्शन में आ गई और कोतवाली नगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

# रुद्रनाथ मंदिर के कपाट ग्रीष्म काल के लिए आज खुलेंगे

संवाददाता, देहरादून/चमोली

- गोपीनाथ मंदिर से धूमधाम से रवाना हुई देवता की डोली

**अमृत विचार:** पंच केदार तीर्थयात्रा सर्किट का हिस्सा श्री रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज ग्रीष्म काल के लिए खुल जाएंगे। परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करते हुए, रविवार को देवता की डोली गोपीनाथ मंदिर से रवाना हुई। सैकड़ों श्रद्धालु देवता के दर्शन करने और देव डोली को विदाई देने के लिए एकत्रित हुए।

चमोली जिले के प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी समारोह में उपस्थित रहे। यह यात्रा रविवार रात ल्वीती खारक में रुकेगी और सोमवार को रुद्रनाथ मंदिर पहुंचेगी। रुद्रनाथ मंदिर समुद्र तल से लगभग 3,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह गोपेश्वर में गोपीनाथ मंदिर से लगभग 25 किलोमीटर दूर है। श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने के लिए 18 किलोमीटर की कठिन और खड़ी चढ़ाई करनी पड़ती है।

रविवार सुबह गोपीनाथ मंदिर में पारंपरिक प्रक्रिया के तहत विशेष प्रार्थनाओं का आयोजन किया गया। पवित्र डोली धार्मिक मंत्रोच्चार, पुष्प वर्षा और गढ़वाल राइफल्स सेना बैंड द्वारा बजाई गई धुनों के बीच रवाना हुई। मंदिर के पुजारी हरीश भट्ट ने बताया कि वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार सोमवार दोपहर में द्वार खुलेंगे। द्वार खुलने के बाद श्रद्धालु भगवान रुद्रनाथ के एक मुख वाले स्वरूप एकानन की पूजा कर सकेंगे।

# स्वयं सहायता समूहों से जुड़ेंगे मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने विशेष अभियान शुरू किया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर प्रदेश के जनजातीय और विमुक्त समुदायों के उन परिवारों को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जोड़ा जाएगा, जिन्हें पहले ही आवास योजना का लाभ मिल चुका है।

उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने सभी जिलों के उपायुक्त (स्वतः रोजगार) को ऐसे लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समूहों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत बुक्सा, सहरिया, थारू, गोंड, चेरो और कोल जैसी जनजातियों को शामिल किया जाएगा। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने पर इन परिवारों को आजीविका, ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को गति मिलेगी।

# बागेश्वर धाम से लौट रहे चार श्रद्धालुओं की हादसे में मौत

संवाददाता, हमीरपुर

- तेज रफ्तार कार और डंपर की भिड़ंत, एक महिला गंभीर

**अमृत विचार:** मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार की टक्कर रविवार दोपहर एक डंपर से हो गई। हादसा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव के पास कानपुर-सागर हाईवे पर हुआ। इसमें कार सवार एक महिला सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। मृतकों में तीन लोग कानपुर और कार चालक लखनऊ निवासी था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति 90 से 100 किमी प्रति घंटा थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के एयरबैग खुलने पर भी सवारियों की जान नहीं बच सकी। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की कतार लगने से जाम लग गया। पुलिस के अनुसार हादसे में कानपुर के नवाबगंज निवासी नरेन्द्र कुमार (55), राजकपूर (57), मीना (54) पत्नी रमेशचंद्र दुबे के अलावा लखनऊ निवासी कार चालक आयुष की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल 52 वर्षीय रेखा पत्नी नरेन्द्र कुमार को जिला अस्पताल से कानपुर भेजा गया। लोगों का कहना है कि बिना डिवाइडर वाले इस हाईवे पर आए दिन भीषण हादसे होते हैं।

### रिंद नदी में डूबने से चार युवकों की मौत

**फतेहपुर।** थाना ललौली के तपनी गांव निवासी चार युवकों की रिंद नदी में डूबने से मौत हो गई, जबकि दो को बचा लिया गया। गांव के छह युवक कुनुहा का डेरा गांव स्थित रिंद नदी में नहाने गए थे। गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। आसपास के लोगों ने शोर मचाया। गोताखोरों ने दो युवकों को बचा लिया जबकि चार की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश, शान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, निजाम और मोनू का इलाज चल रहा है।

# दून के औद्योगिक क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

**देहरादून, अमृत विचार:** श्रमिकों के वेतन और ओवरटाइम से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन के हिंसक होने के बाद जिला प्रशासन ने रविवार को सेलाकुई और सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) कृष्ण कुमार मिश्रा ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आदेश जारी किया। क्षेत्र की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के श्रमिकों ने शुक्रवार शाम वेतन वृद्धि की मांग को लेकर किए प्रदर्शन में सड़कें जाम कर फैक्ट्री परिसर और पुलिस फोर्स पर कथित तौर पर पथराव किया था। पुलिस ने इस मामले में रविवार को यूपी के शाहजहांपुर, पीलीभीत और लखीमपुरी खीरी के आठ समेत 10 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, निषेधाज्ञा के तहत क्षेत्र में हथियार, लाठी, डंडे, तलवार या अन्य घातक वस्तुएं ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### शोरूम पर बजरंग दल ने लिखा 'जिहादी'

**देहरादून:** सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो सामने आया है जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का एक समूह देहरादून में एक शूज शोरूम पर हंगामा करते और दो मुस्लिम कर्मियों के नाम पट्टिका पर 'जिहादी' लिखते दिख रहा है।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शोरूम में हिंदू कर्मचारियों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। बीते गुरुवार को राजपुर रोड की बतायी गयी। बजरंग दल के उत्तराखंड प्रदेश संयोजक विकास वर्मा ने दावा किया कि उन्होंने शोरूम के प्रबंधक और सह-प्रबंधक द्वारा हिंदू कर्मचारियों के उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई की।


# सीटी स्कैन से एंजियोग्राफी - एक वरदान


## 256 स्लाइस ड्यूल सोर्स सीटी स्कैन से हृदय की सटीक स्थिति का लगाये पता

**बरेली:** यह खबर हृदय व धमनी रोगियों के लिए खुशखबरी से कम नहीं कि अब उन्हें कोरोनरी व अन्य एंजियोग्राफी (धमनियों में ब्लाकेज की जांच) के लिए अस्पताल में एक दिन भर्ती होने की जरूरत नहीं है। अस्पताल पहुंचने के कुछ ही मिनट में उनकी जांच आसानी से हो सकती है। यह संभव हुआ है एसआरएमएस मेडिकल कालेज में लगी अत्याधुनिक 256 स्लाइस (डुअल सोर्स) की सीटी स्कैन मशीन से। यह जानकारी एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रेडियोलाजी विभाग के प्रोफेसर डा. नीरज प्रजापति ने दी।

उन्होंने कहा कि हृदय रोगियों की धमनियों में आई रुकावट जानने के लिए एंजियोग्राफी का सहारा लिया जाता है। अब इसका विकल्प सीटी एंजियोग्राफी बन रही है। इससे होने वाली जांच के लिए मरीज को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं होती है और न ही दूसरी किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस अत्याधुनिक तकनीक से धमनियों में रुकावट की सटीक जानकारी मिलती है। साथ ही दूसरे साइड इफेक्ट भी नहीं होते और जांच में ज्यादा समय भी नहीं लगता। अपनी खूबियों और कम खर्च की वजह से सीटी स्कैन कार्डिक एंजियोग्राफी मरीजों के लिए फायदेमंद और डाक्टरों के लिए सुविधाजनक है। यह जांच हृदय की नॉन इन्वेसिव जांचों की तरह एक विकल्प के रूप में लोगों की पंसद बन रहा है क्योंकि इसमें कोई इन्वेसिव प्रक्रिया नहीं की जाती है और न ही मरीज को भर्ती करना पड़ता है। यह जांच लगभग सभी वह सूचनायें प्रदान करती है जो कैथ एंजियोग्राफी में प्राप्त हो सकती है।

256 स्लाइस (डुअल सोर्स) सीटी स्कैन से ब्रेन की एंजियोग्राफी, पूरे शरीर की एंजियोग्राफी, वर्चुअल ब्रोन्कोस्कोपी, वर्चुअल कोलोनोस्कोपी, अस्थि का बारीक से बारीक फ्रैक्चर व कैंसर की सूक्ष्म गांठ को आसानी से डायग्नोस किया जा सकता है। प्रदेश में ऐसी गिनती की ही मशीनें हैं। बरेली के लोगों के लिए गर्व की बात है कि यह मशीन एसआरएमएस में उपलब्ध है।

- एसआरएमएस में बिना तकलीफ और आसानी से मरीजों के दिल की जांच संभव
- सीटी एंजियोग्राफी है हृदय की धमनियों की रुकावट जानने का एडवांस विकल्प
- सीटी स्कैन से पूरे शरीर की एंजियोग्राफी, वर्चुअल ब्रोन्कोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी भी संभव
- सीटी स्कैन एंजियोग्राफी के लिए रोगी को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं





प्रोफेसर (डॉ.) नीरज प्रजापति




### क्या कहते है प्रो. (डॉ.) नीरज प्रजापति

डा.नीरज प्रजापति के अनुसार कैथलैब एंजियोग्राफी व सीटी स्केन एंजियोग्राफी में सबसे बड़ा फर्क है कि कैथलैब में एंजियोग्राफी के साथ ही यदि ब्लॉकेज होता है तो एंजियोप्लास्टी भी की जा सकती है, जिसका चलन इन दिनों बढ़ गया है जबकि सीटी एंजियोग्राफी एक प्रीवेंटिव जांच है जिससे हृदय की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जाती है। धमनियों में ब्लॉकेज का पता भी शुरूआती अवस्था में पता चल जाता है। जिससे समय पर इलाज हो जाता है। इससे मरीजों के उपचार का बोझ भी कम पड़ता है। इसके जरिये दिमाग, फेफड़ों और अन्य बीमारियों के मरीजों की भी जांच आसानी से की जा सकती है। अस्थियों का बारीक फ्रैक्चर, कैंसर की छोटी से छोटी गांठ, आर्टरीज में कैल्शियम के जमा होने की जानकारी भी सी.टी. स्कैन से आरंभिक अवस्था में ही मिल जाती है। गठिया, गुर्दे की पथरी का पता भी पहले चरण में ही मिल जाता है।

Advt.

श्री राम मूर्ति स्मारक अस्पताल, बरेली ✆ 9458705555

न्यूज ब्रीफ

## भाई-बहन पर हमला चार पर रिपोर्ट

**नवाबगंज अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के लाईखेड़ा गांव में शुक्रवार रात सड़क पर टहल रहे भाई-बहन के साथ मारपीट की घटना हो गई। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गांव निवासी ओमचंद्र ने बताया कि रात में वह अपनी बहन के साथ खाना खाने के बाद गांव की सड़क पर टहल रहे थे। इसी दौरान गांव का प्रेम वहां पहुंचा और टॉर्च की तेज रोशनी बहन के चेहरे पर डालने लगा। इसका विरोध किया तो प्रेम ने दिनेश, पूरन और मोहन को मौके पर बुला लिया। इसके बाद चारों ने मिलकर उसकी पिटाई की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : पुलिस ने रविवार को दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा राजीव कुमार सिंह ने बताया कि गांव करमपुर चौधरी निवासी आकाश कुमार की स्प्लेंडर बाइक एक फरवरी को बिलवा बाजार से चोरी हुई थी। रविवार को पुलिस ने दो युवकों की घेराबंदी करके पकड़ लिया।

# बिथरी चैनपुर में तीन हादसों में चार युवकों की मौत

## गैस सिलेंडर भरवाने निकले दो दोस्तों की सड़क हादसे में जान गई, आंवला में हुई दुर्घटना में तीन गंभीर घायल, हालत नाजुक

संवाददाता, रिठौरा


मृतक रवि


मृतक रोहित

- अज्ञात वाहन की टक्कर से गई जान, कस्बे में शोक
- क्षेत्र में गैस आपूर्ति व्यवस्था पर उठे सवाल

**अमृत विचार** : रिठौरा में रविवार का दिन दो परिवारों के लिए जिंदगीभर का दर्द बन गया। बाइक से गैस सिलेंडर भरवाने निकले दो दोस्तों की बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला काहरान निवासी ढाकनलाल का 18 वर्षीय पुत्र रवि उर्फ भूरा और मोहल्ला कुर्मियान निवासी बाबू का 16 वर्षीय पुत्र रोहित रविवार को बाइक से गैस सिलेंडर भरवाने निकले थे। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में विजेजमर्ज ढाबा के पास किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी है। कस्बे में इंडेन की रंजीत गैस एजेंसी संचालित है, जबकि रवि के परिवार के पास भारत गैस का कनेक्शन था। गैस एजेंसी की अव्यवस्थित सेवा से क्षेत्र के उपभोक्त परेशान है। इंडेन की गैस खत्म होने पर क्षेत्र के युवा किसी तरह सिलेंडर मिल जाए इस उम्मीद से भारत का गैस सिलेंडर लेकर जा रहे थे। हालांकि भारत के सिलेंडर पर इंडेन का सिलेंडर मिलना मुश्किल है लेकिन स्थानीय स्तर पर गैस आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण दोनों दोस्तों को रिठौरा की ओर जाना पड़ा और रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। हादसे की खबर सुनते ही रवि की मां नन्हीं देवी बदहवास होकर बेहोश हो गईं। मृतक रवि तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक रवि के पिता फुटपाथ पर चश्मे और बेल्ट बेचकर परिवार चलाते हैं। वहीं रोहित के सिर से बचपन में ही पिता का साया उठ चुका था। दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### हरिद्वार जा रहे युवक को ट्राली ने मारी टक्कर

**बिथरीचैनपुर, अमृत विचार** : शाहजहांपुर के पुवायां कस्बा के रहने वाले विवेक मिश्रा (26) पुत्र गुड्डू मिश्रा निवासी पुवायां जिला शाहजहांपुर अपने चचेरे भाई भानु मिश्रा के साथ रविवार सुबह मोटरसाइकिल से हरिद्वार जाने के लिए घर से निकले थे। रास्ते मे वह जैसे ही कुआंडांडा चौराहा से थोड़ा आगे बीसलपुर रोड पर पहुंचे इस दौरान गलत साइड से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक और वह दोनों रोड पर गिर गए जिसमे विवेक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि भानू गंभीर घायल हो गए। जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। परिजनों ने बताया विवेक की एक साल पहले ही शादी हुई थी और हरिद्वार में रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे। एक साल पहले विवेक की मां की भी कैंसर से मौत हो चुकी है। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली पकड़ ली थी। लेकिन सांठ गांठ के चलते उसे रास्ते से भगा दिया गया।

### घर लौट रहे युवक की मौत

**बिथरीचैनपुर, अमृत विचार** : फरीदपुर क्षेत्र के लौंगपुर गांव निवासी शिवांक (24) पुत्र दिनेश कुमार शर्मा मोटरसाइकिल से शनिवार रात नौकरी करके बरेली से अपने घर लौंगपुर जा रहे थे। तभी हाईवे-24 पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिवांक को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान रविवार सुबह उनकी मौत हो गयी। शिवांक बरेली में ही एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। उसकी मौत से घर मे कोहराम मच गया।

### आंवला में हुए दो हादसों में तीन गंभीर घायल

- रेल फाटक पर खड़ी पिकअप को पीछे से मारी टक्कर, दो वाहनों के टक्कर में पिचकी पिकअप
- मनौना से लौट रहे टैंपो को मारी टक्कर कानपुर निवासी यात्री घायल

**आंवला अमृत विचार** : आंवला-रामनगर रोड स्थित रेवती रेलवे क्रॉसिंग के पास बीती रात एक सड़क हादसा हो गया। बंद रेलवे फाटक पर खड़ी एक बोलेरो पिकअप को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप आगे खड़े एक अन्य वाहन और पीछे से टक्कर मारने वाले वाहन के बीच में बुरी तरह पिचक गई। हादसे में पिकअप में सवार सद्दाम हुसैन निवासी ग्राम बल्लिया, थाना महमूदपुर, भमोरा निवासी युवक सद्दाम गंभीर घाायल हो गया। उसका बायां हाथ बुरी तरह कुचल गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। युवक को इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

दूसरा हादसा आंवला-भमोरा मार्ग पर हुआ। यहां पेट्रोल पंप के सामने हादसे में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सामने से आ रहे टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। इससे टेंपो चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला सतीपुर निवासी प्रेम कुमार अपने टेंपो से आंवला के मनोना धाम से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। उनके टेंपो में कानपुर के थाना महाराजपुर निवासी रमेश कुमार भी सवार थे। पेट्रोल पंप के पास हादसे से दोनों घायल हो गये हैं। उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी है।

## व्यापारियों से मारपीट का आरोपी हेड मोहर्रिर सस्पेंड


**बहेड़ी, अमृत विचार** : रेडीमेड कपड़ों के व्यापारियों से मारपीट करने वाले हेड मोहर्रिर को सस्पेंड कर दिया गया। बहेड़ी के व्यापारियों ने कल एसएसपी से इस मामले की शिकायत की थी।

रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाने वाले मोहम्मद उवैस और तारिक़ के साथ बहेड़ी कोतवाली में तैनात हेड मोहर्रिर श्री पाल ने मारपीट की थी। उवैस और तारिक़ ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि 12 मई की रात वह दोनों वन विभाग के ऑफिस के पास सड़क पर अपने भाई का इंतज़ार कर रहे थे, तभी कार से उतरे व्यक्ति ने पास आकर सवाल किए और पिटाई की। पिटाई से उवैस के कान और तारिक़ के प्राइवेट पार्ट में काफी चोट आई। व्यापारियों ने पिटाई करने वाले की शिनाख्त कोतवाली में तैनात हेड मोहर्रिर श्री पाल के रूप में की थी। इस मामले में बहेड़ी के व्यापारी कल एसएसपी से मिले थे, और हेड मोहर्रिर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी। इंस्पेक्टर बहेड़ी दिनेश शर्मा ने बताया कि हेड मोहर्रिर को निलंबित कर दिया गया है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002



फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. ज़हीर उल हसन
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
कन्सलटेंट फिजीशियन
हृदय, शुगर, बी.पी., पेट एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ

विभाग : जनरल सर्जरी, आर्थो, यूरोलॉजी, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं अन्य विभाग
आयुष्मान कार्ड द्वारा ऑपरेशन व इलाज की सुविधा
हेल्पलाइन नम्बर : 7037029092
उम्मीद हॉस्पिटल एवं क्रिटिकल केयर
आईसीआईसीआई बैंक के पास, मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक

डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


श्वांस रोग जागरूकता अभियान
डॉ. दीपक माहेश्वरी
M.B.B.S., M.D., परामर्श फिजीशियन क्रिटिकल केयर
स्पेशलिस्ट-ब्लड प्रेशर, हृदय, श्वांस व गम्भीर रोगों का इलाज
पैकेज मात्र ₹1199/- परामर्श + ECG + PFT + Lipid Profile + RBS + Chest X-Ray
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली
9084307201, 9520340911
डॉ. नितिन अग्रवाल वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


## गालीगलौज के विरोध पर शिक्षक को पीटा

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार**: थाना क्षेत्र के गांव ईधजागीर स्थित प्रकाश नगर बस्ती में शुक्रवार शाम मामूली कहासुनी से काफी विवाद बढ़ गया। पड़ोसियों के बीच हुए विवाद में दबंगों ने एक ग्रामीण को बेरहमी से पीट दिया, जबकि बीच-बचाव में आए शिक्षक व कॉलोनाइजर भी घायल हो गए।

प्रकाश नगर निवासी सरकारी शिक्षक नरदेव प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करते हैं। उन्होंने अपने कारोबार और मकानों की देखरेख के लिए गांव अटंगा योगी निवासी ओमेंद्र पाल को रखा है। शुक्रवार शाम नरदेव अपने मकान पर पहुंचे तो वहां पड़ोसी वीरेंद्र और उसके बेटे ओमेंद्र पाल के साथ गालीगलौज कर रहे थे।

नरदेव ने जब इसका विरोध किया तो वीरेंद्र, अर्जुन, गौरव और सरोज तथा भाई राकेश ने मिलकर ओमेंद्र को घर से बाहर खींच लिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाने पहुंचे नरदेव को भी चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा, जहां से उसे बरेली रेफर कर दिया। मामले में शिक्षक नरदेव की तहरीर पर पुलिस ने वीरेंद्र, अर्जुन, गौरव, सरोज और राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## न्यूज डायरी

### मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



**भमौरा, अमृत विचार** : रविवार सुबह मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 300 मेधावी छात्र-छात्राओं को बैग वितरित कर सम्मानित किया गया। अमरपाल सिंह लोधी ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। शिक्षित युवा ही देश का भविष्य तय करते हैं। क्योंकि शिक्षा से ही व्यक्ति में संस्कार, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत विनोद पाल लोधी ने पटका पहनाकर किया। इस मौके पर निहाल सिंह लोधी, सीएल लोधी, अजय राजपूत, धर्मपाल लोधी, रामसेवक राजपूत, पीयूष वर्मा, यशवीर सिंह राजपूत व विनोद लोधी आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य टीम ने किया शेरगढ़ और शीशगढ़ सीएचसी का निरीक्षण



**शेरगढ़ अमृत विचार** : स्वास्थ्य विभाग के रीजनल कोऑर्डिनेटर अंबरीश और एंटोमालॉजिष्ट डॉ अभिषेक ने टीम के साथ सीएचसी शेरगढ़ का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना। इस दौरान उन्हें शेरगढ़ में एनसीडी क्लीनिक में जहां डॉक्टर नहीं मिले तो वहीं एक्स-रे टेक्नीशियन भी नदारद मिला। उन्होंने इसको लेकर नाराजगी जताई और चिकित्सा अधीक्षक डॉ गजेंद्र सिंह को इस बाबत जरूरी निर्देश दिए। टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शेरगढ़ और शीशगढ़ का निरीक्षण कर क्षेत्र वासियों को मिल रहीं स्वास्थ्य सुविधाओं को परखा। टीम ने स्वास्थ्य केंद्र शीशगढ़ का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ गजेंद्र सिंह, बीपीएम प्रेम गंगवार, बीसीपीएम अनीता विश्वकर्मा, लाल बहादुर सिंह, स्टाफ नर्स राहुल गौतम, ज्योति, फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार, दिनेश चन्द्रा, अश्विनी गौतम, यशपाल, इरफान, अमित कुमार, शांति तथा प्रेम आदि समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### आईएमए सत्संग श्रवण से ही संभव है जीव का कल्याण



**रिठौरा, अमृत विचार** : स्वामी दिव्यानंद योग साधना आश्रम में रविवार को मासिक सत्संग में अध्यात्म और सेवा के इस समागम में रिठौरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए एक हजार से अधिक सत्संगियों ने गुरु वचनों का रसपान किया। मुख्य वक्ता महात्मा गेंदनलाल बाबू ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है और इसे सार्थक बनाने के लिए सत्संग अत्यंत आवश्यक है। सत्संग सुनने से जीव का कल्याण होता है और मन के विकार दूर होते हैं। संतों के सानिध्य में ही व्यक्ति को सही और गलत का बोध होता है। गोष्ठी में मेजर साहब, मेवाराम, हरिओम, पूरनलाल और रोहनलाल ने कहा भी विचार व्यक्त किये। सत्संग के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, इसमें प्रमोद यादव, कृष्ण पाल, राजेश यादव, नेकपाल, हिरदेश यादव, अमित कुमार गुप्ता, नरेंद्र गंगवार, मोहन स्वरूप, चंदन, रोहित, वीरेंद्र पाल गंगवार, आदर्श गंगवार और रेखा गंगवार आदि का विशेष सहयोग रहा।

### आल इंडिया में दूसरी रैंक लाने वाली मानवी को किया सम्मानित



**फतेहगंज पश्चिमी अमृत विचार** : सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में ऑल इंडिया द्वितीय रैंक प्राप्त कर प्रदेश में नाम रोशन करने वाली मानवी पटेल को टीचर्स सेल्फ केयर टीम बरेली की जिला कार्यकारिणी ने उनके आवास पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। मानवी पटेल, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भदपुरा के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह 'रानू' की पुत्री हैं। मानवी की इस शानदार उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। टीम के सदस्यों ने कहा कि मानवी ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल कर यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुज वीर गंगवार, जिला सह संयोजक चित्रसेन गंगवार, लखमी चंद्र अहेरिया, सौरभ गुप्ता, हरीश गंगवार, नवल किशोर एवं सपना आदि उपस्थित रहे।

## कैंसर के इलाज के अभाव में बहेड़ी के शाहगढ़ के शमील की भी मौत

संवाददाता, बहेड़ी


मृतक शमील


बहेड़ी के मोहल्ला झाजूनागर में भी कैंसर त्रासदी, लोगों में दहशत
शाहगढ़ में घर-घर फैला कैंसर, स्वास्थ्य विभाग अब भी बेपरवाह
मौत का आंकड़ा यहां भी डरावना
समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर चेताया, फिर भी सुनवाई नहीं

अमृत विचार के 15 मई के अंक में प्रकाशित खबर। • अमृत विचार

- बीमारी और तंगहाली सार्वजनिक हो जाने के बाद भी सोता रहा स्वास्थ्य विभाग
- बीबी और 4 छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर मौत की नींद सो गया शमील
- समाजसेवा या राजनीति करने का दम भरने वालों ने भी उसकी खैर-खबर नहीं ली

**अमृत विचार** : इलाज के अभाव में शमील को कैंसर ने निगल लिया। सिर्फ 40 साल के शमील के पास इलाज के लिए पैसे नहीं हैं, और वह कैंसर की भयानक बीमारी से जूझ रहा है, यह बात सार्वजनिक होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग कुम्भकरणीय नींद से नहीं जागा, और शमील ने रविवार को दम तोड़ दिया।

मोहल्ला शाहगढ़ का शमील सब्ज़ी की फेरी लगाकर परिवार को पालता था। उसके चार बच्चे हैं। पत्नी समेत 4 बच्चों की परवरिश की ज़िम्मेदारी उस पर थी। कैंसर का पता चलने पर उसके होश उड़ गए। शुरुआती जांचो में ही उसकी जमा पूंजी खत्म हो गई, और सब्ज़ी की फेरी का काम बंद हो गया। पेट पालने के लिए वह मज़दूरी पर आ गया। पैसा न होने की वजह से वह बीमारी का इलाज नहीं करा पा रहा था। देसी दवा के सहारे उसने अपने को छोड़ दिया। घर चलाने को मज़दूरी मजबूरी थी, लेकिन बीमारी के चलते वह भी उसको बहुत तकलीफ देती थी। कैंसर का खौफ और बीबी-बच्चों का पेट पालने की फ़िक्र उसे खाए जा रही थी, और आज उसने दम तोड़ ही दिया। उसकी मौत से उसके परिवार में कोहराम सा मचा हुआ है। पूरा घर बेसहारा हो गया।

शमील की तंगहाली और उसके कैंसर से पीड़ित होने की खबर अमृत विचार ने 22 अप्रैल के अंक में प्रकाशित की थी, लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया, और शमील का हाल चाल लेने या मोहल्ले में जाने की न तो ज़हमत की, और न ज़रूरत समझी। समाजसेवा या सियासत करने का दम भरने वालों में से भी कोई उसके पास नहीं पहुंचा, और तंगहाली के आलम में इलाज के अभाव में शमील की मौत हो गई।

## किशोरी से छेड़छाड़ तलाश में पुलिस

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** किशोरी के साथ छेड़छाड़ करना किशोर को महंगा पड़ गया। किशोरी के शोर शराबा करने पर पहुंचे उसके परिजनों ने किशोर को बंधक बनाकर जमकर मारा पीटा सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर को कब्जे में लिया है तथा किशोरी के परिजनों की ओर से घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के मोहल्ले की रहने वाली एक किशोरी बीती रात मोहल्ले में एक दुकान से समान लेकर घर जा रही थी। उसी दौरान दिलशाद ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। छेड़छाड़ करने का विरोध करते हुए किशोरी ने शोर शराबा किया तो किशोरी के परिजन आ गए जिन्होंने दिलशाद को पकड़ कर एक पेड़ से बांधकर जमकर मारा पीटा। दिलशाद को बंधक बनाए जाने की सूचना जब पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंच गई और दिलशाद को थाने ले आई।

थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मामले की रिपोर्ट किशोरी के परिजनों की ओर से दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने भी मामले की जांच शुरु कर दी है।

## स्टंटबाजो की 8 बाइकें सीज, 13 हिरासत में


कैंट पुलिस ने चेकिंग के दौरान 13 लोगों को हिरासत में लेकर थाने में पूछताछ की।

संवाददाता, कैंट

- आधी रात को कैंट में नाकाबंदी कर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया

**अमृत विचार** : छावनी परिषद क्षेत्र में शनिवार रात 10 बजे से 12 बजे तक कैंट पुलिस ने नाकाबंदी करके सघन वाहन चेंकिग अभियान चलाया।

इस दौरान पुलिस ने बाइक तथा कार से स्टंट करने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तथा संदिग्ध रूप से घूमने वाले व्यक्तियों को रोक कर चेकिंग की। जिसमें 8 बाइकें सीज की गईं। तथा 153 से ज्यादा चालान काटे गए। 13 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। पूछताछ करके तथा हिदायत देने के बाद उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

इंस्पेक्टर कैंट संजय कुमार धीर ने शनिवार शाम को सार्वजनिक रूप से जानकारी देते हुए बताया, कि छावनी क्षेत्र में शहर के तमाम लोग बाइक तथा कर से घूमने आते हैं, और स्टंटबाजी करते हैं, साथ ही बिना साइलेंसर की बुलेट मोटरसाइकिलों से पटाखा बजाते हैं। जिससे सड़कों पर टहल रहे स्थानीय लोगों को असहजता महसूस होती है।

## घर बुलाकर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, किशोर व मां पर केस

**मानपुर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने पडोसी महिला व उसके किशोर पुत्र पर नाबालिग लड़की को अपने घर में बुलाकर जबरन दुष्कर्म कराने का आरोप लगाया है।

किशोरी की माँ की शिकायत पर पुलिस ने महिला व किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

एक गाँव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को गाँव की ही एक महिला 13 मई को दोपहर में अपने घर ले गईं थी। आरोप है कि घर में पहले से मौजूद एक लड़के से जबरन दुष्कर्म कराया। दुष्कर्म में महिला ने किशोर का सहयोग किया। अब आरोपी फैसले को दबाव बनाने के साथ धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मुकद्मा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल को भेज दिया है। इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी और पीड़िता दोनों नाबालिग हैं। मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल को भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बकरा ईद को लेकर पीस कमेटी बैठक आयोजित

**देवरनियां, अमृत विचार :** कोतवाली सभागार में ईद-उल-जुहा के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी उपनिरीक्षक ने की, बैठक में सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह सारंग ने लोगों से अपील की कि त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि कुबार्नी के अवशेष खुले में न फेंके जाएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने नई परंपराओं से बचने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में कोटेदार ,प्रधान , रोजगार सेवक, सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### सुधीर शर्मा बने जिला प्रशासनिक प्रमुख

**मीरगंज, अमृत विचार :** रविवार को विश्व हिन्दु परिषद धर्म प्रसार ब्रज प्रांत की बैठक जनपद बदांयू में आयोजित हुई। बैठक में ब्रज प्रांत के संगठन मंत्री मुकेश विनायक खांडेकर ने मीरगंज के सुधीर शर्मा को बहेड़ी का जिला प्रशासनिक प्रमुख नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद मीरगंज लौटे सुधीर शर्मा का लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।सुधीर शर्मा ने मीरगंज पहुंचकर कहा कि जिला प्रशानिक प्रमुख जिला बहेडी ब्रज प्रांत की जिम्मेदारी उन्हें मिली है।उन्होंने संगठन का आभार व्यक्त किया।

# 10 हजार रुपये के लेन-देन में क्लीनिक संचालक की इंजेक्शन देकर हत्या

## भुता में तीन महीने पहले हुए परमजीत हत्याकांड का खुलासा, दो को भेजा जेल

संवाददाता,भुता,

**अमृत विचार:** भुता थाना क्षेत्र में 10 हजार रुपये के लेनदेन के विवाद में क्लीनिक संचालक की जहरीला इंजेक्शन लगाकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी दवा विक्रेता और उसके साले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।


मृतक परमजीत।

गांव रिछा निवासी परमजीत 21 फरवरी को अपने क्लीनिक पर बैठे थे। आरोप है कि भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा करीम बक्स निवासी दवा विक्रेता सोमवीर उनसे 10 हजार रुपये के विवाद को लेकर रंजिश मानता था। पुलिस के अनुसार, सोमवीर हेलमेट लगाकर मोटरसाइकिल से परमजीत के क्लीनिक पहुंचा और एक मरीज की मलहम-पट्टी कराने के बहाने उन्हें अपने साथ गांव ले गया। वहां पहले से उसका भाई अजयवीर और साला आकाशदीप मौर्य मौजूद थे।


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। ● अमृत विचार

- दवा विक्रेता, साला गिरफ्तार तीसरे आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वहां दवाइयों के लेनदेन को लेकर विवाद बढ़ गया। परमजीत ने दवाइयों को नकली बताते हुए रुपये देने से इनकार कर अधिकारियों से शिकायत की धमकी दी। इसी बात से नाराज होकर तीनों ने परमजीत के साथ मारपीट की और उसकी हाथ की नस में जानवरों की किलनी मारने वाली जहरीली दवा इंजेक्शन में भरकर लगा दी। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

आरोपियों ने शव को बोलेरो गाड़ी में रखकर फतेहगंज पश्चिमी रेलवे फाटक के पास फेंक दिया और फरार हो गए। देर शाम तक घर न लौटने पर पिता रामवीर सिंह ने 22 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई। उसी दिन रेलवे ट्रैक के पास मिले शव की उन्होंने अपने बेटे परमजीत के रूप में शिनाख्त की।

बाद में पिता की तहरीर पर सोमवीर समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। शनिवार शाम मुखबिर की सूचना पर भुता पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी सोमवीर और आकाशदीप मौर्य को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उनके कब्जे से मृतक की अंगूठी, सोने का ओम लॉकेट, मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त बोलेरो कार तथा 315 बोर तमंचा बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों ने हत्या की बात स्वीकार की है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, जबकि तीसरे आरोपी अजयवीर की तलाश जारी है।

# हरकत में आई पालिका, हटवाया मलबा

संवाददाता, नवाबगंज।

**अमृत विचार :** विथरी रोड स्थित वार्ड में नाला निर्माण के दौरान ढही वेल्डिंग की दुकान के मामले में रविवार को नगर पालिका प्रशासन हरकत में नजर आया। पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर गिरे हुए मलबे को हटवाया, जबकि ठेकेदार की ओर से दुकानदार को जल्द नई दुकान बनवाने का आश्वासन दिया गया है। दरअसल नगर पालिका परिषद की ओर से करीब 19 लाख 52 हजार रुपये की लागत से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के लिए एक सप्ताह पहले जेसीबी से गहरा नाला खोद दिया गया था।

आरोप है कि लंबे समय तक नाला खुला छोड़े जाने और उसमें पानी भर जाने से शनिवार को सड़क किनारे स्थित टिंकू शर्मा की वेल्डिंग की दुकान अचानक भरभराकर गिर गई।

रविवार को पालिका कर्मियों ने मौके से मलबा हटवाया। वहीं स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि नाले के निर्माण में पीली ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है,




# लटका मिला युवक का शव , जाम

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** फरीदपुर क्षेत्र के गांव दौलतपुर करेना के मजरा नवादिया में रविवार सुबह 28 वर्षीय शैलेंद्र सिंह का शव गांव के बाहर आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया।


मृतक शैलेन्द्र


लोगों ने पुलिस की कारवाई से क्षुब्ध होकर रोड जाम कर दी। ● अमृत विचार

- थाने पर हंगामा, सीओ का कथित ऑडियो वायरल
- परिजन ने लगाया हत्या का आरोप शव पोस्टमार्टम को भेजा

ग्रामीणों के अनुसार शैलेंद्र का शव चादर के सहारे पेड़ से लटका था और उसके पैर जमीन के काफी करीब थे, जिससे परिजन हत्या कर शव लटकाने की आशंका जता रहे हैं। मृतक के भाई नेमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि कुछ समय पहले शैलेंद्र और उसकी मां का रिश्ते की भाभी नीतू से विवाद हुआ था। इसके बाद शैलेंद्र नोएडा चला गया था, लेकिन गांव लौटने पर नीतू और उसके मायके पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी तथा जान से मारने की धमकी दी थी।

परिजनों का आरोप है कि शनिवार रात कुछ आरोपी हथियार लेकर शैलेंद्र की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने नीतू, अभय सिंह, किशनवीर, अरुण, आयुष और सोनू समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शाम को परिजन और ग्रामीण शव को थाने के सामने रखकर प्रदर्शन करने लगे। इसी दौरान सीओ फरीदपुर का कथित ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें उनके द्वारा अभद्र भाषा इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया। बाद में सीओ संदीप सिंह मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है और मामले की जांच जारी है।

### नौसना की महिला दो बच्चों के साथ हुई गायब

**मीरगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नौसना की महिला शनिवार की सुबह दो बच्चों को स्कूल पहुंचाने की बात कह कर घर से निकली। उसके बाद घर नहीं लौटी। महिला के पति ने थाने में पत्नी और बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कराई है। नौसना गांव के नन्हे मौर्य गाजियाबाद में मजदूरी करते हैं। नन्हे की पत्नी संतोष मौर्य शनिवार की सुबह आठ बजे पुत्री गौरी एवं पुत्र प्रशांत को नगरिया सादात के स्कूल पहुंचाने घर से निकलीं। बच्चों को स्कूल पहुंचाकर वो घर नहीं लौटी। पति ने रविवार को थाने में तहरीर दी।




### भदपुरा में शाकाहार रैली का आयोजन

**भदपुरा, अमृत विचार :** विकासखंड के गांव डडिया सफदर अली में परम संत बाबा जय गुरूदेव संगत की ओर से रविवार को संगत एवं शाकाहार रैली का आयोजन किया। जयगुरूदेव संगत के आनंद प्रकाश ने बताया कि संगत की ओर से स्थानीय मुक्ति दिवस समापन समारोह व मासिक भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें संगत के संतों ने मांसाहार त्यागकर शाकाहारी बनने, गो माता को बचाकर गो मांस, शराब तथा अन्य व्यसनों को त्यागने की सीख दी। इससे पूर्व संगत की ओर से शाकाहारी बनने का संदेश दिया गया। रैली में बाबा जयगुरूदेव के अनेक अनुयायी शामिल हुए। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समस्त गांव वालों सहित हजारों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आनंद प्रकाश गंगवार ,प्रेम पाल,रमेश पाल, त्रिलोकी सागर, तुलाराम,राजा बाबू ,हरेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पाल, प्रमोद कुमार, सुनील,धर्मेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## भईया बहुत कठन है डगर पनघट की

**बहेड़ी की डायरी/शुऐब**

ये इश्क़ नहीं आसाँ,बस इतना समझ लीजिए. एक आग का दरिया है,और डूब कर जाना है.मियाँ ग़ालिब का यह शेर इश्क़ के मुश्किल मरहलात को बताता है.इश्क़ करना आसान,निभाना मुश्किल.यह बात भी आम तौर पर कही-सुनी जाती है.

लैला-मजनू,शीरी-फरहाद और हीर-रांझा,इन तमाम फिल्मों ने आशिक़ और माशूक पर गुज़रे गम के पहाड़ों को ही तो दिखाया गया है.

वक्त गुज़रा.इश्क़ का मिजाज़ बदलने लगा. माशूक को देखने भर से आशिक को मिलने वाले सुकून का मतलब ही बदल गया. लिव इन रिलेशन और डेट का दौर आ निकला. कभी आशिक़ और माशूक के चेहरे की रंगत और आँखों की चमक से इश्क़ का अंदाज़ा लगाया जाता.अब गली-कूचे नज़र आने वाले पेयर देखकर ही उनके मोहब्बत का शिकार होने का अंदाज़ा लग जाता है. कैफ़े और पार्क तो आबाद ही इन्हीं से हैं.

बड़े शहरों का यह नज़ारा, छोटे-छोटे कस्बों में नज़र आने लगा.अपने शहर के कैफ़े भी मोहब्बत करने वाले जोड़ों से आबाद रहने लगे.सप्रेट केबिन के साथ रूम की भी व्यवस्था. खाकी वालों की भी उनकी तरफ नज़र करने की हिम्मत नहीं.घंटे के हिसाब से चार्ज.फुल प्रोटेक्शन. नया ज़माना जो ठहरा.कभी-कभार,एकाध शिकंजे में फंस जाते हैं. अपने हियाँ के भी एक आशिक अपने ही जाल में फंस गए. पैसा सर चढ़कर बोल रहा था, गुमान यह कि कोई अपना क्या बिगाड़ेगा.अपनी तो उस टीम से तो यारी ठहरी ,जो पकड़-धकड़ करती है.बाइक से लेकर कार तक की सेवा देते ही हैं.अब बेचारे को शायद यह खबर नहीं थी कि बुरा वक़्त कह कर नहीं आता. बुरे वक्त में साया भी साथ छोड़ जाता है. दोस्त क्या चीज़ हैं. सारी खुमारी उतर गई. सभी ने हाथ साफ किए. जो अपने थे, वह भी पीछे नहीं रहे. खाकी ने तो इतना धोया कि मुँह से बस यही निकला-गलती हो गई.अब यह कौन बताए. बेटा, बहुत कठन है, डगर पनघट की.

...और चलते-चलते

कहते हैं न, कभी इज़्ज़त बचाना भी मुश्किल हो जाती है.केन पेमेंट को लेकर धरना दे रहे किसानों की मदद को गन्ने वाले ही नहीं पहुँचे. भला हो हाकिम का. इज़्ज़त से धरना खत्म हो गया।

## बिजली बिल जमा कराने के नाम पर 36 हजार हड़पे

**भमोरा,अमृत विचार :** बिजली बिल कम कराने और जमा कराने का झांसा देकर दो मीटर रीडरों द्वारा 36 हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि रुपये वापस मांगने पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़ित ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव बल्लिया निवासी वरुन गुप्ता पुत्र भगवान दास गुप्ता ने बताया कि दो वर्ष पूर्व पड़ोसी गांव के दो युवक, जो मीटर रीडर का कार्य करते हैं, उसके पास आए थे। दोनों ने बिजली बिल कम कराने और जमा कराने का भरोसा देकर उससे 36 हजार रुपये ले लिए। कुछ माह बाद जब उसने बिल जमा होने की रसीद मांगी तो आरोपी टालमटोल करने लगे।

पीड़ित का आरोप है कि रसीद न मिलने पर जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो दोनों युवक भड़क गए। उन्होंने न सिर्फ गाली-गलौज की बल्कि साफ कह दिया कि रुपये वापस नहीं मिलेंगे। आरोप है कि शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी भी दी गई।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 18 मई 2026



## न्यूज ब्रीफ

### प्रेमजाल में फंसाकार पति को प्रताड़ित करने का आरोप

**बहेड़ी अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव मितीपुर में एक महिला ने युवती और उसके परिजनों पर उसके पति को ब्लैकमेल कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता अनीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव सिंह गौटिया निवासी एक युवती पिछले पांच वर्षों से उसके पति सुरेश कुमार को प्रेमजाल में फंसाकर रुपये-पैसों की मांग कर रही थी। युवती और परिजन ब्लैकमेल कर उससे काफी रकम वसूल चुके हैं और रुपये देने से मना करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। शनिवार सुबह आरोपी रमेश, नरेश, गंगा देई, करन मास्टर और रूबी उनके घर में घुस आए तथा पति के साथ मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिया। लगातार प्रताड़ना और अपमान से परेशान होकर सुरेश कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर स्थिति में बरेली रेफर कर दिया गया।

### मुख्य अभियंता से शिकायत की

**कैंट, अमृत विचार** : आंधी से लाल फाटक विद्युत उपकेंद्र के इलाके नवीनगर, लखौरा, पालपुर, कमालपुर, रहमानपुर समेत कई गांवों में विद्युत पोल टूट गए, और ट्रांसफार्मर भी खराब हो गए। नवीनगर, गुलाब नगर के गांव अंधकार से डूबे हैं। शनिवार को लखौरा गांव की ग्राम प्रधान कमलेश ने मुख्य अभियंता को शिकायती पत्र दिया है।

# अफीम तस्करी गिरोह की चार महिलाओं समेत छह गिरफ्तार

## 21 किलो से अधिक अफीम बरामद, अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 60 लाख रुपये

संवाददाता, देवरनियां

- दो दिन में देवरनियां पुलिस को मिली सफलता

**अमृत विचार** : देवरनियां कोतवाली पुलिस और एएनटीएफ यूनिट मेरठ व बरेली की संयुक्त टीम ने दो दिनों के भीतर अंतरराज्यीय अफीम तस्करी गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार महिला तस्करों समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 21.121 किलोग्राम अवैध अफीम और कई मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। तस्कर अफीम की सप्लाई उत्तराखंड क्षेत्र में करते थे।

पुलिस के अनुसार शनिवार को एएनटीएफ यूनिट मेरठ और देवरनियां पुलिस को सूचना मिली थी कि बिहार और नेपाल की कुछ महिलाएं भारी मात्रा में अफीम लेकर उत्तराखंड जा रही हैं। सूचना पर कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बरेली-नैनीताल हाईवे पर वसुपुरा ठाल के सामने घेराबंदी कर दोपहर करीब 1:50 बजे चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार महिलाओं में सीता देवी निवासी पूर्वी चम्पारण बिहार, तेतरी देवी निवासी मोतिहारी बिहार, राजकुमारी निवासी परसा मधेश नेपाल तथा उर्मिला निवासी पश्चिमी चम्पारण बिहार शामिल हैं।

पुलिस ने प्रत्येक महिला के पास से दो-दो पैकेट अफीम बरामद किए। कुल बरामद अफीम का वजन 8.121 किलोग्राम निकला। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

पूछताछ में महिलाओं ने आर्थिक तंगी के चलते लंबे समय से अफीम तस्करी करने की बात स्वीकार की। पुलिस को बरामद मोबाइल फोन से कई संदिग्ध नंबर मिले हैं, जिनके आधार पर नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश जारी है।

वहीं रविवार को देवरनियां पुलिस और एएनटीएफ यूनिट बरेली की टीम ने बिचपुरी गांव के पास से झारखंड निवासी विशाल कुमार और अजय कुमार को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 13 किलोग्राम अफीम और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। दोनों आरोपियों को भी जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में देवरनियां कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी,

एसआई विकास यादव, पुष्पेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल शिवम कुमार और एएनटीएफ यूनिट बरेली की टीम शामिल रही।



अफीम तस्करी में गिरफ्तार महिलाएं ● अमृत विचार


अफीम तस्करी में गिरफ्तार युवक। ● अमृत विचार

# अपने हक के लिए करें संघर्ष: पल्लवी

संवाददाता, नवाबगंज।

- अपना दल एस छोड़ सैकड़ों कार्यकर्ता कमेरावादी में शामिल
- डॉ. पल्लवी पटेल ने नवाबगंज में किया कार्यालय का उद्घाटन

**अमृत विचार** : अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सिराथू से विधायक डॉ. पल्लवी पटेल का रविवार को नवाबगंज में आगमन हुआ। उन्होंने नवाबगंज में एडवोकेट सुरेश पटेल के आवास पर अपना दल कमेरावादी के पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. पल्लवी पटेल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के समर्थन में लोगों से अपने हक और अधिकारों के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान अपना दल (एस) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता और पदों से इस्तीफा देकर अपना दल कमेरावादी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी कार्यालय पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने डॉ. पल्लवी पटेल का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष पद पर एडवोकेट सुरेश पटेल को जिम्मेदारी दी।

कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष आनंद मोहन पटेल ने किया। इस दौरान अपनादल कमेरावादी के जिलाध्यक्ष सुभाष पटेल के नेतृत्व में जुटी भीड़ देखकर विधायक ने प्रसन्ना जताई। जिलाध्यक्ष सुभाष पटेल ने बताया कि जिले में अपनादल के 80 फीसदी सदस्यों ने जुझारू विधायक डा. पल्लवी पटेल के नेतृत्व में आस्था दिखाते हुए अपनादल कमेरावादी की सदस्यता ग्रहण की है।

सभा में मुनेंद्र पटेल, पोशाकी लाल गंगवार, धर्मेंद्र पटेल, धर्मेंद्र गंगवार, भगवान दास, जगदीश चंद्र गंगवार, हरीश पटेल, एडवोकेट शोभाराम प्रजापति, ललित गंगवार, छोटेलाल राठौर, अमर सिंह गंगवार, त्रिभुवन गंगवार, खेमकरण गंगवार, सुरेंद्र कुमार गंगवार, राम बहादुर गंगवार, प्रमोद गंगवार, सुनील शर्मा, आशा देवी गंगवार, गजेंद्र सिंह पटेल, नितिन गौड़, हर्षित पटेल, राम रघुवर गंगवार, धनेंद्र कुमार, काशीराम, हर प्रसाद समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


विधायक डा. पल्लवी की मौजूदगी में लोग अपनादल कमेरावादी में शामिल हुए।

# अमर ज्योति के निदेशकों के घरों पर नोटिस चस्पा

**बरेली/बदायूं अमृत विचार**: अमर ज्योति यूनिवर्स लिमिटेड कंपनी के निदेशकों पर सख्ती तेज हो गई है। कंपनी पर सैकड़ों लोगों के रुपयों के गबन और फर्जीवाड़ा का आरोप है। इस मामले में आरोपी फरार चल रहे हैं। तीन फरार आरोपियों पर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने तीन फरार आरोपियों के घर पर नोटिस चस्पा किए हैं।

आरोपी कंपनी के निदेशक बरेली के कटरा चांद खां की राधिका कुंज कॉलोनी निवासी शशिकांत मौर्य, सूर्यकांत मौर्य, श्रीकांत मौर्य की गिरफ्तारी के लिए उनके घरों पर मुनादी करके उद्घोषणा तामील कराई है। तीन फरार आरोपियों को चेतावनी दी गई है कि अगर वह कोर्ट में उपस्थित नहीं होते हैं तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर की टक्कर से ऑटो में सवार दंपती समेत 4 की मौत

संवाददाता, शाहजहांपुर/कांट

- स्कूटी को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, चालक डंपर छोड़कर फरार, दो बार पलटा टैंपो

**अमृत विचार**। कांट रोड पर स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में ऑटो रिक्शा को डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे ऑटो रिक्शा में सवार दंपती समेत 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक समेत 3 घायल हो गए।

रविवार दोपहर साढ़े 12 बजे ऑटो रिक्शा सवारियां लेकर बरेली मोड़ से जलालपुर की ओर जा रहा था। कांट रोड पर ऑटो चालक ने स्कूटी सवार को बचाने का प्रयास किया, जिससे ऑटो रिक्शा कट मारने के बाद गलत साइड में आ गया। तभी जलालपुर से बरेली मोड़ की ओर जा रहे डंपर ने ऑटो रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ऑटो दो बार पलटते हुए दूर जाकर गिरा। ऑटो सवार दंपती समेत सात लोग घायल हो गए। कांट पुलिस ने घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। जहां राम क्षत्रिय पत्नी सनी कुमार निवासी बबक्करपुर थाना कांट, इकबाल उर्फ कल्लू निवासी यूसुफजई थाना जलालाबाद, उसकी पत्नी राबिया उर्फ गुड़िया को मृत घोषित कर दिया। राम क्षत्रिय के घायल बेटे कृष्णा, पुत्री मुस्कान, अयान और अनूप को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया।


टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त आटो।

# 5 इंजीनियर नपे, कार्यदायी संस्था बची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरदारनगर में ढहा था 3.62 करोड़ का टैंक, कुछ लोग हो गए थे घायल
- एक्सईएन, दो एई और दो जेई के निलंबन के बाद निर्माण कंपनी की भूमिका पर उठ रहे सवाल

**अमृत विचार** : सरदारनगर में 3.62 करोड़ रुपये की लागत से बना ओवरहेड टैंक ढहने के मामले में भले ही जल निगम ग्रामीण की एक्सईएन कुमकुम गंगवार, दो सहायक अभियंता दो और जेई को सस्पेंड कर दिया गया हो, लेकिन इस पूरी घटना में सबसे बड़ा सवाल कार्यदायी संस्था ''''एनसीसी लिमिटेड'''' को लेकर उठ रहा है। बिना सॉइल टेस्टिंग के बलुई मिट्टी पर टैंक खड़ा करने वाली इस हैदराबाद की कंपनी के खिलाफ अब तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। कंपनी को केवल नोटिस का झुनझुना थमा दिया गया है।

दरअसल, हर घर नल योजना' के तहत साल 2019 से इस परियोजना का जिम्मा लेने वाली कंपनी एनसीसी ने जिले के 1801 गांवों में पाइपलाइन बिछाने और करीब 877 ओवरहेड टैंक बनाने का ठेका ले रखा है। 75 फीसदी काम पूरा होने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, लेकिन सरदारनगर की घटना ने इस पूरे प्रोजेक्ट की साख पर सवाल खड़ा कर दिया है। डर इस बात को लेकर है जब एक टैंक बिना बारिश झेले धराशायी हो गया, तो कंपनी की ओर से बनाए जा रहे बाकी 800 से अधिक टैंक सुरक्षित हो सकते हैं।

इधर, सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात यह है कि इस गंभीर लापरवाही में चार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए और कई बाल-बाल बचे, फिर भी कंपनी पर शिकंजा नहीं कसा गया। जल शक्ति मंत्री के निर्देश पर महकमे ने छोटे-बड़े अफसरों को तो सस्पेंड कर दिया, मगर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने से हाथ पीछे खींचे जा रहे हैं। प्रशासन के स्तर से केवल जिले में कंपनी की ओर से बनाए गए सभी ओवरहेड टैंक की जांच कराने की बात कही जा रही है।

# एनआईए ने संदिग्ध आतंकी के घर खंगाले

संवाददाता, स्वार

- नरपतनगर में एनआईए की टीम ने दोनों के परिजनों से की पूछताछ

**अमृत विचार** : अहमदाबाद में पकड़े गए संदिग्ध आतंकी फैजान सलमानी मामले में एनआईए की टीम जांच के लिए नगर पंचायत नरपत नगर पहुंची। एनआईए की टीम में शामिल सदस्यों ने फैजान और उसके दोस्त मुकीम के घरों पर छापेमारी कर परिजनों से पूछताछ की। दोनों युवकों के परिवार से कई घंटे तक जानकारी जुटाई। टीम के पहुंचने के बाद गांव में सन्नाटा है।

गुजरात के अहमदाबाद में पकड़े गए संदिग्ध आतंकी नगर पंचायत नरपत नगर निवासी फैजान शेख उर्फ फैजान सलमानी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम रविवार सुबह तहसील स्वार के ग्राम नरपतनगर पहुंची।

रविवार सुबह करीब 6:30 बजे एनआईए टीम फैजान सलमानी के घर पहुंची और घर का कोना कोना खंगाला। टीम ने वीडियोग्राफी कराई तथा परिवार के लोगों से कई घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने फैजान के पिता शकील अहमद सलमानी के मोबाइल फोन की भी जांच की और घर में रखा एक कीपैड मोबाइल अपने साथ ले गई। परिवार के मुताबिक पति-पत्नी एक ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं। बताया कि छापेमारी के समय शकील अहमद शादी समारोह में खाना बनाने गए हुए थे। बाद में टीम के सदस्यों ने उन्हें अहमदाबाद पहुंचने के लिए कहा। परिजनों के अनुसार शकील ईद से पहले बेटे फैजान से जेल में मिलने भी गए थे। उधर टीम के कुछ सदस्य मेन रोड स्थित मुन्ना के घर पहुंचे और वहां मुकीम के संबंध में जानकारी जुटाई।

बताया जा रहा है कि मुकीम फैजान का मित्र है। पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडे ने बताया कि एनआईए की टीम के नरपतनर पहुंचने की जानकारी है। टीम ने दोनों युवकों के परिजनों से पूछताछ की है।


संदिग्ध आतंकी फैजान का घर।

# प्रधानाचार्य ने 5वीं की छात्रा से की अश्लील हरकत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय की घटना, आरोपी निलंबित
- गजरौला पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार**: मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कक्षा पांच की छात्रा से छेड़छाड़ की। इसके बाद उसे डराया-धमकाया और फिर बताते हैं कि बचने के लिए परिवार से सुलह करने के प्रयास शुरू कर दिए। मगर, इसी बीच मामला अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा और गाज गिर ही गई।

बीएसए ने उसे निलंबित कर दिया है। गजरौला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय की है। गांव की ही कक्षा पांच की छात्रा को पिछले कुछ दिन से विद्यालय का प्रधानाचार्य मोहन स्वरूप (46) आपत्तिजनक हरकत कर रहा था। 14 मई को इंटरवल के दौरान आरोपी शौचालय में ले गया और वहां पर अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। बच्ची से जुड़ा मामला होने पर बीएसए रोशनी सिंह ने प्रधानाचार्य मोहन स्वरूप को निलंबित कर दिया। रविवार को परिवार ने तहरीर दी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धारों में रिपोर्ट दर्ज की।

# पानी का कारोबार जारी राजस्व को लग रहा चूना

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- घरेलू कनेक्शन पर हो रहा व्यवसाय
- पानी को साफ करने वाले प्यूरीफायर भी नहीं लगाए

> बिथरी ब्लॉक में एक भी लाइसेंस जारी नही किया गया है।अगर प्लांट चल रहे हैं तो वह अवैध है।इनके खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जायगी।
> –सौरभ शाह, सीनियर हाईड्रियोलॉजिस्ट, भूगर्भ जल

**अमृत विचार**: पानी के अवैध कारोबार का मकड़जाल गाँव गाँव फैलता दिखाई दे रहा है।जिससे पानी पीने वाले लोगों की सेहत से भी खिलवाड़ हो रहा है।लेकिन,विभागीय अफसरों की नजर फिलहाल इधर नही पड़ रही है।

बिथरी क्षेत्र में अधिकतर प्लांट वाले सीधे बोरिंग(समर) का पानी जार में भरकर सप्लाई कर रहे हैं। लोगो के पास पहुंच रहे पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। भू-जल बोर्ड भी इसकी जांच नही करता है ।इसलिए गावो में ये कारोबार बढ़ता जा रहा है।

जिसकी वजह से क्षेत्र का भू-जल और नीचे जा रहा है। ज्यादातर गाँव में पानी के जार की एक-दो अवैध प्लांट खुल गए हैं। ये कंपनियां आम आदमी के घर का सारा भू-जल धरती के नीचे से चुराकर बेच दे रही हैं। क्षेत्र में पानी का कारोबार करने वाले 90 प्रतिशत प्लांट अवैध बताए जा रहे हैं। बिथरी चैनपुर क्षेत्र के नरियावल,उडला जागीर,आलमपुर गजरौला, सैदपुर खजुरिया,परसौना,कुआं डांडा, भिंडऔलिया,परातासपुर समेत कई गांवों में कई कई अवैध पानी के प्लांट चलाये जा रहे हैं। कुछ ग्रामीणों ने बताया की एक दो छोड़कर सभी प्लांट अवैध रूप से ही चलाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया प्लांट में पानी को साफ करने वाले प्यूरीफायर तक नहीं लगाए गए हैं। इससे साफ पानी देने का दावा करने वाले कारोबारी जनता को स्वच्छ पानी भी नहीं पिला रहे हैं। हालत यह है कि बोरिंग का पानी ही सीधे डिब्बों में भरकर घरों में भेज दिया जा रहा है और घर में उसे स्वच्छ समझकर प्रयोग किया जा रहा है। जबकि यह पूरी तरफ साफ नहीं है।

प्लांट में कॉमर्शियल बिजली का मीटर भी नहीं लगा हुआ है। घरेलू मीटर से ही काम चल रहा है। पानी की शुद्धता जांचने के लिए भी प्लांट में कोई उपकरण नहीं लगाए गए हैं।

# पाइप लाइन की खुदाई से गांव का रास्ता हुआ बंद

संवाददाता, भोजीपुरा

- पिपरिया गांव में मुख्य रास्ते में एक साल से चल रहा कार्य

**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के पिपरिया में गांव के बीचो-बीच से मुख्य रास्ते पर कई दिन से पानी पाइप लाइन की खुदाई कार्य चल रहा है । ग्रामीणों के मुताबिक जो कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व शुरू हुआ था जो अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है । कर्मचारियों ने गांव में दोबारा से पाइपलाइन खुदाई कार्य शुरू कर दिया है । जिस कार्य की गति बहुत धीमी बताई जा रही है । गांव का प्रमुख मार्ग पूर्णता बंद हो गया है । गांव के सभी रास्ते खुदे पड़े हैं । जिससे उनका जीवन अस्त-व्यस्त है । ग्रामीणों का कहना है शादियों का सीजन है । गांव में पहुंचने वाली बारात वाहनों को भी दूर छोड़कर आना पड़ रहा है ।

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना सं०—02 वर्ष 2026—27

अधोलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्ज्तनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है :—
(1) कार्यों का विवरण : इज्जतनगर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रिले रूम में Aspiration टाइप फायर एलार्म सिस्टम तथा ओ.ए.सी. रूम/एक्सचेंज रूम में multi smoke sensor की आपूर्ति, स्थापना, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग। अनुमानित लागत : ₹ 3,99,10,114.86, बयाना राशि : ₹ 7,98,200, कार्य समापन अवधि : 9 माह। ई—निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: दिनांक 08.06.2026 को 11:00 बजे। ● पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई—निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर,
पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर
मुजाधि/सिगनल — 34

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक : 53/मु.अभि./नि.वि./2025-26 दिनांक 16.05.2026

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ -5 -149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई - प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 01 से 08 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 18.05.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 18.05.2026 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 25.05.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 25.05.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड—बरेली।
कार्यालय का पता :—विकास भवन, बरेली।

(निविदा सूचना)

पत्रांक :—412/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026—27/दिनांक :—02.05.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :—

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :—

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी सहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बरेली | वार्ड—53 मोहल्ला कोटा में सुरेन्द्र गौड के मकान से विपिन वर्मा के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 1.385 | 2800.00 | 589.00 | 03 माह |
| 2. | बरेली | वार्ड—01 में रोहित के घर से कालीचरण महावीर पन्टर से मन्दिर तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 9.159 | 18400.00 | 766.00 | 03 माह |
| 3. | बरेली | वार्ड—01 बिहारीपुर में बाबू सिंह से सोनी के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 2.452 | 5000.00 | 589.00 | 03 माह |
| 4. | बरेली | वार्ड—07 अरविन्द वर्मा जी वाली गली तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 3.187 | 6400.00 | 677.00 | 03 माह |
| 5. | बरेली | वार्ड—07 के अनुपम नगर, सुभाषनगर में श्री रामश्री के प्लाट से सुशील कश्यप के प्लाट तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 3.924 | 7900.00 | 677.00 | 03 माह |
| 6. | बरेली | वार्ड—32 में राधा कमल सारस्वत एडवोकेट वाली गली में सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 5.150 | 10300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 7. | बरेली | वार्ड—21 सुभाष नगर में सुशील वाली गली में सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 4.658 | 9400.00 | 677.00 | 03 माह |
| 8. | बरेली | वार्ड—53 रोहली टोला में विशाल वर्मा के मकान से वसीम अहमद के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 2.027 | 4100.00 | 589.00 | 03 माह |
| 9. | बरेली | वार्ड—25 मढीनाथ में राकेश बाजपेयी से शर्मा के मकान तक (भरत मैया वाली डेरी तक) सी0सी0 सडक निर्माण। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 6.582 | 13200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 10. | बरेली | वार्ड—12 में 84 घण्टा मन्दिर के पीछे अनिल के मकान से नन्द किशोर के मकान तक सी0सी0 सडक व नाली निर्माण। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 9.625 | 19300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 11. | बरेली | वार्ड—06 में नवादा शेखान धनीराम डिब्बे वाली गली के बराबर से भगवान दास कारीगर तक नाली एवं सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 4.942 | 9900.00 | 677.00 | 03 माह |
| 12. | बरेली | वार्ड—21 सुभाषनगर नागपाल वाली गली में खन्ना बिल्डिंग के पीछे सी0सी0 सडक व नाली निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 1.092 | 2200.00 | 589.00 | 03 माह |
| 13. | बरेली | वार्ड—12 में पवन के मकान से अनिल के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0—कैण्ट क्षेत्र) | 6.381 | 12800.00 | 766.00 | 03 माह |
| 14. | बरेली | वार्ड—07 कृष्णानगर में छात्रावास के नजदीक अजीत वाली गली में सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 3.312 | 6700.00 | 677.00 | 03 माह |
| 15. | बरेली | ग्राम सेडा में रामवती के मकान से मास्टर राम भरोसे लाल के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य (वि0नि0—भोजीपुरा) | 3.906 | 7900.00 | 677.00 | 03 माह |
| 16. | बरेली | ग्राम दोहना पीतम राय में अब्दुल रशीद के घर से हरदयाल यादव के घर तक सी0सी0 व नाली कार्य। (वि0नि0—भोजीपुरा) | 9.068 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |

2. निविदा विक्री की अवधि दिनांक : 08.06.2026 से 10.06.2026 तक (पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 11.06.2026 मध्याहन 12.00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन जनपद—बरेली।
5. निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 11.06.2026, अपरान्ह 12.30 बजे
6. अधिक जानकारी के लिये कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन जनपद—बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :— उपरोक्त समस्त कार्यों की निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

UP - 251227 दिनांक: 15/05/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड—बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

**न्यूज ब्रीफ**

### बुलेट ट्रेन : विक्रोली में उतरा पहली टनल बोरिंग मशीन का कटरहेड

**मुंबई।** मुंबई के पूर्वी उपनगर विक्रोली में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत सुरंग निर्माण के लिए पहली 'टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम)' का 'कटरहेड' (खुदाई करने वाला उपकरण) नीचे उतारा गया है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बयान के अनुसार, 13.6 मीटर व्यास और 350 टन वजन वाले 'कटरहेड' को नीचे उतारा गया, जो हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना के लिए टीबीएम के मुख्य शील्ड की प्राथमिक असेंबली का अंतिम चरण है। 21 किलोमीटर लंबी सुरंग के 16 किलोमीटर खंड के निर्माण के लिए दो टीबीएम मशीन को जोड़ा जा रहा है, जिनमें से प्रत्येक का वजन 3,000 टन से अधिक है।

### फ्रिज का कंप्रेशर फटने से दुकान में लगी भीषण आग, भारी नुकसान

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के देहात थाना क्षेत्र में शीतल पेय की एक दुकान में रखे फ्रिज का कंप्रेशर फटने से भीषण आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि हवाई पट्टी क्षेत्र में बीती रात शीतल पेय की दुकान में रखे फ्रिज का कंप्रेशर अचानक फट गया, जिससे पूरी दुकान में आग फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हिमाचल: शहरी निकाय चुनावों में 69.16% मतदान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 51 शहरी स्थानीय निकायों के लिए चुनाव के तहत रविवार को 69.16 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने बताया कि पूरे राज्य में मतदान शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि नगर परिषदों और नगर पंचायतों में 72.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि नगर निगमों में 63.44 प्रतिशत मतदान हुआ, हालांकि मतदान का यह प्रतिशत थोड़ा अधिक हो सकता है। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला, सोलन, मंडी और पालमपुर नगर निगमों सहित 51 शहरी निकायों के लिए मतदान रविवार सुबह शुरू हुआ और अपराह्न तीन बजे समाप्त हुआ।

### राजस्थान: एसयूवी पलटी, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के बालोतरा जिले में भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर रविवार को तेज रफ्तार एसयूवी के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे सहित तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, एसयूवी में सवार सभी लोग गुजरात से रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे थे। यह हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए।

# कोलकाता में बुलडोजर कार्रवाई को लेकर पुलिस और पब्लिक की भिड़ंत, लाठीचार्ज

## महिलाओं पर भी बरसीं पुलिस की लाठियां, तीन पुलिस अधिकारी घायल, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता के तिलजला में हाल ही में हुई 'बुलडोजर कार्रवाई' के खिलाफ प्रदर्शन रविवार को हिंसक हो गया। पार्क सर्कस इलाके में प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया, जिसमें अधिकारी घायल हो गए, साथ ही कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठीचार्ज किया, जिसकी जद में कई महिलाएं भी आ गईं।

तिलजला में एक फैक्टरी में आग लगने की घटना में दो लोगों की मौत के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने पिछले बुधवार को इलाके में अवैध ढांचों को गिराने के लिए बुलडोजर चलाया था। अधिकारियों ने दावा किया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में लोग पार्क सर्कस सेवन प्वाइंट क्रॉसिंग के पास इकट्ठा हुए और सड़कों को अवरुद्ध करने की कोशिश की। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया तो उसमें शामिल कुछ लोग पथराव करने लगे। घटना के बाद बड़ी संख्या में कोलकाता पुलिस और केंद्रीय बलों के जवानों को इलाके में तैनात किया गया।

कोलकाता पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त आशीष बिस्वास ने कहा कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया, कुछ लोगों ने सड़क अवरुद्ध करने की कोशिश की। यह एक अवैध जमावड़ा था। पुलिस प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश कर रही थी, तभी उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। हिंसा के मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा में शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। बिस्वास ने कहा, पुलिस पर हमले में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




कोलकाता में विरोध प्रदर्शन कर रही भीड़ ने पुलिस और केंद्रीय बलों के जवानों ने लाठीचार्ज किया।

### लोग बोले, लाउडस्पीकरों और सड़क पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाने से था गुस्सा

कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया कि धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल और सड़कों पर प्रार्थना करने पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर असंतोष ने तनाव बढ़ाया। शुक्रवार को कोलकाता के राजाबाजार इलाके में लोगों के समूह ने सड़क पर नमाज अदा करने का प्रयास किया, जिससे वहां तनाव पैदा हो गया। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उस क्षेत्र में पहुंचे और लोगों से सड़क खाली करने को कहा, जिस पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। स्थानीय समुदाय का कहना था कि सड़कों पर जुमे की नमाज अदा करना इलाके में लंबे समय से चली आ रही प्रथा है, जबकि प्रशासन का कहना था कि यातायात की सुचारु रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सड़कों को खाली रखना आवश्यक है। हालांकि, पुलिस ने राजाबाजार की घटना और रविवार को पार्क सर्कस इलाके में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शन के बीच सीधे संबंध के कोई संकेत नहीं दिए। अधिकारियों ने गिरफ्तार लोगों की संख्या भी नहीं बताई, न यह बताया कि क्या हिंसा के दौरान कोई प्रदर्शनकारी भी घायल हुआ।

### ममता बनर्जी ने कहा- बुलडोजर राजनीति में विश्वास नहीं करता बंगाल



**कोलकाता।** पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के कुछ हिस्सों में की गई बेदखली और अतिक्रमण रोधी अभियानों को बुलडोजर की राजनीति करार दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि इन अभियानों ने अशांति को जन्म दिया और आम लोगों को दिक्कत में डाला है। घरों से लेकर फेरीवालों की दुकानों तक गरीब लोग राजनीतिक अहंकार की कीमत चुका रहे हैं। बंगाल बुलडोजर की राजनीति में विश्वास नहीं करता। टैगोर और नेताजी की धरती पर भय, बल और आम नागरिकों के खिलाफ तोड़फोड़ के अभियानों के जरिए शासन नहीं किया जा सकता। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि ये घटनाक्रम कमजोर वर्गों की गरिमा और आजीविका पर हमले हैं। आज हम जो देख रहे हैं वह बंगाल के लोगों की गरिमा पर हमला है जिन्होंने एक एक ईंट जोड़कर अपना जीवन बनाया है। उनकी ये टिप्पणियां हावड़ा स्टेशन के आसपास व्यापक अतिक्रमण रोधी और तोड़फोड़ अभियान और पार्क सर्कस क्षेत्र में हो रहे विरोध प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में आई हैं।

# सिक्किम में एक जून से लागू होगा आनंद विवाह अधिनियम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विधि मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना विवाह पंजीकरण करा सकेंगे सिख

सिख दंपतियों को अपने विशिष्ट कानूनी ढांचे के तहत पारंपरिक विवाह पंजीकृत करने में सक्षम बनाने वाला आनंद विवाह अधिनियम सिक्किम में एक जून से लागू हो जाएगा। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने यह घोषणा की है।

इस अधिनियम से सिक्किम में सिख समुदाय के सदस्यों को पारंपरिक 'आनंद कारज' समारोह के तहत संपन्न विवाहों को सीधे पंजीकृत कराने की सुविधा मिलेगी। सितंबर 2025 में उच्चतम न्यायालय के एक फैसले ने राज्य में 1909 के कानून के कार्यान्वयन को गति प्रदान की। पंजीकरण के उद्देश्य से, कई सिख जोड़े 1955 के हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अपना विवाह पंजीकृत कराते हैं। विधि मंत्रालय द्वारा 14 मई को जारी अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार सिक्किम राज्य में आनंद विवाह अधिनियम, 1909 के प्रावधानों के लागू होने की तिथि एक जून, 2026 निर्धारित करती है।

सिक्किम द्वारा स्थानीय पंजीकरण प्रक्रियाओं को रेखांकित करने के लिए आधिकारिक सिक्किम आनंद विवाह पंजीकरण नियम, 2026 तैयार और अधिसूचित किए जाने के बाद विधि मंत्रालय ने यह तिथि अधिसूचित की। सितंबर 2025 में अमनजोत सिंह चड्ढा बनाम भारत संघ मामले में उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले के बाद नियमों को अधिसूचित किया गया था, जिसने कानून में प्रशासनिक खामियों को दूर किया था। वर्ष 2012 में कानून में किए गए संशोधन के तहत 1909 के आनंद विवाह अधिनियम के अंतर्गत विवाहों के पंजीकरण के लिए राज्य स्तरीय तंत्र की शुरुआत की गई थी।

सिक्किम समेत कई राज्यों ने नियम नहीं बनाए थे। उच्चतम न्यायालय ने इन राज्यों से नियम बनाने को कहा था। इन राज्यों में नियमों के अभाव का मतलब था कि या तो वे अपनी शादी का पंजीकरण न कराएं या फिर व्यापक हिंदू विवाह अधिनियम के तहत ऐसा करें।

# नागपुर : छात्रवृत्ति के लिए सैकड़ों आदिवासी छात्रों का धरना शुरू

**नागपुर, एजेंसी**

- आधी रात को आदिवासी विकास आयुक्त कार्यालय के बाहर बैठे

महाराष्ट्र के नागपुर में आदिवासी छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति, शैक्षणिक खर्च और निर्वाह भत्ता न मिलने के कारण 500 से अधिक छात्रों ने आधी रात से आदिवासी विकास आयुक्त कार्यालय के सामने धरना आंदोलन शुरू कर दिया।

छात्रवृत्ति, पढ़ाई का खर्च और गुजारा भत्ता समय पर न मिलने से नाराज छात्रावास के सैकड़ों छात्रों ने धरने में हिस्सा लिया और प्रशासन के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। धरना दे रहे छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रवृत्ति और दूसरे वित्तीय फायदे मिलने में देरी की वजह से उनके लिए अपनी रोजाना की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। अपने हक का पैसा न मिलने से छात्रों की उच्च शिक्षा पर भी बुरा असर पड़ रहा है। छात्रों ने कहा कि संबंधित विभाग से बार-बार संपर्क करने के बाद भी उन्हें प्रशासन से केवल खोखले वादे मिले जिससे उनमें निराशा बढ़ती गई।

आधी रात से चल रहे इस धरना-प्रदर्शन से आदिवासी विकास आयुक्त कार्यालय के आस-पास तनाव वाला माहौल बन गया है। छात्रों ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का एलान करते हुए आक्रामक रवैया अपना लिया है और कहा है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मान ली जातीं, वे धरने की जगह से नहीं हटेंगे। अब सबका ध्यान इस बात पर है कि प्रशासन क्या समाधान देगा और छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति कब दी जाएगी। उन्होंने कहा, हमने अपनी सही छात्रवृत्ति और भत्तों के लिए बार-बार प्रशासन से बात की है। लेकिन हमारी मांगों को नजरंदाज किया गया। अब जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं और हमें लिखकर भरोसा नहीं मिल जाता, हम धरना पर से नहीं उठेंगे।

# केरल : सतीशन 20 मंत्रियों के साथ आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल के नामित मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने रविवार को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले 20 सदस्यीय मंत्रिमंडल बनाने की घोषणा की। सतीशन ने बताया कि उनके मंत्रिमंडल में 14 सदस्य ऐसे होंगे जो पहली बार मंत्री बनेंगे, जिनमें दो महिलाएं और अनुसूचित जाति समुदाय के दो सदस्य शामिल हैं।

आईयूएमएल सहित सहयोगी दलों को कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ मंत्रिमंडल में जगह दी गई है, जो सोमवार को शपथ ग्रहण करेगा। नामित मुख्यमंत्री ने लोक भवन में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को मंत्रियों की सूची सौंपने के बाद कहा कि गठबंधन के नेताओं के बीच चर्चा के बाद सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए नामों को अंतिम रूप दिया गया है। सतीशन ने मुख्यमंत्री बनने पर यात्रा के दौरान छोटे काफिले का इस्तेमाल करने के निर्णय पर कहा कि वह 'नेहरूवादी समाजवादी' हैं और जनता को होने वाली असुविधा को कम करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है।



राज्यपाल को मंत्रियों की सूची सौंपी।

सतीशन द्वारा घोषित भावी मंत्रियों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री रमेश चेन्निथला, के मुरलीधरन और ए पी अनिल कुमार के अलावा केपीसीसी प्रमुख सनी जोसेफ शामिल हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के वरिष्ठ नेता पी के कुन्हालीकुट्टी, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) नेता शिबू बेबी जॉन, केरल कांग्रेस नेता मॉन्स जोसेफ और केरल कांग्रेस (जैकब) नेता अनूप जैकब भी मंत्री बनेंगे। इन सभी ने पिछली संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया है। सतीशन मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले नए चेहरों में सी पी जॉन और आईयूएमएल के नेता एन शम्सुद्दीन, के एम शाजी, पी के बशीर और वी ई अब्दुल गफूर शामिल हैं।

कांग्रेस के नेता पी सी विष्णुनाद, रोजी एम जॉन, बिंदू कृष्णा, टी सिद्दीकी, के ए तुलसी और ओ जे जनीश भी पहली बार मंत्रिमंडल का हिस्सा होंगे। यूडीएफ ने वरिष्ठ विधायक थिरुवनचूर राधाकृष्णन को विधानसभा अध्यक्ष नामित करने का भी निर्णय लिया है, जबकि शनिमोल उस्मान उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। सतीशन के कार्यालय ने बाद में सूचित किया कि थोडुपुझा से निर्वाचित केरल कांग्रेस अध्यक्ष पीजे जोसेफ के बेटे अपू जॉन जोसेफ विधानसभा में यूडीएफ के मुख्य सचेतक होंगे।

### नीट-यूजी पेपर लीक : सीबीआई का लातूर के कोचिंग संस्थान पर छापा

**लातूर।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई ने रविवार को महाराष्ट्र के लातूर शहर में कोचिंग संस्थान रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेज के मुख्य कार्यालय में छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों ने लातूर के शिवनगर इलाके में स्थित कोचिंग कार्यालय में दोपहर में तलाशी शुरू की, जो देर शाम तक जारी रही। इससे पहले, सीबीआई अधिकारियों ने शुक्रवार को कोचिंग के संस्थापक शिवराज मोटेगांवकर से शिवनगर स्थित उनके आवास पर करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। सीबीआई को संदेह है कि लातूर के कुछ डॉक्टरों ने नीट-यूजी लीक हुए प्रश्नपत्र को खरीदा था।

# बच्चों से माफी मांगे और प्रधान का इस्तीफा लें मोदी: राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- नीट यूजी में लाखों छात्रों का भविष्य खराब करने का आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट-यूजी पेपर लीक विवाद और सीबीएसई मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के बीच रविवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लाखों बच्चों के भविष्य को बर्बाद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को माफी मांगनी चाहिए और केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी लेना चाहिए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के स्कूलों में लागू की जा रही तीन-भाषा नीति के क्रियान्वयन को लेकर भी धर्मेंद्र प्रधान पर हमला बोला। राहुल गांधी ने इन मुद्दों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए मोदी से पूछा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में बार-बार पेपर लीक होने के बावजूद वह उन्हें बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं। राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पहले नीट पेपर लीक हुआ, जिससे 22 लाख छात्र प्रभावित हुए। फिर सीबीएसई की कक्षा 12वीं के छात्रों को खराब ओएसम व्यवस्था के कारण अप्रत्याशित रूप से कम अंक मिले जिनमें से कई ने कॉलेज में दाखिला लेने की पात्रता खो दी।

उन्होंने कहा, अब सीबीएसई की कक्षा 9वीं के लाखों छात्रों को अचानक एक जुलाई से एक नई भाषा सीखने के लिए कहा गया है, जबकि इसके लिए न तो शिक्षक उपलब्ध हैं और न ही पाठ्यपुस्तकें। 14 साल के छात्रों को अस्थायी व्यवस्था के तहत कक्षा छठी की किताबें दी जा रही हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों के हर आयु वर्ग को निराश किया है। कांग्रेस नेता ने कहा, तीन परीक्षाएं। तीन आयु वर्ग। एक मंत्री। धर्मेंद्र प्रधान ने एक बार नहीं, बल्कि एक साथ भारत के हर आयु वर्ग के छात्रों को पूरी तरह निराश किया है।

### ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पारिस्थितिकी तबाही का नुस्खा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना पर एक पत्र लिखकर कहा कि वर्तमान स्वरूप में यह परियोजना पारिस्थितिकी तबाही का कारण बन सकती है।

कांग्रेस नेता इस परियोजना को लेकर लंबे समय से चिंता जता रहे हैं और उनका दावा है कि इससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर प्रभाव होगा और आदिवासी समुदायों के अधिकारों का उल्लंघन होगा। मंत्री को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर कोई दो राय नहीं हो सकती, लेकिन उन्होंने ग्रेट निकोबार परियोजना के आसपास इसकी रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कुछ उपाय सुझाये। नौसेना अधिकारियों ने ऐसे उपायों का प्रस्ताव दिया है जो पारिस्थितिकी को अधिक नुकसान पहुंचाए बिना देश की रक्षा को बेहतर बना सकते हैं।

### अडानी समूह बिहार में कुछ वर्षों में करेगा 50-60 हजार करोड़ रुपये का निवेश

**मस्तीचक।** अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने रविवार को कहा कि समूह अगले कुछ वर्षों में बिहार में 50,000 से 60,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। उन्होंने यह घोषणा सारण जिले में मस्तीचक में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी नई परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान की।

अडानी ने कहा कि समूह की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) इकाई अदाणी फाउंडेशन, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के कार्यों को और मजबूती देने के लिए 150 करोड़ रुपये का सहयोग देगी। इस राशि से मस्तीचक में 'अडानीसेंटर फॉर आई' (एसीई) और 'अडानी ट्रेनिंग इन ऑप्थैल्मिक मेडिसिन' (एटीओएम) की स्थापना की जाएगी। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 10 एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनके जरिए बिहार और दूरदराज क्षेत्रों तक नेत्र चिकित्सा सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

अडानी ने कहा कि समूह पहले ही बिहार के सबसे बड़े निजी निवेशकों में शामिल हो चुका है और उसकी निवेश प्रतिबद्धता लगभग 40,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। इन परियोजनाओं में 27,000 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जा रहा 2,400 मेगावाट क्षमता का अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट शामिल है, जो बिहार में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा निवेश है।

### ऑनस्क्रीन मार्किंग प्रणाली त्रुटिरहित होने के साथ अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप : शिक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली से अंकों पर असर पड़ने की चिंताओं को खारिज करते हुए पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क घटाकर 100-100 रुपये करने की घोषणा की।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ओएसएम पूरी तरह त्रुटिरहित है और पारदर्शी मूल्यांकन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली पद्धति है। स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने कहा, कक्षा 12वीं की 98 लाख उत्तर पुस्तिकाएं स्कैन की गईं और इस प्रक्रिया में सुरक्षा के तीन स्तर अपनाए गए। हालांकि, बार-बार स्कैन के बावजूद कुछ उत्तरपुस्तिकाओं में लिखावट स्पष्ट नहीं हो पा रही थी, क्योंकि उनमें इस्तेमाल की गई स्याही का रंग बहुत हल्का था। स्कैन के बाद भी उन उत्तरपुस्तिकाओं को पूरी तरह पढ़ने योग्य नहीं बनाया जा सका। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में परीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाएं हाथ से जांचने और उसी के अनुसार अंक देने के निर्देश दिए गए। 13,000 से अधिक ऐसी उत्तर पुस्तिकाएं अलग से चिह्नित कर हाथ से जांची गईं और अंक प्रणाली में दर्ज किए गए।

# पीड़ितों में सिर्फ 10-12% रख पाते हैं अपने रक्तचाप पर काबू

**नई दिल्ली,एजेंसी**

**विश्व रक्तचाप दिवस**

भारत में अनुमानित 22 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं लेकिन इनमें से केवल 10 से 12 प्रतिशत ही अपने रक्तचाप को पर्याप्त रूप से नियंत्रित रख पाते हैं। मेदांता द मेडिसिटी हार्ट सेंटर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रो. तरुण कुमार ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर रविवार को कहा, उच्च रक्तचाप एक मूक हत्यारा है और भारत को विश्व की उच्च रक्तचाप राजधानी कहा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप से पीड़ित 50 प्रतिशत से अधिक लोग अपनी स्थिति से अनजान हैं। डॉ. कुमार ने कहा कि जिन लोगों में उच्च रक्तचाप का निदान किया जाता है और उपचार शुरू किया जाता है, उनमें से लगभग आधे लोग दवा लेना बंद कर देते हैं। जो लोग उपचार जारी रखते हैं, उनमें से भी लगभग 50 प्रतिशत लोग पर्याप्त रक्तचाप नियंत्रण प्राप्त करने में विफल रहते हैं। परिणामस्वरूप, केवल कुछ ही




मरीज़ अनुशंसित सीमा के भीतर रक्तचाप बनाए रखने में सक्षम होते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि उच्च रक्तचाप से दिल का दौरा, मस्तिष्क आघात, गुर्दे की विफलता और अन्य गंभीर हृदय संबंधी जटिलताओं का खतरा काफी बढ़ जाता है।

वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार, सामान्य रक्तचाप 120/80 से कम माना जाता है। 130/80 या इससे अधिक रक्तचाप को उच्च रक्तचाप माना जाता है और इसके लिए चिकित्सा की आवश्यकता होती है। डॉ. कुमार ने जोर दिया कि हालांकि कई रोगियों के लिए दवाएं जरूरी हैं, लेकिन उच्च रक्तचाप की रोकथाम में आहार और जीवनशैली में बदलाव बड़ी भूमिका निभाते हैं।

### मृत शिक्षिका की लगाई ड्यूटी, न आने पर किया जवाबतलब

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले में शिक्षा विभाग की एक हास्यास्पद लापरवाही की वजह से करीब एक वर्ष पहले गुजर गई शिक्षिका की विभागीय ड्यूटी लगातार लगती रही और हाल में ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज होने पर उनसे स्पष्टीकरण भी मांग लिया गया।

नगर निगम क्षेत्र स्थित शेखौना मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका अनुपमा कुमारी की जून 2025 में कैंसर से मृत्यु हो गई थी। इसके बावजूद ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर उनका नाम सक्रिय बना हुआ है। विभाग की ओर से अब तक उनकी पांच बार ड्यूटी लगाई जा चुकी है, जिसमें डायट प्रशिक्षण, बिहार बोर्ड परीक्षा तथा जनगणना 2027 से संबंधित कार्य शामिल हैं। परिजनों ने बताया कि शिक्षिका की मृत्यु के बाद विद्यालय प्रशासन ने कई बार बीआरसी बेतिया को लिखित सूचना देकर ई-शिक्षा कोष पोर्टल से उनका नाम हटाने का अनुरोध किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**उपलब्धि**

**वैश्विक स्तर की अंतरिक्ष कंपनी आईसीआईवाईई ने की घोषणा, एक साल के अंदर होगी स्थापना**

# भारत में बनेगा एशिया-प्रशांत का पहला उपग्रह विनिर्माण केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतरिक्ष आधारित खुफिया सेवाओं में वैश्विक स्तर की कंपनी आईसीईवाईई अगले एक वर्ष के भीतर भारत में अपनी पहली विनिर्माण इकाई स्थापित करेगी। इस इकाई में रक्षा, निगरानी और पर्यावरणीय निगरानी के लिए छोटे उपग्रहों का निर्माण किया जाएगा। आईसीईवाईई के सीईओ और सहसंस्थापक राफेल मोद्रजेवस्की ने एक साक्षात्कार में यह घोषणा की।

उन्होंने कहा कि यह इकाई एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए कंपनी का प्रमुख विनिर्माण केंद्र होगी। इससे यूरोप और अमेरिका में उसकी मौजूदा विनिर्माण



गतिविधियों को भी सहयोग मिलेगा। कंपनी के उपग्रह समूह वर्तमान में रक्षा एवं खुफिया सेवाओं से लेकर बीमा और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष सहित वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच आईसीईवाईई की प्रौद्योगिकी की मांग में तेजी आई है। उन्होंने कहा, भारत की जरूरतों और हमारी पेशकशों के बीच मजबूत सामंजस्य है। दुनिया भर में रक्षा खर्च बढ़ रहा है और अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं को तेजी से अपनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, भारत में भी यही दोनों रुझान दिखाई दे रहे हैं। हालिया संघर्षों से देशों को यह समझ में आया है कि अंतरिक्ष अब खुफिया और रक्षा का अगला बड़ा क्षेत्र बन चुका है। हम रक्षा और खुफिया सेवाओं में विशेषज्ञता रखते हैं, इसलिए भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। मोद्रजेवस्की ने कहा कि कंपनी अंतरिक्ष आधारित आंकड़ों पर आधारित राष्ट्रीय खुफिया प्रणालियों में विशेषज्ञता रखती है। उन्होंने कहा कि पहले खुफिया तंत्र कई स्रोतों पर निर्भर होता था, लेकिन अब अंतरिक्ष आधारित प्रणालियां प्रमुख स्रोत बनती जा रही हैं। आईसीईवाईई के पास दुनिया का सबसे उन्नत सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) उपग्रह समूह है और कंपनी अपने ग्राहकों को खुफिया एवं निगरानी सेवाएं उपलब्ध कराती है। मोद्रजेवस्की ने कहा, यह कहना बिल्कुल सही होगा कि भारत यूरोप और अमेरिका के साथ हमारे लिए एशिया-प्रशांत क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

### अभी हर साल 50 उपग्रहों का निर्माण, आगे 100 करेंगे

मोद्रजेवस्की ने कहा कि कुशल प्रतिभाओं की बड़ी उपलब्धता, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और उन्नत खुफिया समाधानों की बढ़ती जरूरत के कारण भारत कंपनी के लिए बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है। वर्तमान में आईसीईवाईई हर साल लगभग 50 उपग्रह बनाती है और 2028 तक इस संख्या को 100 से अधिक करने की योजना है। मोद्रजेवस्की ने कहा, आने वाले वर्षों में हम सैकड़ों और उपग्रह तैनात करने की योजना बना रहे हैं। भारत में निर्मित उपग्रह वैश्विक बाजारों के साथ-साथ स्थानीय मांग को भी पूरा करेंगे। हम भारत में अपनी मौजूदगी को केवल सरकारी ऑर्डर पर निर्भर नहीं बना रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत में निर्मित उपग्रह वैश्विक बाजारों की जरूरतों को पूरा करेंगे और साथ ही स्थानीय मांग को भी सहायता देंगे। हम ऑर्डर बुक की स्थिति से इतर यहां विनिर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अमृत विचार

सोमवार, 18 मई 2026



जब नेता शांति की बात करते हैं, तो आम जनता को पता चल जाता है कि युद्ध आने वाला है।
**बर्तोल्त ब्रेख्त**, जर्मन नाटककार



## आपदाओं का दशक

नीदरलैंड की धरती से प्रधानमंत्री का यह कहना कि 'यह दशक दुनिया के लिए आपदाओं का दशक बनता जा रहा है' बदलती वैश्विक अर्थ-राजनीति का गंभीर आकलन है। कोरोना महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का तनाव, ऊर्जा संकट, आपूर्ति शृंखलाओं का टूटना, जलवायु आपदाएं और संरक्षणवादी अर्थनीतियां—इन सबने मिलकर विश्व व्यवस्था को जिस तरह अस्थिर कर दिया है, उससे दशकों की विकास उपलब्धियां मिट सकती हैं। नीदरलैंड स्वयं भी इस संकट से अछूता नहीं। पिछले वर्षों में उसने भीषण बाढ़, समुद्री तूफानों, ऊर्जा महंगाई और आपूर्ति संकट का सामना किया है। यूरोप में गैस संकट ने उसकी औद्योगिक लागत बढ़ाई, जबकि वैश्विक व्यापार में मंदी ने उसके बंदरगाह-आधारित व्यापार मॉडल को प्रभावित किया। भविष्य में समुद्री जलस्तर वृद्धि, कृषि पर जलवायु दबाव और साइबर-सुरक्षा संकटों की आशंका, वहां गंभीर नीति-विमर्श का विषय हैं, इसलिए मोदी का 'आपदाओं का दशक' वाला कथन शेष दुनिया के साथ डच नेतृत्व के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक था।

विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि महामारी और युद्धों ने करोड़ों लोगों को पुनः गरीबी की ओर धकेला है। महंगाई, ऊर्जा मूल्य वृद्धि और रोजगार संकट का सबसे अधिक असर निम्न एवं मध्यम आय वर्ग पर डालते हैं। भारत में यह चिंता और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि यहां अभी भी बड़ी आबादी बहुआयामी गरीबी से जूझ रही है और लगभग 80 करोड़ लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त राशन पर निर्भर हैं। तेज आर्थिक वृद्धि के बावजूद आय-विषमता, ग्रामीण संकट और अनौपचारिक रोजगार भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोर नसें हैं। भारत के पास विशाल बाजार, युवा जनसंख्या, डिजिटल अवसंरचना और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप नेटवर्क है, परंतु वैश्विक मंदी, ऊर्जा झटके और व्यापार अवरोध भारतीय निर्यात, रोजगार और निवेश को प्रभावित कर सकते हैं। इन संदर्भों में नीदरलैंड यात्रा का आर्थिक पक्ष महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने डच कंपनियों को भारत में 'डिजाइन, इनोवेशन और निवेश' का निमंत्रण दिया है। विशेष रूप से सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, बंदरगाह, जल प्रबंधन, कृषि तकनीक और रक्षा विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग भारत को तकनीकी बढ़त दे सकता है। भारत-नीदरलैंड के बीच हुए 17 समझौतों में सबसे महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर एवं उच्च प्रौद्योगिकी सहयोग माना जा रहा है। टाटा इलेक्ट्रानिक्स और एएसएमएल के बीच समझौता भारत की चिप निर्माण महत्वाकांक्षा को गति दे सकता है।

यदि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला में विश्वसनीय केंद्र बनता है, तो इससे विनिर्माण, रोजगार और निर्यात इन तीनों क्षेत्रों को बड़ा लाभ होगा। नीदरलैंड भारत का 11वां सबसे बड़ा व्यापार साझेदार और चौथा सबसे बड़ा निवेशक है। प्रधानमंत्री की चेतावनी का मूल संदेश यही है कि आज का वैश्विक संकट केवल युद्ध या ऊर्जा तक सीमित नहीं, बल्कि यह देशों के विकास मॉडल की परीक्षा है। भारत के लिए चुनौती केवल तेज वृद्धि बनाए रखना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि अगला वैश्विक झटका करोड़ों लोगों को फिर से गरीबी में न धकेल दे।

### प्रसंगवश

## दाखिले की दौड़ और बढ़ती फीस का बोझ

बारहवीं का रिजल्ट आते ही कॉलेजों में दाखिले की दौड़ शुरू हो जाती है। कोई छात्र इंजीनियर बनने का सपना लेकर आगे बढ़ता है, कोई डॉक्टर बनने की तैयारी में जुट जाता है, तो कोई चार्टेड अकाउंटेंट या यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख करता है। हर छात्र अपने भविष्य को बेहतर बनाने की उम्मीद के साथ नए सफर की शुरुआत करता है। बच्चों से ज्यादा चिंता उनके माता-पिता को होती है। आज के समय में बारहवीं के बाद लगभग हर प्रोफेशनल कोर्स की फीस लगातार बढ़ती जा रही है।

इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य कोर्स करने में कई बार 10 से 15 लाख रुपये या उससे भी अधिक खर्च हो जाता है। मध्यम आय वाले परिवार किसी तरह अपनी बचत, कर्ज या शिक्षा ऋण के सहारे इन महंगे कोर्सों की फीस वहन कर पाते हैं। बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए कई माता-पिता अपनी जरूरतों में भी कटौती करने को मजबूर हो जाते हैं।



धनीश शर्मा
लेखक

कोविड महामारी के बाद शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल माध्यमों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। ऑनलाइन क्लास और तकनीकी संसाधनों की जरूरत ने भी अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डाला। मोबाइल फोन, लैपटॉप और इंटरनेट जैसी सुविधाएं अब पढ़ाई का हिस्सा बन चुकी हैं। ग्रामीण और छोटे शहरों में रहने वाले कई परिवारों के लिए इन सुविधाओं का खर्च उठाना मुश्किल साबित हुआ। इससे शिक्षा में असमानता भी बढ़ी है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों की फीस लाखों रुपये तक पहुंच चुकी है। कई छात्र शिक्षा ऋण लेकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। पढ़ाई पूरी होने के बाद नौकरी मिलने तक कर्ज का दबाव युवाओं को मानसिक तनाव में डाल देता है।

शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण को इस समस्या का प्रमुख कारण माना जा रहा है। आज कई निजी संस्थान शिक्षा को सेवा नहीं, बल्कि कमाई का माध्यम मानने लगे हैं। बड़े-बड़े भवन, एयर कंडीशन क्लासरूम और आधुनिक सुविधाओं का प्रचार कर अभिभावकों को आकर्षित किया जाता है, हालांकि बेहतर सुविधाएं जरूरी हैं, लेकिन इनके नाम पर अत्यधिक फीस वसूली आम परिवारों के लिए परेशानी पैदा कर रही है। कई अभिभावकों का मानना है कि शिक्षा अब धीरे-धीरे केवल संपन्न वर्ग तक सीमित होती जा रही है।

महंगी शिक्षा का असर केवल आर्थिक स्थिति पर ही नहीं पड़ता, बल्कि इसका मानसिक प्रभाव भी दिखाई देता है। माता-पिता बच्चों की पढ़ाई के खर्च को लेकर लगातार तनाव में रहते हैं। कई लोग अतिरिक्त नौकरी या ओवरटाइम करने को मजबूर हो जाते हैं। दूसरी ओर छात्र भी परिवार की आर्थिक स्थिति को समझते हुए दबाव महसूस करते हैं। इससे पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की गुणवत्ता में सुधार किया जाए तो निजी संस्थानों पर निर्भरता कम हो सकती है। अच्छी शिक्षा केवल महंगे संस्थानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। सरकार द्वारा फीस नियंत्रण, छात्रवृत्ति योजनाओं और गरीब तथा मध्यम वर्ग के छात्रों को आर्थिक सहायता देने जैसे कदमों को और प्रभावी बनाने की जरूरत है। साथ ही शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता भी जरूरी है, ताकि अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। यदि शिक्षा लगातार महंगी होती गई तो समाज का एक बड़ा वर्ग इससे प्रभावित होगा। देश की प्रगति तभी संभव है जब हर बच्चे को उसकी आर्थिक स्थिति से ऊपर उठकर समान अवसर मिलें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## 'ड्रैगन' के दबाव में क्यों हैं 'अंकल सैम'





नवीन गुप्ता
बरेली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के दौरे से वापस जा चुके हैं। इस दौरे से अमेरिका को बड़ी उम्मीदें थीं। ट्रंप को लगा था कि वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को ईरान के विरुद्ध राजी कर लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चीन को रूस से दूर ले जाने की उनकी कोशिश भी नाकामयाब हो गई। रूस के राष्ट्रपति इसी माह चीन के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते होंगे। जो डोनाल्ड ट्रंप को चीन की तरफ से बड़ा जवाब होगा। हां, ट्रंप के इस दौरे से एक बात तो स्पष्ट रूप से साफ हो गई कि अमेरिका अब चीन के आगे न सिर्फ झुकने के लिए तैयार है, बल्कि कुछ मुद्दों पर उसकी हां में हां मिलाने को तैयार है।

इसका सबसे बड़ा उदाहरण है ताइवान की सुरक्षा का मुद्दा। चीन ने ताइवान का साथ देने पर अमेरिकी राष्ट्रपति को आंखें क्या दिखाईं, ट्रंप ने तत्काल बयान दे दिया कि वे ताइवान को आजाद होता नहीं देखना चाहते। उनके इस बयान से चीन तो खुश हो गया, लेकिन अमेरिका के खास दोस्त जापान भी ताइवान के साथ मायूस हुआ है, हालांकि ताइवान के राष्ट्रपति ने अपने चिरपरिचत अंदाज में ट्रंप और जिनपिंग को यह बता दिया कि उन्हें अमेरिकी समर्थन की जरूरत नहीं है, क्योंकि उनका देश पहले से ही संप्रभु राष्ट्र है और रहेगा।

ट्रंप के दौरे ने पूरी दुनिया को यह बता दिया कि अब अमेरिकी पहल पर गठित किए गए चार देशों के समूह क्वाड का अस्तित्व मिटने वाला है। साथ ही अमेरिका को अब भारत की जरूरत बहुत ज्यादा नहीं रह गई है। पहले अमेरिका चीन को दबाने के लिए भारत की हर स्तर पर सहायता करता था, लेकिन अब उसे प्रतिद्वंद्वी के रूप में देख रहा है, ऐसे में भारत को झुकाने में पूरी ऊर्जा लगाने में जुटा हुआ है।

> ट्रंप के दौरे ने पूरी दुनिया को यह बता दिया कि अब अमेरिकी पहल पर गठित किए गए चार देशों के समूह क्वाड का अस्तित्व मिटने वाला है। साथ ही अमेरिका को अब भारत की जरूरत बहुत ज्यादा नहीं रह गई है।

एक दौर था तब चीन को अमेरिका अपना सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानता था और उसकी सभी सरकारें चीन के खिलाफ भारत को विकल्प के रूप में तैयार करतीं थीं, इसीलिए चीन के मुकाबले अमेरिका भारत को मजबूत आर्थिक ताकत बनाने में मदद कर रहा था। भारत जितना सामरिक और व्यापारिक रूप से मजबूत होता, चीन का दबदबा उतना ही कम होता, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने अब अमेरिका की कूटनीति को बदल दिया है। उनका लक्ष्य चीन को नहीं, बल्कि भारत को रोकना है, ताकि वह आर्थिक रूप से समृद्ध राष्ट्र न बन सके और चीन की तरह उसके मुकाबले न खड़ा हो पाए।

अमेरिकी नीति में आए बदलाव को भारत की कूटनीति के लिए किसी झटके से कम नहीं माना जाना चाहिए। साथ ही इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि अमेरिका अब भी चीन के मुकाबले उसे मजबूत करेगा। अमेरिका ने पहले चीन के लिए अपने बाजार को खोले रखा। उसकी व्यापार नीति का समर्थन किया। परिणाम स्वरूप चीन पूरी दुनिया में व्यापारिक रूप से मजबूत हो गया, तो अमेरिका को समझ में आया कि उसने अपने लिए ही गड्ढा खोद लिया, इसलिए उसने भारत को आगे बढ़ाने की कोशिश की पर अब खुद ही कह रहा है कि वह भारत को प्रतिद्वंद्वी के रूप में खड़ा होते हुए नहीं देखना चाहता है।

अमेरिकी नीति को भारत समझ चुका है, इसीलिए वह दुनिया के तमाम देशों और संगठनों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है, लेकिन भारत के लिए एक मुश्किल खड़ी होने जा रही है, वह है अमेरिका और चीन द्वारा जी-2 के रूप में बनाया जा रहा गठजोड़। अमेरिका चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र हो या अन्य कोई मंच, जो भी फैसले लेने हों, दुनिया की दो सबसे बड़ी महाशक्तियां चीन और अमेरिका ही मिलकर लें।

ट्रंप की इस कोशिश पर निगाह तो पूरी दुनिया की है। अब देखना है कि उनके द्वारा फेंके गए इस जाल में चीन कितना फंसता है, इसीलिए ट्रंप ने टकराव का रास्ता छोड़कर चीन को महाशक्ति के रूप में स्वीकार कर लिया है। वह चाहते हैं कि ईरान के मुद्दे पर चीन पूरी तरह चुप्पी साध ले। चीन और अमेरिका की बढ़ती नजदीकी भारत के लिए बहुत अच्छा नहीं होगा, क्योंकि चीन तो पहले से ही पाकिस्तान की हर क्षेत्र में मदद कर रहा है और अमेरिका भी पाकिस्तान को शह दे रहा है। रूस भी धीरे-धीरे पाकिस्तान के करीब जा रहा है।

ऐसे में भारत के लिए फिलहाल अपनी कूटनीति को और धार देनी होगी। उधर, 19 से 20 मई तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन आ रहे हैं। चीन के साथ रूस कई अहम समझौते करने वाला है। अब देखना यह है कि ट्रंप चीन पर जो प्रभाव छोड़ गए हैं, जी-2 का उनके द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर वे कितना पानी फेर पाते हैं। दोनों देशों के बीच अमेरिका-ईरान तनाव, यूक्रेन युद्ध और ताइवान विवाद जैसे बड़े भू-राजनीतिक मुद्दों पर यहां चर्चा होगी।

चूंकि ट्रंप ने खुद ही चीन के दबाव में ताइवान को आजादी का एलान न करने की चेतावनी दे दी है, ऐसे में चीन, रूसी राष्ट्रपति से भी चाहेगा कि वे ताइवान के मुद्दे पर खुलकर उसके साथ बयान दें, ताकि वह भविष्य में ताइवान को अपने में मिला सके। पुतिन का यह दौरा चीन-रूस मैत्री संधि की 25वीं सालगिरह पर होने जा रहा है। ऐसे में पुतिन भी जिनपिंग को खुश करने के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं।

अब बात करें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की भागीदारी वाले समूह क्वाड की, तो अब अमेरिका चीनी दबाव में इसे निष्प्रभावी करने पर उतारू हो गया है। इसका लाभ चीन को मिलेगा, क्योंकि वह नहीं चाहता कि उसके मुकाबले के लिए यह संगठन मजबूत हो। जापान पर वह पहले से ही आंखें तरेर रहा है और युद्ध की धमकी देता रहा है। रही बात भारत की तो वह पाकिस्तान का साथ देकर उसे कमजोर करने की भरपूर कोशिश कर ही रहा है। देखना होगा कि पुतिन भारत के लिए चीन में कितनी जमीन तैयार करते हैं।

### आमने-सामने



इस प्रकरण पर थोड़ा सा अध्ययन करने की जरूरत है। यह एएसआई की सुरक्षित धरोहर है। इस तरह के किसी भी मस्जिद, मंदिर, चर्च या गुरुद्वारे में पूजा का कोई प्रावधान कानूनी तौर पर नहीं है। अब यह मंदिर है या मस्जिद है, तो इस पर एएसआई ने इसका सर्वे किया था।

**-दिग्विजय सिंह**
कांग्रेस नेता

यह दिग्विजय सिंह की तुष्टीकरण की प्रयोगशाला है, जो उनसे भोजशाला के बारे में ऐसी बातें कहलवा रही है। हिंदुओं को अदालत से कानूनी तौर पर उनके पक्ष में फैसला मिला, लेकिन दिग्विजय सिंह इसे हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा मान रहे हैं। जब भी हिंदुओं को संवैधानिक अधिकार मिलते हैं, कांग्रेस परेशान हो जाती है।

**-शहजाद पूनावाला**
बीजेपी प्रवक्ता



## क्रिकेट की 'कैश मशीन' की रफ्तार हो रही धीमी



संजय श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

बार्क इंडिया और टैम स्पोर्ट्स की रिपोर्ट कहती है कि आईपीएल की पहले फेज में टीवी रेटिंग्स 19 फीसद घट गई और औसत व्यूवरशिप में 26 फीसद की गिरावट आई। टीवी रेटिंग्स घटने से विज्ञापनदाता कम हुए। मैच के दौरान आने वाले टीवी विज्ञापनों में भी 31 प्रतिशत की कमी आई। पिछले सीजन में 65 से ज्यादा ब्रांड्स आईपीएल के साथ थे, तो इस सीजन में 44 रह गए। 44 ब्रांड्स ने नाता तोड़ा और महज 24 नए जुड़े, हालांकि जिओ स्टार का दावा कि आईपीएल की रीच बढ़ कर 110 करोड़ पार हो गई, सच हो सकता है, क्योंकि रीजनल भाषा में कमेंट्री सुनने वालों में 45 फीसद की बढ़ोतरी हुई है, पर मोबाइल पर दर्शक बढ़ने का मतलब प्रतियोगिता या आयोजन का सफल होना या उसकी कुल कमाई, मुनाफा बढ़ना नहीं है। घाटे के इस भय को चमकदार प्रचार के नीचे छिपाना अब कुछ कठिन हो गया है?

साल 2008 में, 'अंडरडॉग' मानी जाने वाली राजस्थान रॉयल्स ने पहले ही टूर्नामेंट को जीतकर सबको चौंका दिया था। उस समय इंडियन प्रीमियर लीग की वह सबसे कम वैल्यू वाली क्रिकेट टीम थी। टीम के उत्साहित मालिक मनोज बदाले ने 2020 में प्रकाशित अपनी किताब 'ए न्यू इनिंग्स' में लिखा कि खिलाड़ियों को बधाई देने के लिए जब मैं पिच पर उतरा, तो मेरे साथ आए एक वेंचर कैपिटलिस्ट बिज़नेस पार्टनर ने थोड़ा मज़ाकिया अंदाज़ में कहा था, 'शायद अब इसे बेचने का समय आ गया है!' हालांकि, बदाले ने लगभग दो दशकों तक टीम को अपने पास ही रखा, लेकिन अब आईपीएल के पुराने निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचकर मुनाफ़ा कमा रहे हैं, क्योंकि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि लीग की कमर्शियल रफ़्तार अब धीमी पड़ने लगी है।

> विज्ञापन पर सख्ती से टीमों के लिए कमर्शियल पिच पर खुल कर खेलना मुश्किल हो गया है। क्या आईपीएल का आर्थिक स्वर्णकाल स्थिरता के दौर में प्रवेश कर रहा है?

जब बदाले ने लाचलन मुर्डोक और रेड बर्ड कैपिटल पार्टनर के साथ मिलकर आईपीएल की शुरुआती आठ फ्रेंचाइज़ियों में से सबसे सस्ती फ्रेंचाइज़ी को सिर्फ़ 67 मिलियन डॉलर में खरीदा था, तब से लेकर अब तक टीम की वैल्यूएशन में ज़बरदस्त उछाल आया है। मगर अब बदाले भी लगभग 1.65 अरब डॉलर की एक डील में टीम का कंट्रोल, स्टील टाइकून लक्ष्मी मित्तल के परिवार और वैक्सीन अरबपति अदार पूनावाला जैसे लोगों के एक ग्रुप को बेच कर 'माइनॉरिटी शेयरहोल्डर' बन गए। ड्रिंक्स की दिग्गज कंपनी ड्याजिओ जिसने कभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अपने सबसे 'ताक़तवर ब्रांड्स' में से एक बताया था, उसने भी मार्च में अपनी टीम को 1.8 अरब डॉलर में बेचने पर सहमति जताई। यह डील ब्लैकस्टोन और भारतीय टाइकून कुमार मंगलम बिड़ला जैसे लोगों के एक कंसोर्टियम के साथ हुई।

जब इंडियन प्रीमियर लीग को शुरुआत में क्रिकेट की परंपरागत आत्मा के विरुद्ध 'मनोरंजन आधारित प्रयोग' माना गया, इसको लेकर शुद्धतावादियों के मन में कुछ शंकाएं उभरीं। पुराने क्रिकेट फ़ैन्स को रंगीन कपड़ों, तेज़ म्यूज़िक और खेल के इस आक्रामक अंदाज़ से काफ़ी हैरानी और नाराज़गी तो हुई, लेकिन वे आशंकाएं बहुत जल्द ग़लत साबित हो गईं। आईपीएल ने क्रिकेट की कमज़ोर होती अर्थव्यवस्था को बदला और इस खेल पर भारत के वैश्विक राजनीतिक दबदबे को मज़बूत किया।

यह बॉलीवुड के तमाशे को अमेरिकी-शैली के खेल प्रचार और ब्रांडिंग के साथ का मिश्रण बना, जिसमें चीयर लीडर्स और स्टेडियम को गुंजा देने वाले साउंडट्रैक भी शामिल हैं। यह केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भारत की नई उपभोक्ता अर्थव्यवस्था, मनोरंजन उद्योग, डिजिटल स्ट्रीमिंग और कॉरपोरेट पूंजी का सबसे चमकदार संगम बन गया। इंडियन प्रीमियर लीग भारतीय क्रिकेट की 'कैश मशीन' बन गई, लेकिन अब संकेत मिलने लगे हैं कि इस सुनहरे मॉडल की रफ्तार धीमी पड़ रही है। प्रसारण और स्ट्रीमिंग अधिकारों की अगली नीलामी को लेकर उत्साह पहले जैसा नहीं दिख रहा, विज्ञापन बाज़ार पर नियामकीय दबाव बढ़ रहा है और लीग की व्यावसायिक संरचना कई नई चुनौतियों का सामना कर रही है।

ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या आईपीएल का आर्थिक स्वर्णकाल अब स्थिरता के दौर में प्रवेश कर रहा है, या यह केवल अस्थायी मंदी है। हर तेज़ उछाल एक समय के बाद स्थिरता की सीमा तक पहुंचता है। 2008 से 2023-27 के मीडिया अधिकार चक्र तक आईपीएल की कमाई लगभग छह गुना बढ़ी, किंतु अब अनुमान है कि अगली नीलामी लगभग 5.4 अरब डॉलर के आसपास ही ठहर सकती है। इसका कारण केवल बाजार की थकान नहीं, बल्कि वह बदलता डिजिटल परिदृश्य भी है, जिसने पिछले दशक की विस्फोटक वृद्धि को संभव बनाया था।

2022 में रिलायंस समर्थित वायकॉम-18 और डिज्नी स्टार के बीच जो आक्रामक बोली युद्ध हुआ था, उसने कीमतों को असाधारण स्तर तक पहुंचा दिया। अब जब मीडिया कंपनियों के बीच विलय और पुनर्गठन हो चुके हैं, वैसी प्रतिस्पर्धा की संभावना कम दिखती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कहानी रॉक गार्डन की

चंडीगढ़ में एक आदमी ने 18 साल तक चुपचाप, चोरी-चोरी एक 'इल्लीगल एंपायर' खड़ा किया और जब सरकार उसे बुलडोज़र से गिराने पहुंची, तो पूरा मामला ही उल्टा पड़ गया! 1950 के दशक में जब चंडीगढ़ बसाया जा रहा था, तब पहले 28 गांवों को अधिग्रहित किया, जिनकी संख्या बाद में 58 तक हो गई थी। गांवों के कच्चे-पक्के घर, कुंए, चौपालें आदि सब तोड़ दिए गए।



योगेश डाबरा
लेखक

इन्हीं खंडहरों के मलबे से एक आदमी चुपचाप अपना अलग ही संसार बसा रहा था। वो रात के अंधेरे में, कभी ब्रह्ममुहूर्त में, साइकिल पर निकलता और गांवों के मलबे से पत्थर, ईंटें, टूटे मिट्टी के बर्तन, पुरानी चूड़ियां, बिजली के फ्यूज, चीनी मिट्टी के सिंक और न जाने क्या-क्या 'चुरा' कर एक सुनसान जगह इकट्ठा करता रहता। यह जगह सुखना लेक के पास जंगल में, लैंडफिल के पीछे पड़ी एक वीरान सी जगह थी।

वहां उसने एक झोंपड़ी भी डाल ली थी। वो चूंकि पीडब्लूडी में रोड इंस्पेक्टर था, इसलिए किसी को उस पर शक भी नहीं हुआ। फिर आया साल 1975। सरकार को पता चला कि सरकारी जमीन पर किसी ने कबाड़ से पूरा 'Recycled Kingdom' खड़ा कर लिया है। बुलडोज़र पहुंचे अफसर पहुंचे लोग पहुंचे लेकिन जैसे ही उन्होंने उस जगह को देखा, सब मंत्रमुग्ध रह गए। जो लोग उसे गिराने आए थे, वही उसके दीवाने बन गए!

नतीजा? सरकार ने कहा, 'नेक चंद जी, इस नेक काम को सरकारी खर्चे पर जारी रखिए।' आज पूरी दुनिया उस जगह को 'रॉक गार्डन' के नाम से जानती है और उस 'नेक अवैध साम्राज्य' के निर्माता थे, श्री नेक चंद।

एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि उन्हें बचपन से यही सीख मिली थी कि खाली नहीं बैठना चाहिए। शाम और अलस्सुबह उनके पास समय होता था, इसलिए टाइम पास के लिए उन्होंने यह काम शुरू किया था। एक बार जब तत्कालीन प्रधानमंत्री चंडीगढ़ आईं, तो उन्होंने नेक चंद जी से मिलने की इच्छा जताई। सुबह उन्हें सूचना दे दी गई थी, लेकिन उन्होंने इसे मज़ाक समझ लिया। नतीजा यह हुआ कि जब इंदिरा जी वहां पहुंचीं, तो नेक चंद जी खुद मौजूद ही नहीं थे! नेक चंद सैनी जी पर कई विदेशी और देसी लेखकों ने किताबें भी लिखीं हैं। भारत सरकार ने उन्हें पदम श्री से सम्मानित किया था।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## भारत व यूएई व्यापारिक साझेदारी की ऊंची उड़ान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौतों पर मुहर लगाकर रिश्ते को नई ऊंचाई दी है। यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का एलान किया गया है। यह पहल भारत के विकास के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर हामी भरी है। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रक्षिक्षण, सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष रुप से सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच जहाज निर्माण और कौशल विकास पर भी समझौते हुए हैं। दोनों देश सुपर कंप्यूटिंग और डिजिटल व्यापार क्षेत्र में भी एक-दूसरे की मदद करेंगे।

गौरतलब है कि वर्ष के प्रारंभ में दोनों देश एफएटीएफ अर्थात फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लान्ड्रिंग विरोधी और आतंकवाद फाइनेंस के तहत सहयोग पर पहले ही सहमति जता चुके हैं। दोनों देश रक्षा, एआई डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश में भी एक-दूसरे से कंधा जोड़े हुए हैं। उम्मीद है कि वर्ष 2032 तक दोनों देशों के साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंच जाएंगे। आज की तारीख में दोनों देशों के बीच एक सौ अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हो रहा है।



अरविंद जयतिलक
लेखक

यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के साथ गिफ्ट सिटी में फर्स्ट आबूधाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड का ऑफिस बनाने को तैयार है। गौर करें तो दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्ते लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं और समय की कसौटी पर खरे हैं। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की यूएई यात्रा के दौरान भी दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए थे। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक एक फ्रेमवर्क तैयार करने पर सहमति जाहिर की, जिसमें क्रास-बार्डर ट्रांजैक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल होगा।

दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण व केंद्र बिंदु रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलूओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि इस क्षेत्र में नए क्षेत्रीय कुटनीतिक-आर्थिक संबंध तेजी से बनते-बिगड़ते रहे हैं।

इन परिस्थितियों के बीच संयुक्त अरब अमीरात की भारत से बढ़ती प्रगाढ़ता अति महत्वपूर्ण है। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है, ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सकें। अच्छी बात यह है कि भारत और यूएई दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा सहयोग बना हुआ है। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

गर्मिया आते ही घूमने-फिरने, बीच ट्रिप और आउटडोर फोटोज का उत्साह बढ़ जाता है। ऐसे में स्टाइलिश हैट्स केवल धूप से बचाने का काम नहीं करते, बल्कि पूरे लुक को फैशनेबल और आकर्षक भी बना देते हैं। आजकल महिलाओं के बीच अलग-अलग प्रकार के हैट्स का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। सही हैट न सिर्फ आराम देता है, बल्कि तस्वीरों को भी बेहद खूबसूरत बना देता है। सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले हैट्स में सन हैट, फ्लॉपी हैट, बकेट हैट, कैप, और बोहो स्ट्रॉ हैट शामिल हैं।

# गर्मियों में महिलाओं के लिए स्टाइलिश हैट्स का ट्रेंड





## सन हैट

सन हैट बड़े किनारों वाला होता है, जो चेहरे को तेज धूप से बचाता है। यह बीच, पिकनिक और आउटडोर ट्रिप के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। फ्लॉपी हैट महिलाओं को एक क्लासी और एलिगेंट लुक देता है। लंबे गाउन, वन पीस ड्रेस और बीच वियर के साथ यह बेहद खूबसूरत लगता है।



नूर हिना खान
लेखिका



## बकेट हैट का ट्रेंड

आजकल युवतियों में बकेट हैट का ट्रेंड भी काफी लोकप्रिय है। यह कैजुअल और कूल लुक देता है तथा ट्रैवलिंग, रोड ट्रिप और कॉलेज आउटिंग के लिए परफेक्ट माना जाता है। वहीं स्पोर्ट्स कैप या बेसबॉल कैप उन महिलाओं के लिए बेहतर होती है, जो ज्यादा आरामदायक और सिंपल स्टाइल पसंद करती हैं।

## फ्लॉपी हैट और स्ट्रॉ हैट



अगर बात फोटोज की करें, तो बड़े ब्रिम वाले फ्लॉपी हैट और स्ट्रॉ हैट तस्वीरों में सबसे ज्यादा आकर्षक दिखाई देते हैं। समुद्र किनारे हवा में उड़ते बालों और स्टाइलिश हैट के साथ क्लिक की गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर बेहद खूबसूरत लगती हैं। सफेद, बेज, क्रीम और पेस्टल रंगों के हैट गर्मियों में ज्यादा ट्रेंडी माने जाते हैं। गोवा घूमने जाने वाली महिलाओं के लिए स्ट्रॉ हैट और फ्लॉपी हैट सबसे बेहतरीन विकल्प हैं। गोवा के बीच, सनसेट और कैफे वाइब के साथ ये हैट्स बहुत स्टाइलिश दिखाई देते हैं। शॉर्ट ड्रेस, कॉटन को-ऑर्ड सेट, कफ्तान या बीच गाउन के साथ स्ट्रॉ हैट शानदार लुक देता है। वहीं बीच पार्टी के दौरान बकेट हैट भी एक ट्रेंडी ऑप्शन बन चुका है।

## फैशन के साथ आराम का भी रखें ध्यान

हैट चुनते समय केवल फैशन ही नहीं, बल्कि आराम का भी ध्यान रखना चाहिए। हल्के और breathable फैब्रिक वाले हैट गर्मियों में ज्यादा आरामदायक रहते हैं। चेहरे के आकार के अनुसार हैट चुनना भी जरूरी होता है। गोल चेहरे पर चौड़े किनारों वाले हैट अच्छे लगते हैं, जबकि लंबे चेहरे पर बकेट हैट या छोटे ब्रिम वाले हैट ज्यादा सूट करते हैं। आज के समय में हैट केवल धूप से बचने का साधन नहीं, बल्कि महिलाओं के फैशन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। सही हैट आपके साधारण लुक को भी स्टाइलिश और ग्लैमरस बना सकता है। इसलिए इस गर्मी की छुट्टियों में अपने आउटफिट के साथ एक खूबसूरत हैट जरूर शामिल करें और अपने ट्रैवल लुक को बनाएं और भी शानदार।



# इस समर, एक बड़े राज के साथ घर लौट रहा इंडियन सुपरहीरो



क्या हो अगर आपके दादाजी ही धरती के आखिरी सुपरहीरो हों? जैकी श्रॉफ की द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो इसी दिलचस्प सवाल को बड़े मनोरंजक अंदाज़ में पेश करती है। फिल्म का ट्रेलर आपको अंत तक हंसाता, मुस्कुराता और उत्सुक बनाए रखता है। जी स्टूडियोज और अमदावाद फिल्म्स द्वारा निर्मित यह फिल्म दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहां बचपन की कल्पनाएं एलियन इनवेजन से टकराती हैं। शक्तिमान, करण अर्जुन और जादू जैसे पॉप-कल्चर रेफरेंसेज से भरा यह ट्रेलर पुरानी यादों को ताजा करते हुए आज की पीढ़ी के लिए कुछ नया पेश करता है। यह फिल्म भारतीय सुपरहीरो संस्कृति को नई पहचान देती है और बच्चों के लिए लंबे समय से इंतजार की जा रही एक बड़ी भारतीय फिल्म साबित हो सकती है। फिल्म के केंद्र में हैं जैकी श्रॉफ, जो अपने किरदार में हास्य, रहस्य, गर्मजोशी और आकर्षण का अनोखा मिश्रण लेकर आते हैं। क्या वह सच में सुपरहीरो हैं या यह सिर्फ एक बच्चे की कल्पना है, जो अपने दादाजी को दुनिया का सबसे बड़ा हीरो मानता है? ट्रेलर इसी रहस्य को अंत तक बनाए रखता है।

जैकी श्रॉफ ने कहा, "इस फिल्म की सबसे खास बात बच्चों की कल्पनाओं की दुनिया को देखना है। बचपन में हम सभी को लगता था कि हमारे हीरो कुछ




भी कर सकते हैं। इस ट्रेलर में वही मासूमियत, पागलपन और रोमांच है। इसमें एडवेंचर, एलियंस, एंटरटेनमेंट और एक सोशल मैसेज भी है।" राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक मनीष सैनी ने कहा, "बच्चे दुनिया को सबसे मजेदार तरीके से देखते हैं। वे छोटी-सी घटना को भी सुपरहीरो कहानी बना सकते हैं। हम उसी ऊर्जा को फिल्म में लाना चाहते थे।"

फिल्म में प्रतीक स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दसानी, शरद सक्सेना, मिहिर गोडबोले, दुर्गेश कुमार, सहर्ष शुक्ला, शिवांश चोरगे और कुमार सौरभ भी नजर आएंगे। द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो का ट्रेलर एक मजेदार, भावनात्मक और पूरी तरह भारतीय सुपरहीरो दुनिया की झलक देता है, फिल्म 29 मई को रिलीज होगी।

ओटीटी

## कर्तव्य: ईमानदारी और सत्ता से टकराहट की कहानी




नेटफ्लिक्स की फिल्म कर्तव्य एक गंभीर और यथार्थवादी क्राइम ड्रामा है, जिसकी कहानी एक ईमानदार पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है। सैफ अली खान ने इस किरदार को बेहद संयम और सादगी के साथ निभाया है। छोटे कस्बे में एक पत्रकार की हत्या की जांच करते हुए वह धर्म, राजनीति और सत्ता के जाल में उलझता चला जाता है। हत्या के आरोप में एक नाबालिग लड़के का नाम सामने आता है, जबकि शक एक प्रभावशाली धार्मिक गुरु आनंद श्री पर जाता है।

फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सच्चाई और वास्तविकता का एहसास है। यह केवल एक हत्या की जांच नहीं दिखाती, बल्कि यह भी बताती है कि ईमानदारी से कर्तव्य निभाना कितना कठिन हो सकता है। रसिका दुग्गल और संजय मिश्रा जैसे कलाकारों ने भी अपने दमदार अभिनय से कहानी को मजबूती दी है। निर्देशन संतुलित है और फिल्म बिना किसी बनावटीपन या अतिनाटकीयता के आगे बढ़ती है। बैकग्राउंड म्यूजिक और कैमरा वर्क कहानी के गंभीर माहौल को प्रभावशाली बनाते हैं। हालांकि कुछ जगह फिल्म की रफ्तार धीमी लग सकती है, लेकिन इसका असर अंत तक बना रहता है। कर्तव्य उन दर्शकों के लिए खास फिल्म है जो मसाला मनोरंजन से अलग, सोचने पर मजबूर करने वाली कंटेंट-प्रधान कहानियां पसंद करते हैं। यह फिल्म ईमानदारी, भ्रष्टाचार, जातिवाद और सत्ता के दुरुपयोग जैसे मुद्दों को बेहद प्रभावी ढंग से सामने लाती है।

*समीक्षक- प्रदीप शर्मा*

## शैली: पारिवारिक फैंटेसी और भावनात्मक रहस्य

शानदार, जानदार, अद्भुत और बेहद संवेदनशील — ऐसी फ़िल्में हर दशक में एक-दो ही बनती हैं। 8 मई 2026 को रिलीज़ हुई "Remarkably Bright Creatures" को मैंने बिना किसी खास उम्मीद के देखना शुरू किया था, लेकिन कुछ ही देर में एहसास हुआ कि मैं एक ऐसी फ़िल्म देख रहा हूँ जो सीधे दिल और आत्मा को छू जाती है। कई जगह यह अनुभव The Green Mile जैसी भावनात्मक गहराई का अहसास कराता है।




Shelby Van Pelt के चर्चित उपन्यास पर आधारित इस फ़िल्म में Sally Field, Lewis Pullman और Alfred Molina ने शानदार अभिनय किया है। कहानी सतह पर सरल लगती है, लेकिन जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, भावनाओं और रहस्यों की परतें खुलती जाती हैं। फ़िल्म खत्म होने तक दर्शक लेखक और पूरी टीम की संवेदनशीलता को सलाम किए बिना नहीं रह पाते।

अकेलेपन, रिश्तों और मानवीय अपनत्व को बेहद खूबसूरती से दिखाया गया है। मित्रों और सहकर्मियों का स्नेह कहानी को बोझिल नहीं होने देता, बल्कि उसमें हल्की गर्माहट और मुस्कान बनाए रखता है। कई दृश्य इतने शांत लेकिन असरदार हैं कि लंबे समय तक याद रहते हैं। कहीं आँखें नम होती हैं तो कहीं चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। फ़िल्म का सबसे अनूठा पक्ष इसका ऑक्टोपस पात्र है, जो कहानी का सूत्रधार भी है। खास बात यह है कि इसे आजकल की फिल्मों की तरह पूरी तरह एआई से नहीं रचा गया, बल्कि वास्तविकता के साथ बेहद जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यही वजह है कि उसका हर भाव दर्शकों तक सीधे पहुँचता है। "Remarkably Bright Creatures" सिर्फ मनोरंजन नहीं करती, बल्कि भीतर तक उतर जाती है। कुछ फ़िल्में समय बिताने के लिए होती हैं, कुछ याद रह जाती हैं, और कुछ ऐसी होती हैं जो आत्मा में बस जाती हैं-यह फ़िल्म उन्हीं दुर्लभ फिल्मों में शामिल है। अगर आप इसे शांत माहौल और पूरे ध्यान से देखेंगे, तो संभव है फ़िल्म खत्म होने के बाद आपके मन में भी यही आए-अच्छा हुआ प्ले बटन दबा दिया।

*समीक्षक- मनोज अग्रवाल*

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में आलिया भट्ट का 'F1 मोमेंट'



कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 इस बार सिर्फ फिल्मों और फैशन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यहां ग्लैमर और स्पोर्ट्स का ऐसा दिलचस्प संगम देखने को मिला, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। इस पूरी चर्चा के केंद्र में रहीं बॉलीवुड की चमकती सितारा Alia Bhatt, जिनकी मौजूदगी ने कान्स के रेड कार्पेट को और भी खास बना दिया। आलिया भट्ट ने कान्स में अपने स्टाइलिश अंदाज से तो सबका दिल जीता ही, लेकिन इस बार उनकी चर्चा उनके 'अनपेक्षित इंटरनेशनल क्रॉसओवर' की वजह से भी खूब हो रही है। पहले उनकी तस्वीरें मशहूर F1 ड्राइवर ड्राइवर चार्ल्स लेक्लेर्क के साथ वायरल हुईं और अब फेरारी के स्टार ड्राइवर चार्ल्स लेक्लेर्क के साथ उनकी मुलाकात ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है।



कान्स के एक हाई-प्रोफाइल इवेंट में आलिया और चार्ल्स लेक्लेर्क आमने-सामने आए। जैसे ही दोनों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, फैंस की उत्सुकता सातवें आसमान पर पहुंच गई। कोई इसे "2026 का सबसे अनोखा सेलिब्रिटी मोमेंट" बता रहा है, तो कोई इसे बॉलीवुड और फॉर्मूला वन की दुनिया का "ड्रीम क्रॉसओवर" कह रहा है।

चार्ल्स लेक्लेर्क इस इवेंट में अपनी पत्नी एलेक्जेंड्रा लेक्लेर्क के साथ पहुंचे थे। ब्लैक टक्सीडो में उनका अंदाज बेहद शाही लग रहा था। हाल ही में फरवरी 2026 में मोनाको में हुई उनकी निजी शादी भी काफी चर्चा में रही थी। ऐसे में कान्स में उनकी मौजूदगी पहले से ही आकर्षण का केंद्र थी, लेकिन जब उनकी मुलाकात आलिया भट्ट से हुई, तो कैमरों की फ्लैश लगातार चमकती रहीं।

सोशल मीडिया पर फैंस के मजेदार रिएक्शन भी देखने लायक रहे। एक यूजर ने लिखा, "चार्ल्स लेक्लेर्क और आलिया भट्ट एक फ्रेम में? यह तो मेरे 2026 बिंगो कार्ड में बिल्कुल नहीं था।" वहीं दूसरे ने मजाकिया अंदाज़ में लिखा, "पहले कार्लोस सैंज और अब चार्ल्स लेक्लेर्क आलिया तो पूरी F1 ग्रिड से मिल रही हैं।"

इससे पहले कान्स के उद्घाटन समारोह के दौरान आलिया की मुलाकात कार्लोस सैंज से हुई थी। उस इवेंट में कई अंतर्राष्ट्रीय सितारे मौजूद थे, जिनमें सुपरमॉडल Heidi Klum और हॉलीवुड अभिनेत्री Jane Fonda भी शामिल थीं, लेकिन इंटरनेट की निगाहें सबसे ज्यादा आलिया और कार्लोस की बातचीत पर टिकी रहीं। फैशन की बात करें तो कान्स 2026 के दूसरे दिन आलिया भट्ट ने अपने लुक से फिर साबित कर दिया कि वह सिर्फ बेहतरीन अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि एक ग्लोबल फैशन आइकन भी हैं। उन्होंने हल्के नीले रंग का खूबसूरत डेनिएल फ्रैंकल गाउन पहना, जिसे बेहद मिनिमल अंदाज में स्टाइल किया गया था। लेस चोकर, डायमंड पेंडेंट और सॉफ्ट मेकअप ने उनके लुक में शालीनता और रॉयल एलिगेंस का परफेक्ट मेल जोड़ दिया। कुल मिलाकर, कान्स 2026 में आलिया भट्ट सिर्फ रेड कार्पेट पर नहीं चमकीं, बल्कि उन्होंने बॉलीवुड, हॉलीवुड और फॉर्मूला वन की दुनिया को एक ही मंच पर लाकर ऐसा माहौल बना दिया, जिसकी चर्चा शायद लंबे समय तक होती रहेगी।

## हीरो मोटोकॉर्प 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प आने वाले समय में अपने स्कूटर कारोबार को आक्रामक तरीके से विस्तार देने जा रही है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान स्कूटर उत्पादन क्षमता को दोगुना बढ़ाने के लिए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 18 मई 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :-** तुलसी 2610, राज श्री 2010, फ़ॉर्चून कि. 2665, रविन्द्रा 2600, फॉर्चुन 13kg 2345, जय जवान 2170, सचिन 2360, सूरज 2170, अवसर 2125, उजाला 2130, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2375, चक्र टिन 2580, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2495, स्वास्तिक 2565
**किराना :-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0) :-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400
**दाल दलहन :-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11700-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12000, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी :-** द्वारकेश 4330, बहेड़ी 4310, सितारगंज 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम : सोना** पक्के आभूषण 152700, सोना गिन्नी 148700,
**चांदी** पक्की 2600 **अनुमानित**

## बिजनेस ब्रीफ

### अब कॉपर के खनन अपशिष्ट से यूरेनियम निकालेगी यूसीआईएल

**नई दिल्ली।** परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत आने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) झारखंड में एक विशेष 'रिकवरी संयंत्र' स्थापित करेगी, जहां हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के खनन अपशिष्ट (कॉपर टेलिंग्स) से यूरेनियम निकाला जाएगा। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह पहल देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन और रक्षा जरूरतों के लिए घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हिंदुस्तान कॉपर के सीएमडी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि कंपनी की इस बारे में यूसीआईएल संग सहमति बन गई है। इसके तहत हिंदुस्तान कॉपर अपने 'टेलिंग्स' यूसीआईएल को सौंपेगी, जिससे यूरेनियम निकाला जाएगा। 'टेलिंग्स' दरअसल वह बारीक अपशिष्ट पदार्थ और पानी होता है, जो तांबे जैसे खनिजों को अयस्क से अलग करने के बाद बच जाता है।

## पर्यटक, पहाड़ और जाम




गर्मी की तपिश से राहत पाने को लोग पहाड़ों की ओर दौड़ रहे हैं। शिमला के पास कुफरी में पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण लगे ट्रैफिक जाम में रविवार को घंटों फंसे रहे वाहन। फोटो : एजेंसी

# रूसी तेल पर अमेरिकी छूट खत्म, जेब पर बढ़ेगा दबाव

**कारोबार डेस्क, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच दुनिया को एक और बड़े ऑयल शॉक का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका ने रूसी कच्चे तेल की खरीद पर दी गई अस्थायी राहत को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है।

इस फैसले के बाद 16 मई से वह छूट समाप्त हो गई, जिसके जरिए कई देश समुद्र में लदे रूसी तेल की खरीद कर पा रहे थे। इसका असर भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों पर साफ दिखाई देने की आशंका है।

दरअसल, ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल आपूर्ति पहले ही दबाव में है। ऐसे हालात में अमेरिका ने मार्च में पहली बार सीमित राहत देते हुए उन रूसी तेल टैंकरों से खरीद की अनुमति दी थी, जिन पर पहले से तेल लोड हो चुका था। बाद में कई देशों की मांग पर इस राहत की अवधि बढ़ाकर 16 मई तक कर दी गई थी, लेकिन अब इसे आगे नहीं बढ़ाया गया।




- भारत ने किया था छूट बढ़ाने का आग्रह
- 109 डॉलर प्रति बैरल हो गया है ब्रेंट क्रूड

भारत ने इस छूट को जारी रखने के लिए अमेरिका से विशेष आग्रह किया था। भारतीय अधिकारियों का कहना था कि वैश्विक तेल कीमतों में तेजी का सीधा असर देश की 1.4 अरब आबादी और अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

बढ़ती ईंधन लागत पहले ही आम लोगों की जेब पर बोझ बढ़ा रही है और घरेलू बजट पर दबाव साफ दिखाई दे रहा है।

रूसी तेल पर मिलने वाली रियायत का भारत ने बड़े पैमाने पर लाभ उठाया था। कमोडिटी ट्रैकिंग एजेंसी केपलर के अनुसार, मई के शुरुआती दिनों में भारत ने रूस से रिकॉर्ड 23 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर माना जा रहा है। भारतीय रिफाइनरियां खासतौर पर रूस के सस्ते 'यूराल्स ग्रेड' तेल पर काफी हद तक निर्भर हो गई थीं।

अब अमेरिकी राहत खत्म होने के बाद भारत के सामने नई चुनौती खड़ी हो सकती है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से ब्रेंट क्रूड की कीमतें 109 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं। पिछले दो महीनों में कच्चे तेल के दामों में 40 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

ऐसे में भारत का आयात बिल और वित्तीय घाटा बढ़ने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हालात जल्द नहीं सुधरे तो पेट्रोल-डीजल समेत ईंधन की कीमतों में और उछाल देखने को मिल सकता है, जिसका असर आम जनता और देश की अर्थव्यवस्था दोनों पर पड़ेगा।

# द्विपक्षीय बातचीत से समुद्री मार्ग से कच्चे तेल की आपूर्ति में सुधार संभव : मूडीज

### ईरान के साथ सुरक्षित मार्ग तय करने की कोशिश कर सकते हैं चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव जल्द खत्म होने की संभावना कम है और ऐसे में होर्मुज जलडमरूमध्य के पूरी तरह खुलने की उम्मीद भी फिलहाल नहीं दिख रही है। यह कहना है वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज का।

एजेंसी ने अपनी भू-राजनीतिक जोखिम संबंधी वैश्विक रिपोर्ट में कहा कि ऊर्जा आपूर्ति के लिए समुद्री मार्गों पर आवाजाही धीरे-धीरे सुधर सकती है, लेकिन यह सामान्य तरीके से नहीं बल्कि द्विपक्षीय समझौतों के जरिये होगी। इसके तहत चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे तेल आयातक देश ईरान के साथ अलग-अलग स्तर पर सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने की कोशिश कर सकते हैं।

मूडीज के अनुसार, लारक द्वीप और ओमान के समुद्री क्षेत्र के पास कुछ समन्वित पारगमन गलियारे उभर रहे हैं, लेकिन 2026 में भी संघर्ष-पूर्व स्तर की आवाजाही बहाल होना मुश्किल दिखता है।

- होर्मुज में सुरक्षित आवाजाही शुरू होने के बाद भी आपूर्ति संकट से जूझेगा वैश्विक तेल बाजार
- इस वर्ष 90 से 110 डॉलर प्रति बैरल रह सकती हैं ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें
- बीमा लागत बढ़ने, सुरक्षा जोखिम के कारण प्रभावित हुई हैं पोत परिवहन गतिविधियां



रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अगले छह महीनों में जलडमरूमध्य में सुरक्षित आवाजाही फिर शुरू भी हो जाती है, तब भी वैश्विक तेल बाजार आपूर्ति संकट से जूझता रहेगा। इससे ऊर्जा कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहेगा और लागत, मांग तथा वित्तीय परिस्थितियों पर असर पड़ेगा।

मूडीज़ ने अनुमान जताया कि इस वर्ष ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 90 से 110 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रह सकती हैं। एजेंसी के मुताबिक, यदि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक 90-110 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी रहती हैं तो कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में 0.2 से 0.8 प्रतिशत अंक तक की कमी आ सकती

भारत सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है क्योंकि उसके करीब 46 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात पश्चिम एशिया से होता है। ऊंची तेल कीमतों से रुपये पर दबाव बढ़ सकता है और चालू खाते के घाटे (कैड) तथा राजकोषीय प्रबंधन पर असर पड़ सकता है।

एजेंसी ने मई के अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में 2026 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.8 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त हवाई हमलों के बाद शुरू हुआ पश्चिम एशिया संघर्ष अब तीसरे महीने में पहुंच गया है। इस संघर्ष के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया, जहां से सामान्य परिस्थितियों में दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल और एलएनजी व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा आता था।

रिपोर्ट के अनुसार, संघर्ष के बाद इस मार्ग से समुद्री यातायात में 90 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। बीमा लागत बढ़ने, सुरक्षा जोखिम और समुद्र में बारूदी सुरंगों की मौजूदगी के कारण पोत परिवहन गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। वहीं ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच व्यापक उतार-चढ़ाव देख चुकी हैं।

# अब सीए विद्यार्थियों को एआई, डेटा एनालिसिस भी पढ़ाएगा आईसीएआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) बदलते प्रौद्योगिकी और पेशेवर परिवेश के अनुरूप अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पाठ्यक्रम में कृत्रिम मेधा (एआई), डेटा विश्लेषण तथा अन्य उभरते विषयों को शामिल करेगा। देश में लाखों विद्यार्थी आईसीएआई के सीए कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं और संस्थान के पांच लाख से अधिक सदस्य हैं।

आईसीएआई के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार डी. ने एक साक्षात्कार में कहा कि प्रौद्योगिकी अब पेशे का अहम हिस्सा बन चुकी है, इसलिए एआई और डेटा विश्लेषण जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में समाहित करना जरूरी हो गया है। इंजीनियरों के लिए एआई एक अलग विषय हो सकता है, लेकिन हमारे लिए यह केवल विषय नहीं बल्कि आवश्यकता है।

रोजगार हो या प्रैक्टिस, एआई के बिना कोई चार्टर्ड अकाउंटेंट आगे नहीं बढ़ सकता। आईसीएआई ने हाल ही में शिक्षा एवं प्रशिक्षण की समीक्षा के लिए समिति का गठन किया है। यह समिति पाठ्यक्रम, विषय, संवाद कौशल तथा परीक्षा प्रणाली समेत पूरे ढांचे की समीक्षा कर रही है।



- हमारे लिए ये विषय नहीं, आज की आवश्यकता : प्रसन्ना

कुमार ने कहा कि समिति दिसंबर तक अपनी सिफारिशें पूरी कर लेगी, जिसके बाद उन्हें सार्वजनिक सुझावों के लिए जारी किया जाएगा। वर्तमान में सीए पाठ्यक्रम में एआई, डेटा विश्लेषण, पर्यावरण, सामाजिक एवं प्रशासन (ईएसजी) तथा सतत विकास जैसे विषय शामिल नहीं हैं। प्रस्तावित बदलावों को 2028 से लागू किए जाने की संभावना है।

# परमाणु प्रौद्योगिकी आपूर्ति को किसी एक पर निर्भर रहने से बचें

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश को 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ते समय किसी एक देश या आपूर्तिकर्ता पर अत्यधिक निर्भरता से बचना होगा। एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने आगाह करते हुए कहा कि भारत को परमाणु प्रौद्योगिकी और संसाधनों पर अपना नियंत्रण मजबूत रखना चाहिए।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा आयोजित कार्यशाला के ब्योरे के मुताबिक, सिंह ने कहा कि शुरुआती चरण में यदि स्वदेशी विकल्प 5-10 प्रतिशत महंगे भी हों, तब भी देश को उन्हें प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि वैश्विक स्तर पर दिख रही आपूर्ति

- एनटीपीसी प्रमुख ने कहा-संसाधनों पर मजबूत नियंत्रण रखना चाहिए

शृंखला संबंधी कमजोरियों से बचा जा सके। यह कार्यशाला पिछले महीने शांति अधिनियम, 2025 : सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से भारत की 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा रूपरेखा को सक्षम बनाना" पर आयोजित की गई थी।

देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी के प्रमुख सिंह ने कहा कि केवल विधायी बदलाव पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि नियमों और दिशानिर्देशों को जल्द अंतिम रूप देना भी जरूरी है। उनका कहना था कि स्पष्ट कार्यान्वयन व्यवस्था के बिना नीतियों को वास्तविक निवेश में बदलना संभव नहीं होगा।

# ईंधन खपत में पानी आधारित तकनीक से 10% बचत का दावा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक तेल बाजार में जारी उथल-पुथल के बीच देश के बढ़ते ईंधन आयात बिल और रुपये की कमजोरी से निपटने के लिए मोनाको स्थित ईंधन प्रौद्योगिकी कंपनी ने एक अनोखा समाधान पेश किया है। कंपनी का दावा है कि 'पानी' की मदद से ईंधन की भारी बचत की जा सकती है। ईंधन प्रौद्योगिकी कंपनी 'फोवे इको सॉल्यूशंस' ने दावा किया है कि उसकी पेटेंट वाली 'कैविटेक ईंधन इमल्शन' प्रौद्योगिकी के जरिये उद्योग अपने ईंधन की खपत में 10% तक की कटौती कर सकते हैं। कंपनी के अनुसार, इससे न केवल हानिकारक उत्सर्जन में भारी कमी आएगी, बल्कि इंजन में बिना किसी बदलाव या संयंत्रों को बंद किए बिना उपकरणों के प्रदर्शन में भी सुधार होगा।

# अर्ध-कुशल नौकरियों के लिए होम टाउन से बाहर जा रहे युवा और महिलाएं : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

देश में शारीरिक श्रम करने वाले और अर्ध-कुशल सेवा कार्यों में लगे कर्मचारियों में अधिक महिलाएं और पहली बार नौकरी तलाश रहे युवा बेहतर रोजगार और अधिक वेतन के लिए अपने गृह नगरों से बाहर जा रहे हैं, जिससे जनवरी-अप्रैल, 2026 के दौरान नौकरी संबंधी पलायन में 31.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

नौकरी के बारे में बताने वाले मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, देश के श्रम बाजार में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है, जिसमें अधिक महिलाएं, फ्रेशर और विभिन्न क्षेत्रों के कामगार बेहतर अवसरों की तलाश में अपने शहर से बाहर नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-अप्रैल, 2026 के दौरान अन्य शहरों के लिए 86 लाख नौकरी आवेदन किए गए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 65 लाख थी। यह 31.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

यह उसी शहर में किए गए आवेदनों की 20.2 प्रतिशत वृद्धि से काफी अधिक है, जिससे स्पष्ट होता है कि दूसरे शहरों में नौकरी तलाशने वाले कामगारों की संख्या स्थानीय स्तर पर नौकरी तलाशने वालों की तुलना में 1.5 गुना तेजी से बढ़ी है।

# अमेरिका-ईरान संघर्ष और कच्चे तेल के दाम तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कच्चे तेल की लगातार बढ़ती कीमतों का असर इस सप्ताह भी भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि महंगाई की चिंता और रुपये में कमजोरी निवेशकों की बेचैनी बढ़ा रही है, जिससे दलाल पथ में भारी उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। पिछले सप्ताह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 के स्तर से नीचे फिसल गया। रुपये की इस कमजोरी ने निवेशकों की चिंता और बढ़ा दी है। जानकारों के मुताबिक, आने वाले दिनों में रुपये की चाल बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान संघर्ष और उसके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर पर बनी रहेगी। ऊर्जा बाजार और रुपये में उतार-चढ़ाव निकट भविष्य में बाजार की चाल तय करेंगे। वहीं एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर का कहना है कि बाजार में इस समय काफी उतार-चढ़ाव है। अमेरिका-ईरान विवाद से जुड़ी हर नई जानकारी निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर सकती है।

इस बीच, ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 109 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई हैं। तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई को लेकर चिंता और गहरा दी है।




### एफपीआई ने निकाले 23,545 करोड़ रुपये

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने घरेलू पूंजी बाजार में मई के महीने में अबतक 23,545 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। यह लगातार तीसरा महीना है जब एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले मार्च में उन्होंने रिकॉर्ड 1,26,991 करोड़ रुपये और अप्रैल में 70,786 करोड़ की शुद्ध निकासी की थी। केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा के अनुसार, मई में इक्विटी में एफपीआई का निवेश 27,048 करोड़ रुपये कम हुआ। वहीं, अन्य उपकरणों में उन्होंने शुद्ध रूप से लिवाली की है।

### टॉप 10 कंपनियों का मार्केट कैप 3.12 लाख करोड़ घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और रुपये में कमजोरी के कारण बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली। इसके चलते देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 3.12 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,090.2 अंक यानी 2.7 प्रतिशत टूट गया, जबकि निफ्टी में 532.65 अंक यानी 2.2 प्रतिशत की गिरावट आई। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, जबकि अन्य के मूल्यांकन में गिरावट आई।

## इंटरव्यू

### एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री बोले-मजबूत इंफ्रा और एकीकृत सुविधाओं वाले औद्योगिक क्षेत्र विकसित करे भारत

# एफटीए, आयात शुल्क में कमी से बढ़ेगा एफडीआई प्रवाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने कहा है कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), आयात शुल्क में कमी और कारोबारी माहौल में सुधार से भारत में विदेशी पूंजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। हाल के वर्षों में देश में शुद्ध विदेशी पूंजी प्रवाह में नरमी देखी गई है।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत को विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए आयात शुल्क में कमी करनी चाहिए ताकि यहां निवेश करने वाली कंपनियां वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनी रहें।

आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2021-22 के दौरान शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 38.6 अरब डॉलर रहा था, जो 2022-23 में घटकर 28 अरब डॉलर और 2023-24 में और घटकर 10.2 अरब डॉलर रह गया। शुद्ध एफडीआई यानी कुल निवेश प्रवाह में से निकासी घटाने के बाद का आंकड़ा 2024-25 में घटकर केवल एक अरब डॉलर रह गया। हालांकि, 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में यह सुधरकर तीन अरब डॉलर पर पहुंच गया।




**श्रम और जीएसटी सुधारों की सराहना, कहा-सुधार जारी रखे सरकार**

### आंकड़ों के अनुसार एफडीआई

आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2021-22 के दौरान शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 38.6 अरब डॉलर रहा था, जो 2022-23 में घटकर 28 अरब डॉलर और 2023-24 में और घटकर 10.2 अरब डॉलर रह गया। शुद्ध एफडीआई यानी कुल निवेश प्रवाह में से निकासी घटाने के बाद का आंकड़ा 2024-25 में घटकर केवल एक अरब डॉलर रह गया। हालांकि, 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में यह सुधरकर तीन अरब डॉलर पर पहुंच गया।

पार्क ने कहा कि भारत को मजबूत बुनियादी ढांचे और एकीकृत सुविधाओं वाले औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने चाहिए, ताकि विदेशी कंपनियों को एक ही स्थान पर अपनी कारोबारी जरूरतों का समाधान मिल सके। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते भारत में एफडीआई बढ़ाने में मददगार साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि एशियाई विकास बैंक शहरों के बेहतर प्रशासन और एकीकृत योजना पर भी जोर दे रहा है। इसमें कारोबार की जरूरतों के अनुरूप लॉजिस्टिक, नियामकीय ढांचे और मानव संसाधन विकास को शामिल किया जाता है। स्मार्ट शहरीकरण से कारोबारी समुदाय की चिंताओं को दूर किया जा सकता है। पार्क ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता हमेशा पूंजी को सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर मोड़ देती है और फिलहाल एशियाई बाजारों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट का असर एशिया पर दुनिया के अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक पड़ रहा है।

उन्होंने भारत में श्रम सुधार और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार को सुधारों की गति बनाए रखनी चाहिए। कच्चे तेल की कीमतों पर उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट लंबे समय तक बने रहने से तेल कीमतें अपेक्षाकृत ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे नए अनुमान के अनुसार 2026 में कच्चे तेल की औसत कीमत 96 डॉलर प्रति बैरल रह सकती है, जबकि 2027 में यह करीब 80 डॉलर प्रति बैरल पर बनी रह सकती है। यानी तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं। पार्क ने कहा कि वायदा बाजार भी अगले वर्ष तक ऊंची कीमतों के संकेत दे रहा है।

# अप्रैल में 9 प्रतिशत घटा रत्न एवं आभूषण का निर्यात

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण अप्रैल में भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात में 9.07 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और ये घटकर 222.64 करोड़ अमेरिकी डॉलर (20,825.01 करोड़ रुपये) रह गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने यह जानकारी दी। वर्ष 2025 के इसी महीने में कुल निर्यात 244.85 करोड़ अमेरिकी डॉलर (20,952.26 करोड़ रुपये) रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली ने बताया कि निर्यात में गिरावट का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष है, जिससे वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। इसके अलावा भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका को होने वाले निर्यात में भी असर पड़ा है, क्योंकि शुल्क को लेकर अभी स्पष्टता नहीं है।

# ब्रिटेन : आखिर स्टॉर्मर पद छोड़ने को तैयार

## स्थानीय चुनावों में हार के बाद सौ से ज्यादा सांसदों ने की थी प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर स्वेच्छा से इस्तीफा देने के लिए तैयार हो गए हैं। ब्रिटिश मीडिया ने सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए यह दावा किया है। स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी की हार के बाद लगभग 100 ब्रिटिश सांसदों ने स्टॉर्मर के इस्तीफे की मांग की थी। अपने मंत्रिमंडल के कई सहयोगियों के इस्तीफों के बीच लगातार बढ़ते दबाव के बावजूद अब तक स्टॉर्मर पद छोड़ने से इन्कार कर रहे थे।

फाइनेंशियल टाइम्स ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के भीतर चल रहा सत्ता संघर्ष इस कदर बढ़ चुका है कि ब्रिटिश अधिकारियों को आशंका है कि इससे सरकार का कामकाज ठप हो सकता है। डेली मेल के स्तंभकार डैन हॉजेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, केअर स्टॉर्मर ने अपने नजदीकी लोगों को बताया है कि वे प्रधानमंत्री पद से हटने का इरादा रखते हैं और उन्होंने अपने जाने के लिए एक व्यवस्थित समय सारणी भी तय कर ली है। हॉजेस की ओर से किए गए साक्षात्कार में एक अनाम ब्रिटिश कैबिनेट सदस्य ने कहा है कि स्टॉर्मर देश की राजनीतिक स्थिति को समझते हैं, लेकिन वे गरिमा के साथ अपना पद छोड़ना चाहते हैं। हॉजेस ने अपने लेख में लिखा है कि यह घोषणा कब की जाएगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।



### ब्रिटेन की जनता में है स्टॉर्मर का भारी विरोध

लंदन। वेस्टमिंस्टर के राजनीतिक हलकों में यह तय माना जा रहा है कि केअर स्टॉर्मर का प्रधानमंत्री कार्यकाल जल्द समाप्त हो सकता है। इसका कारण यह है कि ब्रिटेन की जनता ने उन्हें पूरी तरह खारिज कर दिया है। लेबर पार्टी के सांसदों को हाल ही में इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड में चुनाव अभियानों के दौरान घर-जाकर प्रचार के दौरान जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा था। हालांकि, वे इस समस्या से निपटने के लिए फौरन कोई फैसला नहीं कर पाए। इसके बाद वेस स्ट्रीटिंग ने स्वास्थ्य मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने त्यागपत्र में स्टॉर्मर की यह कहते हुए आलोचना भी की कि जहां राजनीतिक दूरदर्शिता की जरूरत थी, वहां एक शून्यता है। ब्रिटेन के हालिया इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं जब प्रधानमंत्रियों को स्थिति कमजोर होने पर पद छोड़ना पड़ा। कंजर्वेटिव पार्टी के प्रधानमंत्रियों में थेरेसा मे, बोरिस जॉनसन और लिज ट्रस के नाम इनमें शामिल हैं।

### बर्नहैम को सौंप सकते हैं पद

'द टेलीग्राफ' के अनुसार, अगर स्टॉर्मर मेकरफील्ड उपचुनाव जीत जाते हैं तो वे इस्तीफा दे सकते हैं और मैनचेस्टर के मेयर एंडी बर्नहैम को अपना पद सौंप सकते हैं। यह दावा सरकारी सूत्रों के हवाले से किया गया है।

### नए प्रधानमंत्री के लिए स्ट्रीटिंग, रेनर और बर्नहैम के नाम चर्चा में

लंदन। पार्टी के दक्षिणपंथी धड़े से जुझारू नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्ट्रीटिंग स्टॉर्मर को चुनौती देने वाले प्रमुख व्यक्ति हैं, लेकिन उन्हें अब भी कम से कम 81 साथी लेबर सांसदों के समर्थन की आवश्यकता है। नेतृत्व हासिल करने की स्ट्रीटिंग की दावेदारी को मीडिया का एक बड़ा हिस्सा समर्थन देगा, लेकिन कई लोगों का मानना है कि पुराने ब्लेयरवादी सिद्धांतों को फिर दोहराने का उनका प्रयास पार्टी सदस्यों के बीच उनकी लोकप्रियता को कम कर सकता है। नरम वामपंथी खेमे की संभावित उम्मीदवार पूर्व उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने अब अपने कर मामलों को सुलझा लिया है और पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच अधिक लोकप्रिय हैं। लेकिन इससे लंदन के कई विशेषज्ञों के उनसे अलग होने का खतरा है। स्ट्रीटिंग और रेनर के पास ब्रिटिश जनता के बीच प्रभाव डालने की क्षमता नहीं है। यहां ग्रेटर मैनचेस्टर के महापौर एंडी बर्नहैम की भूमिका आती है। बर्नहैम सांसद नहीं हैं और वह जोश सिमंस के पद छोड़ने से खाली हुए मेकरफील्ड क्षेत्र से चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं, लेकिन उनकी जीत की कोई गारंटी नहीं है।







### लोकप्रियता पाताल में, उपचुनाव जीतने की क्षमता भी नहीं

लेबर पार्टी की मौजूदा अलोकप्रियता को देखते हुए पार्टी यह यकीन नहीं कर सकती कि वह कहीं भी उपचुनाव जीत पाएगी। अगर बर्नहैम इस बाधा को पार कर लेते हैं तो भी खतरा है कि महापौर पद के लिए लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उनके स्थान पर खड़े होने वाले को 'रिफॉर्म यूके' पार्टी से हार का सामना करना पड़ सकता है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों को निशाना बनाना अस्वीकार्य : भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना, असैन्य चालक दल को खतरे में डालना और नौवहन की स्वतंत्रता में बाधा डालना अस्वीकार्य है। हरीश ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षित आवागमन से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानून का पूरी तरह से सम्मान किया जाना चाहिए।

ऊर्जा और आपूर्ति प्रवाह की सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (यूएनईसीओएसओसी) की एक विशेष बैठक में हरीश की ये टिप्पणियां ओमान के तट पर भारतीय ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले के कुछ दिनों बाद आईं। ओमान के अधिकारियों ने सोमालिया से आ रहे जहाज के सभी 14 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया लेकिन यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि हमला किसने किया। हरीश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यूएनईसीओएसओसी की बैठक में उन्होंने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न हालिया ऊर्जा और उर्वरक संकट के प्रति भारत के दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने कहा, संकट से निपटने के लिए अल्पकालिक और व्यवस्थागत उपायों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है। होर्मुज जलडमरूमध्य में व्याप्त नाजुक स्थिति के बीच 13 मई को भारतीय ध्वज वाले जहाज को निशाना बनाकर हमला हुआ था।




- संयुक्त राष्ट्र में कहा- नौवहन स्वतंत्रता और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पूरा पालन हो

## वर्ल्ड ब्रीफ

### विमानन कंपनी के भारतीय कर्मियों पर धोखाधड़ी के आरोप

कोलंबो। श्रीलंकन एयरलाइंस ने चेन्नई स्थित अपने कार्यालय में कार्यरत कई भारतीय कर्मचारियों पर 2.2 करोड़ रुपये की धनराशि के गबन का आरोप लगाया है। श्रीलंका की राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने एक बयान में बताया कि यह धोखाधड़ी बिल, भुगतान विवरणों और हस्ताक्षरों में हेरफेर करके की गई। बयान के मुताबिक, श्रीलंकन एयरलाइंस के चेन्नई स्थित कार्यालय में धनराशि के गबन के संबंध में विमानन कंपनी यह सूचित करना चाहती है कि चेन्नई के वित्त विभाग में कार्यरत कुछ भारतीय नागरिकों पर बिल, भुगतान विवरणों और हस्ताक्षरों में धोखाधड़ी से हेरफेर करके एक अवधि के दौरान कुल 2.2 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोप है।

### मॉस्को में ड्रोन हमले का निशाना बने भारतीय, एक की मौत, 3 घायल

मॉस्को। यूक्रेन द्वारा रूस के मॉस्को क्षेत्र में किए गए ड्रोन हमले में एक भारतीय श्रमिक की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। भारतीय दूतावास के मुताबिक यह घटना रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के बीच घटी है। यूक्रेन ने शनिवार रात को मॉस्को में स्थित प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमले किए। भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और अस्पताल में घायल श्रमिकों से मुलाकात की। दूतावास ने कहा, दूतावास जनहानि के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और कंपनी प्रबंधन तथा स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर श्रमिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। हालांकि, उसने मृतकों या घायलों की पहचान का खुलासा नहीं किया।

### मलयालम फिल्म अम्मा एरियन का कान्स फिल्म महोत्सव में प्रीमियर

कान्स। दिवंगत निर्देशक जॉन अब्राहम की 1986 की प्रशंसित मलयालम फिल्म 'अम्मा एरियन' के नवीनीकृत संस्करण का प्रीमियर 79वें कान्स फिल्म महोत्सव के 'कान्स क्लासिक्स' सेक्शन में शनिवार को संपन्न हुआ। दिवंगत अब्राहम अपनी 'अग्रहरथिल कजुताई' (ब्राह्मण गांव में गधा), विद्यार्थीकले इथिले इथिले (इस तरह, विद्यार्थी) और चेरियाचांते क्रूराकृतिंगल (चेरियाचन की क्रूरता) जैसे क्लासिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी मौत 1987 में हुई। 'अम्मा एरियन' के प्रमुख अभिनेता जॉय मैथ्यू फिल्म के प्रीमियर पर मौजूद थे। कान्स फिल्म महोत्सव के प्रतिनिधि थिएरी फ्रेमॉक्स ने कहा, भारत एक महान देश है और सिनेमा का वह एक महान क्षेत्र है।

# नाइजीरिया में अंधाधुंध गोलीबारी कर 45 स्कूली बच्चों का अपहरण

अबूजा, एजेंसी

- बंदूकधारी हमलावरों ने अलग अलग स्कूलों पर किया हमला
- बच्चों को अगवा कर जंगलों में ले गए, सुरक्षा बलों ने शुरू की तलाश

दक्षिण-पश्चिम नाइजीरिया के ओयो इलाके में बंदूकधारियों ने 45 से अधिक स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया है। बेहद स्तब्ध करने वाली इस घटना को तीन अलग-अलग स्कूलों पर दिनदहाड़े एक समन्वित हमले के जरिए अंजाम दिया गया और हमलावरों ने ओरीरे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में सुबह की कक्षाओं के दौरान निशाना बनाया।

हमलावरों ने यावोटा में तीन प्राइमरी स्कूलों पर धावा बोला। मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए हमलावरों ने इस बीच अंधाधुंध गोलीबारी की और बच्चों को बंधक बनाकर पास के जंगली इलाकों में फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षा बलों ने ओल्ड ओयो नेशनल पार्क एक्सिस के आसपास के संभावित रास्तों को सील कर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। यह वारदात शुक्रवार सुबह हुई। एक शिक्षिका ने स्थानीय मीडिया को बताया कि हमलावर सैन्य वर्दी और नकाब पहने हुए युवा थे। शिक्षिका एलिजाबेथ ओलागोके ने बताया, आतंकवादी सुबह करीब 8 बजे आए, जब सुबह का सत्र शुरू हो चुका था। वे छह मोटरसाइकिलों पर आए थे और हर बाइक पर दो लोग सवार थे।

एलिजाबेथ के मुताबिक हमलावर अंधाधुंध फायरिंग करने से पहले योरूबा, हौसा और पिजिन अंग्रेजी में चिल्ला रहे थे, जिससे हर तरफ अफरातफरी मच गई। इस सिलसिले में अब तक तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इस घटना के बाद से पूरे राज्य में रोते-बिलखते माता-पिता और स्थानीय निवासी सरकार से तुरंत कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। रविवार तक प्रशासन ने अपहृत बच्चों की सटीक संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी। स्कूली बच्चों के अपहरण की यह वारदात ठीक

### सशस्त्र गुटों से निपटना सरकार के लिए चुनौती

नाइजीरियाई सरकार के लिए इन सशस्त्र गुटों से निपटना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इन गिरोहों ने जमफारा, कत्सिना, कडुना, सोकोतो, केब्बी और नाइजर जैसे राज्यों के घने जंगलों में अपने ठिकाने बना रखे हैं। ये समूह यहीं से आसपास के रिहायशी इलाकों पर हमले करते हैं, मवेशी और संपत्ति लूटते हैं और स्थानीय नागरिकों की हत्या व फिरौती के लिए अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं।

## इतिहास के शिखर पर...




# नेपालः पर्वतारोही कामी रीता ने 32वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह कर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

काठमांडू। नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट को 32वीं बार फतह करके इतिहास रच दिया। शेरपा ने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार सफलता पूर्वक चढ़ाई करने का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा है। पर्यटन विभाग के अनुसार, 56 वर्षीय अनुभवी पर्वतारोही रविवार पूर्वाह्न 10 बजकर 12 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंचे शिखर पर पहुंचे।

विभाग ने बताया कि शेरपा '14 पीक्स एक्सपेडिशन' द्वारा संचालित एक अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार, एवरेस्ट आधार शिविर स्थित पर्यटन विभाग के फील्ड कार्यालय ने सफलतापूर्वक चढ़ाई करने की पुष्टि की। पर्यटन विभाग ने शेरपा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि नेपाल के पर्वतारोहण क्षेत्र और देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाती है।

जनवरी 1970 में कोशी प्रांत के सोलुखुम्बु जिले के एक गांव में जन्मे कामी रीता ने 1992 में एक पेशेवर पर्वतारोही के रूप में अपना करियर शुरू किया। शेरपा ने पहली बार 1994 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। उन्होंने 27 मई, 2025 को एवरेस्ट पर 31वीं बार सफलतापूर्वक चढ़ाई की।

### 'पर्वतरानी' ल्हाकपा ने भी बनाया विश्व रिकॉर्ड

**11 बार एवरेस्ट फतेह करने वाली दुनिया की पहली महिला बनीं**

पर्वत रानी नाम से मशहूर और माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली नेपाल की पहली महिला ल्हाकपा शेरपा ने ने भी रविवार को शिखर पर11वीं बार सफल चढ़ाई पूरी करके अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ कर नया रिकॉर्ड बनाया। पर्यटन विभाग के मुताबिक ल्हाकपा रविवार सुबह साढ़े नौ बजे शिखर पर पहुंचीं। प्रथम सफल नेपाली महिला (2000): ल्हाकपा साल 2000 में माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ने वाली पहली नेपाली महिला बनी थीं। 2003 में उन्होंने अपने भाई मिंगमा गेलू और बहन मिंग किपा के साथ एवरेस्ट फतह किया। इस दौरान 15 साल की मिंग किपा एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की व्यक्ति बनीं।



### प्रधानमंत्री शाह ने दी बधाई

प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने दोनों पर्वतारोहियों को बधाई दी और कहा, ऐसी ऐतिहासिक सफलता केवल अटूट साहस, कठोर आत्म-अनुशासन और अपने काम के प्रति ईमानदार समर्पण के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है। शाह ने 'एक्स' लिखा, माउंट एवरेस्ट महज एक भौगोलिक ऊंचाई नहीं है, यह नेपाल के आत्मसम्मान, साहस, धैर्य और हिमालयी सभ्यता का सर्वोच्च प्रतीक है। आज इस गौरवशाली पर्वत पर नेपाली पर्वतारोहियों ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। शेरपाओं के साहस, ज्ञान और परिश्रम के बिना पहाड़ों की शान अधूरी रह जाती है।

# यूएई के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुआ ड्रोन हमला

दुबई, एजेंसी

- संयंत्र के बाहर लगी आग, ईरान पर हमला करने का आरोप

ड्रोन हमले के कारण रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बाहर आग लग गई। इसमें किसी के हताहत होने या रेडियोधर्मी विकिरण की सूचना नहीं मिली है। यह ड्रोन हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम जारी है, लेकिन तनाव अब भी बहुत अधिक है और इससे पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध छिड़ने का खतरा है।

किसी ने भी संयंत्र पर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली और यूएई ने भी किसी पर आरोप नहीं लगाया। हालांकि, यूएई ने हाल के दिनों में होर्मुज को लेकर बढ़ते तनाव के बीच ईरान पर कई ड्रोन और मिसाइल हमले करने का आरोप लगाया है। होर्मुज एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है जिस पर ईरान का अब भी पूरा नियंत्रण है, जबकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी कर रखी है। बरकाह संयंत्र यूएई की एक चौथाई ऊर्जा की आपूर्ति कर सकता है। इस संयंत्र का निर्माण यूएई ने दक्षिण कोरिया की सहायता से किया था और यह 2020 में चालू हुआ था। यह अरब जगत का पहला और एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। यूएई के परमाणु नियामक ने कहा कि आग की घटना से



संयंत्र की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। नियामक ने 'एक्स' पर कहा, सभी इकाइयां सामान्य रूप से काम कर रही हैं। वियना आधारित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि हमले के कारण एक विद्युत जनरेटर में आग लग गई और एक रिएक्टर को आपातकालीन डीजल जनरेटर से बिजली आपूर्ति की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि परमाणु सुरक्षा को खतरे में डालने वाली सैन्य गतिविधि अस्वीकार्य है।

# नीदरलैंड के प्रधानमंत्री ने भारत में मीडिया की स्वतंत्रता में गिरावट होने के लगाए आरोप

हेग, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक दौरे के बीच नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन ने भारत में मीडिया की स्वतंत्रता में गिरावट और धार्मिक एवं अल्पसंख्यक अधिकारों के हनन के आरोप लगाए जिन्हें भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। भारत की ओर से कहा गया है कि वह एक जीवंत लोकतंत्र है, जो अपने सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रोब जेटेन की ओर से भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में कथित गिरावट को लेकर चिंता जताए जाने की खबरों के संबंध में पूछे सवाल के जवाब में शनिवार शाम को ये टिप्पणियां कीं। जॉर्ज एम्स्टर्डम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड की दो दिवसीय यात्रा के संबंध में मीडिया से बात कर रहे थे। जॉर्ज ने कहा, प्रश्न पूछने वाले की समझ की कमी के कारण हमें इस सवाल का सामना करना पड़ा। भारत 1.4 अरब लोगों का देश है यानी दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला राष्ट्र। भारत पांच हजार साल पुरानी सभ्यता का देश है। आरोपों का खंडन करते हुए उन्होंने भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और भाषाई विविधता का उदाहरण दिया। कहा, दुनिया में कोई दूसरा देश नहीं है, जहां इतने धर्मों का उदय हुआ हो।



- विदेश मंत्रालय ने किया खारिज कहा- भारत सबसे जीवंत लोकतंत्र

# पुजारियों के वेतन के मुद्दे पर होगी सुप्रीम सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सरकार के नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारियों, सेवादारों एवं मंदिर कर्मचारियों को दिए जाने वाले वेतन और अन्य लाभों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति के गठन संबंधी याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ की ओर से अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई किए जाने की संभावना है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय के माध्यम से दायर याचिका में सरकार के नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारियों और मंदिर कर्मचारियों को दिए जाने वाले पारिश्रमिक तथा अन्य लाभों की समीक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज किसी के प्रति मन में नकारात्मक मनोभाव न रखें। प्रेमीजन के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

**तुला** – आज मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। बाहर का भोजन करने से बचें। साझेदारी वाले व्यापार में परेशानियां उत्पन्न होंगी।

**वृष** – आज प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आपकी रचनात्मक क्षमता का विकास होगा। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा। विद्यार्थी करियर को लेकर योजना बना सकते हैं। बिगड़े रिश्तों को सुधारने में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** – आज आप केवल अपने काम से काम रखें। दूसरों की बातों पर अधिक ध्यान न दें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है।

**धनु** – आज व्यापारी अपने कारखाने और उपकरणों की मरम्मत आदि में धन खर्च कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नए लोग आपसे मित्रता करना चाहेंगे।

**कर्क** – आज आपके सभी काम समय पर हो जायेंगे। मन में नये विचार उत्पन्न होंगे। अपने कार्य के प्रति एकाग्र रहेंगे।

**मकर** – आज किसी का अपमान न करें। सहकर्मी आपके व्यवहार से नाराज हो सकते हैं। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।

**सिंह** – आज मेडिकल क्षेत्र से जुड़े कारोबार में अच्छा लाभ होगा। अपनी कमियों को दूर करने के लिये प्रयत्नशील रहेंगे।


**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। मौसमी बुखार और सर्दी-जुकाम की चपेट में आ सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से थोड़े असन्तुष्ट रहेंगे।

**कन्या** – आज अति आत्मविश्वास के कारण काम खराब हो सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह में परेशानी हो सकती है। आज पूरा दिन आप व्यस्त रहेंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। भाग्य का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति:** 18 मई, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- शुक्ल पक्ष, द्वितीया 05.43 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**-ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-रोहिणी 11.32 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 152 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 |

### सुडोकू -153

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | | | |
| | | 4 | 5 | | | | | 6 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | 5 | | | 3 | | | | |
| 5 | | | | | 2 | 8 | | |
| 3 | | | | | 1 | 9 | | |
| 6 | | | 3 | | | | | 4 |

# सुप्रीम कोर्ट मे जजों की संख्या बढ़ाने को राष्ट्रपति की मंजूरी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय को मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 जारी करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई को छोड़कर न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 हो जाएगी।

संकट | कांगो और युगांडा में बढ़ा प्रकोप, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संक्रमण फैलने की चिंता के कारण डब्ल्यूएचओ ने की घोषणा

# इबोला का प्रकोप तेज, वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित

जेनेवा, एजेंसी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रविवार को कांगो और युगांडा में फैले बुंदीबुग्यो वायरस स्ट्रेन के कारण इबोला प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने यह बड़ा फैसला सीमा पार संक्रमण की पुष्टि, संदिग्ध मौतों के बढ़ते आंकड़ों और इस महामारी के पूरे क्षेत्र में तेजी से फैलने की आशंका के मद्देनजर लिया है।

यह वैश्विक घोषणा पूर्वी कांगो के इतूरी प्रांत और युगांडा की राजधानी कंपाला में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए इबोला मामलों के सामने आने के बाद की गई है, जिसमें एक मौत भी शामिल है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस बीमारी का प्रकोप वर्तमान में पाए गए मामलों की तुलना में कहीं अधिक बड़ा हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 16 मई तक इतूरी प्रांत के तीन स्वास्थ्य क्षेत्र बुन्या, वर्मपारा और मोंगबवालु में 8 पुष्ट मामले, 246 संदिग्ध संक्रमण और 80 संदिग्ध मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। युगांडा ने 24 घंटों के भीतर कंपाला में इबोला के दो मामलों की पुष्टि की है, ये दोनों मरीज कांगो से आए हैं। इनमें एक की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, इतूरी से लौटे एक यात्री में किन्शासा के भीतर भी एक अलग पुष्ट मामला पाया गया है, जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संक्रमण फैलने की चिंताएं बहुत बढ़ गई हैं।



### दूसरे देशों के लिए भी बढ़ रहा है जोखिम, अभी तक कोई इलाज भी नहीं

डब्ल्यूएचओ ने अपने आपातकालीन निर्धारण में कहा है कि यह घटना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीमारी के प्रसार के माध्यम से अन्य देशों के लिए एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने इसे अभी महामारी घोषित नहीं किया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय संचरण के जोखिम, कमजोर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और बुंदीबुग्यो स्ट्रेन को निशाना बनाने वाले स्वीकृत टीकों या सटीक इलाज के अभाव में इसने वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के पैमाने को पार कर लिया है। कम से कम चार स्वास्थ्य कर्मियों की भी ऐसी परिस्थितियों में मौत हुई है जो अस्पतालों के भीतर फैले संक्रमण की ओर इशारा करती हैं। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि पूर्वी कांगो में खुली सीमाएं और भारी क्षेत्रीय गतिशीलता इस प्रकोप को और तेज कर सकती है। पूर्वी कांगो में 2018-19 में इबोला से 2,000 लोगों की जान चली गई थीं।



> हमारा पहला लक्ष्य प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करना था। अगर आप टॉप दो में जगह बना लेते हैं तो वह और भी शानदार होता है। आप देख सकते हैं कि यह हमारे लिए कितना मायने रखता है। पिछले दो महीनों से हम बहुत मेहनत कर रहे हैं।
> –भुवनेश्वर कुमार

स्टेडियम

बरेली, सोमवार, 18 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

स्थान : चेन्नई

# वेंकटेश-विराट की धमाकेदार पारियों से बेंगलुरु को सबसे पहले प्लेऑफ का टिकट

## आईपीएल-2026 : लगातार छठी हार से बेहाल पंजाब किंग्स की उम्मीदें क्षीर्ण

**धर्मशाला, एजेंसी**

वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बनी। लगातार तीसरी जीत के साथ बेंगलुरु की टीम के 13 मैच में 18 अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर बरकरार है। लगातार छठी हार के बाद पंजाब की टीम 13 मैच में 13 अंक के साथ चौथे पायदान पर है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शशांक सिंह (56 रन, 27 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक और मार्कस स्टोइनिस (37 रन, 25 गेंद, पांच चौके) के साथ उनकी छठे विकेट की 67 रन की साझेदारी के बावजूद पंजाब की टीम आठ विकेट पर 199 रन ही बना सकी। कूपर कोनोली (37) और सूर्यांश शेडगे (35) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। बेंगलुरु की ओर से रसिक सलाम ने 36 रन देकर तीन जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 38 रन देकर दो विकेट चटकाए।

बेंगलुरु की टीम ने वेंकटेश (नाबाद 73, 40 गेंद, आठ चौके, चार छक्के) की कोहली (58 रन, 37 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 और टिम डेविड (12 गेंद में 28 रन, दो छक्के, दो चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 222 रन बनाए।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते विराट कोहली।

कोहली ने कप्तान देवदत्त पडिक्कल (45) के साथ दूसरे विकेट के लिए 76 जोड़कर टीम को ठोस मंच प्रदान किया। पंजाब की ओर से हरप्रीत बरार सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 35 रन देकर दो विकेट चटकाए। अर्शदीप सिंह (43 रन पर एक विकेट) और युजवेंद्र चहल (42 रन पर एक विकेट) को एक-एक विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब किंग्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 19 रन तक ही सलामी बल्लेबाजों प्रियांश आर्य (00) और प्रभसिमरन सिंह (02) तथा कप्तान श्रेयस अय्यर (01) के विकेट गंवा दिए। भुवनेश्वर ने पारी की तीसरी ही गेंद पर प्रियांश को मिडविकेट पर रोमारियो शेफर्ड के हाथों कैच कराया जबकि इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में प्रभसिमरन भी स्लिप में पडिक्कल को कैच दे बैठे। रसिक ने अपनी पारी की दूसरी ही गेंद पर श्रेयस को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराके पंजाब को तीसरा झटका दिया। कोनोली और शेडगे ने पावर प्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 49 रन तक पहुंचाया।

कोनोली ने इस बीच जोश हेजलवुड (36 रन पर एक विकेट) और रसिक पर छक्के भी मारे। कोनोली ने सुयश शर्मा (50 रन पर एक विकेट) पर भी छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद शेफर्ड (आठ रन पर एक विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर जैकब बेथेल के हाथों लपके गए। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और इतने ही चौके मारे। शेडगे ने सुयश पर छक्का मारा लेकिन फिर इस लेग स्पिनर की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर कोहली को कैच दे बैठे जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 93 रन हो गया। उन्होंने 22 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके जड़े।

पंजाब के रनों का शतक 12वें ओवर में पूरा हुआ। शशांक ने सुयश पर तीन छक्कों के साथ रन गति में इजाफा करने का प्रयास किया। बेथेल ने कृणाल पंड्या की गेंद पर स्टोइनिस का कैच टपकाया जबकि शशांक ने इस ओवर में दो चौके मारे। स्टोइनिस ने भी रसिक पर लगातार दो चौके मारे। पंजाब को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 77 रन की दरकार थी। शशांक ने भुवनेश्वर पर छक्का और स्टोइनिस ने चौका मारा।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**222/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैकब बेथेल बो हरप्रीत | 11 |
| विराट कोहली का आर्य बो चहल | 58 |
| देवदत्त पडिक्कल का अय्यर बो हरप्रीत | 45 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 73 |
| टिम डेविड का हरप्रीत बो अर्शदीप | 28 |

**अतिरिक्त :** 07, **विकेट पतन :** 1-21, 2-97, 3-157, 4-222, **गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-43-1, उमरजई 4-0-38-0, हरप्रीत 4-0-35-2, फर्ग्युसन 3-0-43-0, चहल 3-0-42-1, शशांक 2-0-20-0

**280** वां मुकाबला आईपीएल में खेलकर विराट कोहली ने सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया, उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया

### पंजाब किंग्स

**199/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का शेफर्ड बो भुवनेश्वर | 00 |
| प्रभसिमरन का पडिक्कल बो भुवनेश्वर | 02 |
| कूपर कोनोली का बेथेल बो शेफर्ड | 37 |
| श्रेयस अय्यर का जितेश बो रसिक | 01 |
| सूर्यांश शेडगे का कोहली बो सुयश | 35 |
| मार्कस स्टोइनिस पगबाधा बो हेजलवुड | 37 |
| शशांक सिंह का कोहली बो रसिक | 56 |
| अजमतुल्लाह का डेविड बो रसिक | 14 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 05 |

**अतिरिक्त :** 12, **विकेट पतन :** 1-1, 2-18, 3-19, 4-62, 5-93, 6-160, 7-194, 8-199 **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-38-2, हेजलवुड 4-0-36-1, रसिक 4-0-36-3, सुयश 4-0-50-1, शेफर्ड 1-0-8-1, कृणाल 3-0-27-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 0 | 18 | 1.065 |
| 2. | गुजरात टाइटंस | 13 | 8 | 5 | 0 | 16 | 0.400 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | 0.331 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 13 | 6 | 6 | 1 | 13 | 0.227 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 6 | 6 | 0 | 12 | 0.027 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 6 | 6 | 0 | 12 | 0.027 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 13 | 6 | 7 | 0 | 12 | -0.871 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 12 | 5 | 6 | 1 | 11 | -0.038 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 12 | 4 | 8 | 0 | 8 | -0.504 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 12 | 4 | 8 | 0 | 8 | -0.701 |

### ऑरेंज कैप





- साई सुदर्शन गुजरात–554 रन
- शुभमन गिल गुजरात –552 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–542 रन

### पर्पल कैप





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–24 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात–21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–19 विकेट

## चेन्नई और हैदराबाद के बीच मुकाबले में अच्छी बल्लेबाजी करने वाली टीम के पास होगा मौका

**चेन्नई, एजेंसी।** अब तक अधिकतर मैचों में अपने बल्लेबाजों के दम पर जीत हासिल करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां जब आईपीएल में आमने-सामने होगी तो बल्लेबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना अधिक रहेगी। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए इन दोनों टीम के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। हैदराबाद हालांकि चेन्नई की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उसके 12 मैच में 14 अंक है और अभी वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। चेन्नई की टीम के 12 मैच में 12 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है। जैसे कि उसके बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा था, उनके लिए अब बाकी बचे दोनों मैच फाइनल जैसे हो गए हैं। चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अब तक जब भी अच्छा प्रदर्शन किया तब टीम को जीत मिली। ऐसे में उसकी संभावना बरकरार रखने के लिए संजू सैमसन, रुतुराज गायकवाड, उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में इनमें से केवल कार्तिक ने ही अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके अलावा शिवम दुबे ने अंतिम ओवरों में आक्रामक पारी खेली थी लेकिन उसके गेंदबाज 188 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाए थे। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने इससे पहले अपनी विकेट लेने की योग्यता का अच्छा नमूना पेश किया था लेकिन पिछले मैच में उन्होंने केवल 2.4 ओवर में 63 रन लुटा दिए थे। उनका इकोनोमी रेट 23.62 रहा जो टी20 क्रिकेट में कम से कम 15 गेंद करने वाले गेंदबाज का सबसे खराब प्रदर्शन है। उन्हें शीघ्र अपनी लय हासिल करनी होगी। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो कभी उसकी बल्लेबाजी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत नजर आती है लेकिन कभी वह फिसड्डी साबित हो जाती है।

### हाईलाइट

## बायर्न म्यूनिख ने 122 गोल के रिकॉर्ड के साथ जीती बुंडेसलिगा ट्रॉफी



**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने एक सत्र में सर्वाधिक 122 गोल करने के नए रिकॉर्ड के साथ जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा का खिताब जीता। हैरी केन की इस सत्र की चौथी हैट्रिक की मदद से बायर्न ने कोलोन पर 5-1 से शानदार जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। उसकी तरफ से इस मैच में टॉम बिशोफ और निकोलस जैक्सन ने भी गोल किए। केन ने इस सत्र में 36 गोल किए जो 2020-21 में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के लीग रिकॉर्ड से पांच कम हैं। बुंडेसलिगा के एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड इससे पहले भी बायर्न के नाम पर ही था। उसने 1971-72 में 101 गोल किए थे। तब फ्रांज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर जैसे खिलाड़ी उसकी तरफ से खेला करते थे।

## रोनाल्डो का सऊदी अरब में ट्रॉफी जीतने का इंतजार बढ़ा

**रियाद (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सऊदी अरब में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंतजार तब और बढ़ गया जब शनिवार को एशियाई चैंपियंस लीग दो के फाइनल में उनके क्लब अल नासर को जापान के गांबा ओसाका से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। तुर्की के फॉरवर्ड डेनिज़ हम्मात के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से ओसाका ने एशिया के दूसरी श्रेणी के टूर्नामेंट का खिताब जीता। अल नासर ने हालांकि मैच में दबदबा बनाए रखा लेकिन वह गोल करने में नाकाम रहा।

## सुपर शतरंज क्लासिक में प्रज्ञानंदा ने कीमर के साथ ड्रॉ खेला

**बुखारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेलकर सुपर शतरंज क्लासिक के तीसरे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए रखी। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट का हिस्सा है। पिछले दौर में उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराने वाले प्रज्ञानंदा के दो अंक हो गए हैं। वह फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट, अनीश गिरी और कीमर के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इस टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें से आधे खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना और वेस्ली सो दोनों ने अपने सभी मैच ड्रॉ किए हैं।

# सात्विक-चिराग तीसरा खिताब जीतने से चूके

### थाईलैंड ओपन

**बैंकॉक, एजेंसी**




सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी की सर्वोच्च वरीय भारतीय जोड़ी यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने तीसरे खिताब से वंचित रह गई, जब फाइनल में उसे गैर नामांकित इंडोनेशियाई लियो रॉली कार्नांडो व डेनियल मार्टिन के खिलाफ 4 मैच प्वॉइंट बचाने के बावजूद उपजेता से संतोष करना पड़ा।

**लियो रॉली कार्नांडो व डेनियल मार्टिन ने सीधे गेमों में जीती उपाधि :** बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक-चिराग निमिबुत्र स्टेडियम के कोर्ट नंबर एक पर खेले गए दिन के दूसरे मैच के पहले गेम में अप्रत्याशित रूप से इंडोनेशियाई जोड़ी का जवाब नहीं दे सके। हालांकि दूसरे गेम में जबर्दस्त संघर्ष देखने को मिला, लेकिन लियो व डेनियल ने चार मैच अंक गंवाने के बाद 53 मिनट का रोमांचक मुकाबला 21-12, 25-23 से अपने नाम कर लिया और चैम्पियन बन बैठे।

- **चार मैच प्वॉइंट बचाने के बाद इंडोनेशियाई जोड़ी से हारे**

**वर्ष का पहला खिताब जीतने का इंतजार बढ़ा :** वर्ष 2019 व 2024 में यहा खिताब जीत चुके चिराग व सात्विक का इसके साथ ही वर्ष का पहला खिताब जीतने का इंतजार बढ़ गया। यह भारतीय जोड़ी पिछले वर्ष चाइना मास्टर्स और हांगकांग ओपन में भी उपविजेता रही थी। वहीं सात्विक व चिराग के खिलाफ इंडोनेशियाई जोड़ी की यह पहली जीत थी।

**पहला गेम एकतरफा साबित हुआ :** चिराग को शुरुआत में अपनी सर्विस में संघर्ष करना पड़ा, जिससे भारतीय टीम 1-4 से पिछड़ गई और फिर स्कोर 7-9 हो गया। इसके बाद लियो और डेनियल ने चार अंकों की बढ़त बना ली। भारतीय टीम की गलतियों का फायदा उठाकर इंडोनेशियाई जोड़ी 17-12 से आगे हो गई। इसके बाद उसे आठ गेम प्वॉइंट मिले और सात्विक ने एक रिटर्न को नेट में उलझा दिया, जिससे लियो व डेनियल ने पहला गेम अपने नाम कर दिया।

## खुद पर ज्यादा दबाव बनाने से मैं खोखला हो गया था : एलन

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरू में उन्होंने खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल दिया था जिससे वह 'खोखला' इंसान बन गए थे लेकिन अब वह अपने खेल का पूरा आनंद ले रहे हैं।

एलन ने कोलकाता में खेले गए टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में नाबाद 100 रन की तूफानी पारी खेली थी। लेकिन इसके बाद आईपीएल में उनका बल्ला नहीं चला और उन्होंने पांच पारियों में केवल 81 रन बनाए। इसके बाद केकेआर ने उन्हें गुजरात टाइटन्स, राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तीन मैचों के लिए अंतिम एकादश में नहीं रखा। एलन ने कहा टूर्नामेंट की शुरुआत में मैं खुद पर अच्छा प्रदर्शन करने का बहुत ज्यादा दबाव डाल रहा था। उस दौरान मैं शायद थोड़ा खोखला इंसान बन गया था और यह सब मेरी अपनी गलती थी।



शानदार पारी के दौरान शॉट लगाते दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल। एजेंसी

# रॉयल्स को हराकर दिल्ली ने प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मिचेल स्टार्क के चार विकेट के बाद आखिरी ओवरों में आशुतोष शर्मा के पांच गेंद में नाबाद 18 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है। जीत के लिए 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 19 रन की जरूरत थी और इंपैक्ट सब आशुतोष ने 19वें ओवर में बृजेश शर्मा को छक्का और आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों में एडम मिल्ने को चौका और छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले स्टार्क के चार गेंद में तीन विकेट के बूते आखिरी ओवरों में वापसी करते हुए दिल्ली ने अपने घरेलू मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट पर 193 रन पर रोक दिया। एक समय पर लग रहा था कि रॉयल्स 230 के आसपास पहुंच जायेगी लेकिन सीम और स्विंग के महारथी आस्ट्रेलियाई धुरंधर स्टार्क ने 15वें ओवर में आक्रामक खेल रहे रॉयल्स के कप्तान रियान पराग (26 गेंद में 51) और डोनोवन फरेरा (0) को लगातार गेंद पर आउट किया जबकि रवि सिंह (चार) भी पगबाधा आउट हुए। रॉयल्स का स्कोर 14वें ओवर के बाद दो विकेट पर 160 रन था और लग रहा था कि टीम 230 के आसपास पहुंच जायेगी लेकिन आखिरी छह ओवर में सिर्फ 33 रन बने और छह विकेट गिर गए। स्टार्क ने चार ओवर में 40 रन देकर चार, लुंगी एंगिडि ने चार ओवर में 24 रन देकर और माधव तिवारी ने 27 रन देकर दो दो विकेट लिए। स्टार्क का चौथा शिकार दासुन शनाका (10) बने जो 19वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स को कैच देकर लौटे।

जवाब में दिल्ली की शुरूआत अच्छी रही और अभिषेक पोरेल (30 गेंद में 50 रन) के साथ केएल राहुल (42 गेंद में 56) ने पहले विकेट की साझेदारी में 60 गेंद में 105 रन जोड़े। राहुल को पहले ही ओवर में आर्चर की गेंद पर यशराज पुंजा ने जीवनदान दिया। रॉयल्स की फील्डिंग बहुत ही औसत स्तर की रही और ओवरथ्रो में फालतू रन देने के साथ उसके क्षेत्ररक्षकों ने कैच भी टपकाये। इस साझेदारी को बृजेश शर्मा ने तोड़ा जिन्होंने 11वें ओवर में पोरेल को कैचा करवाया।

### राजस्थान रॉयल्स

**193/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्टार्क बो एंगिडि | 12 |
| वैभव सूर्यवंशी का मिलर बो तिवारी | 46 |
| ध्रुव जुरेल पगबाधा बो एंगिडि | 53 |
| रियान पराग का पटेल बो स्टार्क | 51 |
| डोनोवन फरेरा का पटेल बो स्टार्क | 00 |
| रवि सिंह पगबाधा बो स्टार्क | 04 |
| शुभम दुबे का विजय बो तिवारी | 05 |
| दासुन शनाका का स्टब्स बो स्टार्क | 10 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 02 |
| एडम मिल्ने नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त :** आठ रन, **विकेट पतन :** 1-19, 2-89, 3-161, 4-161, 5-165, 6-173, 7-187, 8-191

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-40-4, एंगिडि 4-0-24-2, विजय 2-0-29-0, मुकेश 2-0-40-0, तिवारी 2-0-27-2, अक्षर 4-0-31-0

### दिल्ली कैपिटल्स

**197/5** (19.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक पोरेल का फरेरा बो शर्मा | 51 |
| केएल राहुल बो शनाका | 56 |
| साहिल पारिख का जुरेल बो आर्चर | 09 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 34 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का जायसवाल बो आर्चर | 04 |
| डेविड मिलर का शनाका बो शर्मा | 09 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 18 |

**अतिरिक्त :** 16 रन, **विकेट पतन :** 1-105, 2-122, 3-133, 4-153, 5-175, **गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-35-2, मिल्ने 3.2-0-41-0, शर्मा 4-0-44-2, शनाका 3-0-29-1, पुंजा 4-0-29-0, फरेरा 1-0-16-0

- **स्टार्क ने चार गेंदों पर तीन विकेट लेकर जीत में बड़ी भूमिका निभाई**


**18** रन आशुतोष शर्मा ने बनाए महज पांच गेंद पर

### शानदार

#### करियर गोल्डन मास्टर्स पूरा

# सिनर ने जीता इतालवी ओपन


**रोम, एजेंसी**



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर रविवार को 1976 में एड्रियानो पनाटा के बाद पहले इतालवी ओपन चैंपियन बने, जब उन्होंने कैस्पर रूड को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार छठा एटीपी मास्टर्स 1000 टाइटल जीता। अपनी एक घंटे, 44 मिनट की जीत के साथ, वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविच के साथ सीरीज के इतिहास में करियर गोल्डन मास्टर्स पूरा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए, जिन्होंने अब सभी नौ एटीपी मास्टर्स 1000 टाइटल जीत लिए हैं। जोकोविच ने 2018 में सिनसिनाटी जीतने के बाद यह कामयाबी हासिल की थी।

सिनर ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए अपना 10वां मास्टर्स 1000 क्राउन और रोम में पहला क्राउन हासिल किया। इटैलियन खिलाड़ी ने धीरे-धीरे बेसलाइन से लगातार गहराई और सटीकता के साथ खुद को दिखाया और फाइनल पर कंट्रोल किया और जीत हासिल की।

### स्वितोलिना ने नाम महिला एकल



**रोम :** एलिना स्वितोलिना ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में कोको गॉफ को हराकर तीसरी बार इतालवी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वितोलिना ने लगभग तीन घंटे तक चले मैच में गॉफ को 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराया।

# चोटिल चक्रवर्ती को खिलाने पर उठे सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश बनाम क्लब की बहस एक बार फिर शुरू हो गई है जब वरुण चक्रवर्ती ने शनिवार को आईपीएल मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए अपने कोटे के पूरे ओवर डाले जबकि भारत के शीर्ष टी20 स्पिनर को हेयरलाइन फ्रेक्चर था जिसके लिए आराम की जरूरत थी।

चक्रवर्ती को दर्द में लंगड़ाते हुए और गेंदबाजी करते देखना भारतीय टीम से जुड़े लोगों को अच्छा नहीं लगा, विशेषकर तब जब देश को अगले महीने डबलिन और इंग्लैंड में सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, मुझे पक्का पता है कि केकेआर के फिजियो टीम इंडिया के फिजियो (कमलेश जैन) के संपर्क में हैं। केकेआर की तरफ से बीसीसीआई को बताया गया है कि पिछले मैच में वरुण को बाउंड्री बचाते समय बाएं पैर में चोट लग गई थी। पता चला है कि उन्हें हेयरलाइन फ्रेक्चर है। मेरा मानना है कि बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ी के तौर पर उनकी फिटनेस सबसे जरूरी है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम दखल दे सकती है। जैन से पूछा जा सकता है कि केकेआर की मेडिकल टीम से क्या जानकारी मिली थी।

- **बीसीसीआई से केंद्रीय अनुबंध होने के बावजूद केकेआर ने उतारा मैदान पर**